शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शुक्रवार 19 सितंबर 2025 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 162 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0	23.0
डालटनगंज	33.0	24.0
धनबाद	32.2	25.6

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

ब्रीफ न्यूज

नीरज का फीका प्रदर्शन, सचिन पदक से चूके

टोक्यो। टोक्यों वर्ल्ड एथलेटिक्स के जैवलिन थ्रो फाइनल में नीरज चोपड़ा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा. नीरज आठवें स्थान पर रहे. नीरज का बेस्ट थ्रो 84.03 मीटर का रहा. इसमें भारत के सचिन यादव भी भाग लिया. सचिन ने अच्छा प्रदर्शन किया और चौथे नंबर पर रहे. सचिन का बेस्ट थ्रो 86.27 मीटर रहा, जो उनका पर्सनल बेस्ट भी है. वाल्कॉट (88.16) ने गोल्ड मेडल जीता.

इस्तीफा दो, तभी मिलेगा हेलीकॉप्टर

काठमांडू। नेपाल में हुए जेन जेड आंदोलन के बाद तत्कालीन पीएम केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा था. जब सड़कों पर ओली के खिलाफ गुस्सा भड़का, तो ओली ने सेना प्रमुख को फोन करके राजधानी से हेलीकॉप्टर उड़ाने का अनुरोध किया. लेकिन सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल का जवाब बेहद सख़्त था. सेना प्रमुख ने कहा, आपके इस्तीफ़े के बाद ही हेलीकॉप्टर मिलेगा. 8 सितंबर से शुरू हुए जेनरेशन जेड प्रदर्शनकारियों के आंदोलन ने केपी शर्मा ओली को हाशिए पर धकेल दिया.

मोदी ने की नेपाली पीएम से फोन पर बात

नयी दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की पीएम सुशीला कार्की से बात की. इस दौरान मोदी ने शांति और स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की. मोदी ने एक्स पर लिखा, नेपाल सरकार की पीएम सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बात हुई. हाल ही में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की.

सऊदी-पाकिस्तान के करार पर भारत की नजर

नयी दिल्ली। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक अहम रक्षा समझौता हुआ है, जिसे स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट नाम दिया गया है. यह समझौता रियाद में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और पाकिस्तानी पीएम शहबाज़ शरीफ के बीच हस्ताक्षरित हुआ. इस दौरान पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर भी मौजूद रहे. इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमने सऊदी और पाक के समझौते की खबरें देखी हैं. भारत की घटनाक्रम पर पूरी नजर है.

झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 सितंबर को

रांची। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक बुधवार 24 सितंबर को अपराह्न 03:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंड़ों और फैसलों पर मुहर लगने की संभावना है.

क्या 90% नौकरियां खा जाएगी एआई? मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट से उठे सवाल

शुभम संदेश डेस्क

दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक जिस तेजी से अपनी पकड़ बना रही है, उसने श्रम बाजार, कंपनियों और वैश्विक व्यापार पर गहरा असर डालना शुरू कर दिया है. मॉर्गन स्टेनली ने अपनी हालिया रिसर्च रिपोर्ट में एआई को वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे परिवर्तनकारी शक्तियों में से एक करार दिया है. रिपोर्ट के अनुसार, एआई 90 प्रतिशत व्यवसायों को प्रभावित कर सकता है. लेकिन सवाल यह भी है कि क्या यह तकनीक केवल नौकरियां खत्म करेगी या फिर नए अवसर भी पैदा करेगी.

एआई से पूंजीकरण बाजार में 16 ट्रिलियन डॉलर तक की वृद्धि संभव

मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक, एआई के इस्तेमाल से लंबी अवधि में अकेले एसएंडपी 500 (एस एंड पी 500) कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13 ट्रिलियन डॉलर से 16 ट्रिलियन डॉलर तक की वृद्धि हो सकती है. इसके अलावा, एआई को पूरी तरह अपनाने से 920 अरब डॉलर का वार्षिक शुद्ध लाभ हासिल होने की संभावना है. इसमें से 490 अरब डॉलर का लाभ एजेंटिक एआई से आएगा, जो न्यूनतम मानवीय निगरानी के साथ योजना बनाने, निर्णय लेने और कार्य निष्पादन करने में सक्षम सॉफ्टवेयर है. वहीं 430 अरब डॉलर का लाभ उन तकनीकों से होगा, जो मानव जैसे रोबोट की तरह काम करती हैं.

उत्पादकता बढ़ेगी या नौकरियां जाएंगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे-जैसे कंपनियां एआई में अरबों डॉलर का निवेश कर रही हैं, निवेशकों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह तकनीकी क्रांति उत्पादकता और मुनाफे को नई ऊंचाई तक ले जाएगी, या केवल नौकरियों को निगल जाएगी. हालांकि रिपोर्ट ने एक आशावादी दृष्टिकोण पेश किया है. इसमें कहा गया है कि एआई न सिर्फ नौकरियों को खत्म करेगा बल्कि नए तरह की भूमिकाएं और अवसर भी पैदा करेगा.

तकनीकी क्रांति नए पेशे भी लाती है

मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि विद्युतीकरण से लेकर इंटरनेट तक, हर तकनीकी क्रांति ने रोजगार को नया रूप दिया है. एआई भी इसी राह पर है. यह सच है कि कुछ नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन पूरी तरह से नए पेशों का सृजन होगा और अलग तरह की कौशल की मांग बढ़ेगी. रिपोर्ट का कहना है कि कंपनियां पहले ही चीफ एआई ऑफिसर जैसे नए पदों का सृजन कर रही हैं. इसके अलावा डेटा गवर्नेंस, अनुपालन (कंप्लायंस) और सूचना सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई की वजह से नए अवसर सामने आ रहे हैं.

एआई से प्रभावित होने वाले प्रमुख क्षेत्र : मॉर्गन स्टेनली ने तीन प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है, जहां एआई से मूल्य निर्धारण और परिचालन में सबसे अधिक बदलाव आने की संभावना है: **उपभोक्ता वस्तुओं का वितरण और खुदरा क्षेत्र**–यहां सप्लाई चेन अनुकूलन और व्यक्तिगत मूल्य निर्धारण एआई के जरिए और सटीक होंगे. **रियल एस्टेट प्रबंधन और विकास**– मानवीय सहायता से लेकर संपत्ति प्रबंधन तक, एआई नए समाधान प्रस्तुत करेगा. **परिवहन और लॉजिस्टिक्स**–स्वायत्त (ऑटोनॉमस) डिलीवरी सिस्टम से परिचालन का ढांचा पूरी तरह बदल सकता है.

एआई क्षमताएं हर सात महीने में दोगुनी : रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि एआई की क्षमताएं हर सात महीने में दोगुनी हो रही हैं. ऐसे में कंपनियों और निवेशकों के लिए जरूरी है कि वे अपनी रणनीति में तेजी से बदलाव करें और एआई अपनाने की क्षमता पर बारीकी से नज़र रखें. मॉर्गन स्टेनली का कहना है कि अभी भी एआई की सुधार गति और मूल्य सृजन की संभावनाओं को कम आंका जा रहा है. आने वाले समय में इसका प्रभाव और भी बड़ा हो सकता है.

नौकरियां जाएंगी या नए अवसर मिलेंगे : सबसे अहम सवाल यही है कि क्या एआई 90 प्रतिशत नौकरियां खत्म कर देगा? रिपोर्ट का जवाब है—नहीं। एआई नौकरियां पूरी तरह नहीं मिटाएगा, बल्कि उन्हें बदलेगा. कुछ भूमिकाएं स्वचालित होंगी, तो कई नई भूमिकाएं जन्म लेंगी. जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ था, वैसे ही एआई भी श्रम बाजार को एक नई दिशा देगा. इसलिए सरकारों, कंपनियों और श्रमिकों को समय रहते कौशल उन्नयन और प्रशिक्षण पर ध्यान देना होगा.

चुनाव आयोग पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने फोड़ा नया बम

दो प्रदेश, दो सीटें, 12 हजार वोटों का हुआ 'फर्जीवाड़ा'

एजेंसियां। नयी दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है. उन्होंने दावा किया था कि वे वोट चोरी का हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे लेकिन गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए राहुल ने कहा कि हाइड्रोजन बम आ रहा है. राहुल गांधी ने कर्नाटक और महाराष्ट्र के दो निर्वाचन क्षेत्रों में वोट चोरी होने का दावा किया. उन्होंने कहा, कर्नाटक के अलंद निर्वाचन क्षेत्र में 6018 वोटर्स के नाम डिलीट करने की कोशिश की गई. वोटर्स के नाम डिलीट करने के लिए कर्नाटक के बाहर के मोबाइल नंबर्स का प्रयोग किया गया. उन्होंने कहा कि वोट डिलीट किया जाता है, तो विपक्ष को टारगेट किया जाता है. जिन इलाकों में कांग्रेस मजबूत है, वहां के वोटर्स को टारगेट किया गया है.

राहुल गांधी ने कहा, कर्नाटक के अलंद निर्वाचन क्षेत्र में वोट चोरी पकड़ी गई. पता लगाया गया कि वोटर को किसने डिलीट किया, तो पता चला कि पड़ोसी ने वोटर को डिलीट किया. कोई न कोई किसी ने अलंद में वोटर डिलीशन सिस्टमेटिकली ऑर्गनाइज तरीके से किया. पता लगा कि फाइलिंग ऑनलाइन हो रही है. उन्होंने कहा कि वोटर्स के नाम डिलीट करने के लिए मोबाइल नंबर दूसरे राज्य के प्रयोग में लाए जा रहे हैं, वो कर्नाटक के नहीं थे. नंबर पर फोन करने पर रिप्लाई नहीं आता है.

एक सिस्टम, दो राज्य... राहुल गांधी ने कहा, जो तरीका कर्नाटक के अलंद में प्रयोग में लगाया गया, महाराष्ट्र में उसी सिस्टम के तहत वोटर जोड़े गए हैं. अलंद में डिलीट किए गए और राजुरा में जोड़े गए. राहुल गांधी ने दावा किया कि राजुरा में 6850 वोटर्स जोड़े गए. उन्होंने कहा, गोदा बाई के नाम पर 12 वोटर्स डिलीट किए गए और इनको मालूम ही नहीं कि इनके नाम पर वोटर्स डिलीट किए गए. सवाल ये है कि ये नंबर किसके हैं और किसने ऑपरेट किए, आईपी एड्रेस क्या था और ओटीपी किसने शेयर किया. सूर्यकांत नाम के शख्स के नाम से 12 वोटर्स को 14 मिनट में डिलीट कर दिया गया. बबिता चौधरी के नाम एक वोटर डिलीट किया गया. जब हमने उनसे पूछा कि आपने ये कैसे किया, तो उन्होंने बताया कि हमने तो ये किया ही नहीं. हमको मालूम ही नहीं है.

सॉफ्टवेयर से हो रहा सारा काम...

राहुल गांधी ने कहा, वोटर लिस्ट में जो पहले नंबर पर है, वही वोटर्स डिलीट कर रहा है. ये सारा काम सॉफ्टवेयर से किया जा रहा है. पहले नाम का प्रयोग करके ये हो रहा है. टारगेटेड डिलीशन किए जा रहे हैं. जहां पर कांग्रेस सबसे ज्यादा मजबूत थी, उस बूथ को टारगेट किया गया. 2018 में जिन 10 बूथों में से कांग्रेस 8 पर जीती थी, इन आठ बूथों पर 6000 लोगों को डिलीट करने की कोशिश की गई. ये प्लान के तहत हो रहा है. उन्होंने आगे कहा कि हमारे दिगाम में पहले था कि क्या चुनाव आयोग भी सोया हुआ है लेकिन नहीं, सोए नहीं हैं, जगे हुए हैं. ये सब सिस्टम के तहत हो रहा है. चीफ इलेक्शन कमीश्नर ज्ञानेश कुमार के बारे में मैंने बोला कि ये शख्स वोट चोरों की रक्षा कर रहा है. मैं यहां पर जो बोल रहा हूं, सौ फीसदी सुबूत के साथ बोल रहा हूं.

राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस की बड़ी बातें

- मुख्य चुनाव आयुक्त उन लोगों को 'बचा रहे' हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को नष्ट किया है.
- कुछ लोग लाखों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए उन्हें सुनियोजित तरीके से निशाना बना रहे हैं.
- अल्पसंख्यकों, आदिवासियों व दलित निशाने पर हैं.
- कर्नाटक के अलंद में कांग्रेस के वोटरों को निशाना बनाने के लिए फर्जी लोगों द्वारा 6018 वोट हटाने के आवेदन दिए गए.
- वोटों को हटाने का काम किसी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि सॉफ्ट वेयर का इस्तेमाल करके केंद्रीकृत तरीके से किया गया.
- कांग्रेस के गढ़ में योजनाबद्ध तरीके से वोटों को हटाया गया.
- कर्नाटक सीआईडी ने चुनाव आयोग से वोटों को हटाने के विवरण मांगते हुए जांच शुरू कर दी, लेकिन चुनाव आयोग विवरण नहीं दे रहा है.
- चुनाव आयोग वोटरों के नाम हटाने का विवरण न देकर लोकतंत्र के 'हत्यारों' का बचाव कर रहा है.
- कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए गए. मुख्य चुनाव आयुक्त को भारतीय लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोगों की रक्षा करना बंद करना चाहिए.
- यह वोटों को हटाकर 'वोट चोरी' का एक और उदाहरण है. मुख्य चुनाव आयुक्त को एक हफ्ते के भीतर 'वोट हटाने' का विवरण देना चाहिए.
- हमारा काम आपके सामने सच्चाई पेश करना है. अन्य संस्थाएं भी हैं, जिन्हें हस्तक्षेप करना चाहिए.
- मेरा काम लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाग लेना है. संवैधानिक संस्थाएं अपना काम ठीक से नहीं कर रही हैं.
- एक देशभक्त भारतीय नागरिक होने के नाते, जो संविधान से प्रेम करता है, लोकतंत्र की रक्षा के लिए सच्चाई सामने लाना मेरा कर्तव्य है.
- लोकतंत्र को केवल भारत के लोग ही बचा सकते हैं. जिस दिन उन्हें यह एहसास होगा कि लोकतंत्र और संविधान की चोरी हो रही है, काम हो जाएगा.

राहुल के आरोपों पर बीजेपी का पलटवार

राहुल गांधी के आरोपों पर बीजेपी ने पलटवार किया है. बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी देश की जनता का अपमान कर रहे हैं. वह देश का अपमान कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को देश की संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है. इससे पहले भी बीजेपी ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों को राहुल गांधी की आलोचना की थी.

चुनाव आयोग का जवाब राहुल के आरोप निराधार

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी द्वारा सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोपों को निराधार और गलत करार दिया है. आरोपों का जवाब देते हुए आयोग ने बयान जारी किया है. आयोग ने राहुल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सीईसी के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप निराधार और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं. आयोग ने कहा, राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और बेबुनियाद हैं. किसी भी वोट को ऑनलाइन डिलीट नहीं हो सकता. जनता ऐसा नहीं कर सकती, जैसा कि राहुल ने समझा है. वोट डिलीट करने से पहले प्रभावित को पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाता है. साल 2023 में अलंद में वोट डिलीट करने की नाकाम कोशिशें हुई थीं. इस मामले में आयोग ने खुद एफआईआर दर्ज कराई थी. 2018 में अलंद सीट भाजपा के सुभाष गुट्टेदार ने जीती थी और 2023 में कांग्रेस के बीआर पाटिल ने जीत हासिल की थी.

रांची में बोले सीडीएस चौहान-सेना में काबिलियत से ही मिलती है पहचान

फौज में भाई-भतीजावाद नहीं

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में एक कार्यक्रम के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि सेना ही वह जगह है जहां भाई-भतीजावाद या पक्षपात नहीं होता. उन्होंने बताया कि फौज में हर किसी की पहचान उसकी काबिलियत और मेहनत से होती है, न कि रिश्तों या सिफारिशों से. जनरल अनिल चौहान ने युवाओं से देशसेवा के लिए सेना में शामिल होने का आह्वान किया. उन्होंने यह भी कहा कि सेना में अनुशासन और ईमानदारी ही सबसे बड़ी ताकत है, जो इसे बाकी संस्थानों से अलग बनाती है.

7 मई को सुबह 1 बजे किया गया ऑपरेशन सिंदूर का पहला हमला : इस दौरान जनरल अनिल चौहान ने कहा कि अगर बच्चे भारत और दुनिया को जानना चाहते हैं, तो उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने की इच्छा रखनी चाहिए. वहीं ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए उन्होंने कहा,

ऑपरेशन सिंदूर का पहला हमला 7 मई को सुबह 1 बजे किया गया ताकि नागरिकों को होने वाले नुकसान से बचा जा सके.

डिफेंस एक्सपो - ईस्ट टेक 2025 में होंगे शामिल : बता दें कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान शुक्रवार से रांची में शुरू हो रहे तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो - ईस्ट टेक 2025 में भाग लेने के लिए रांची पहुंचे हैं.

राज्यपाल से मिले सीडीएस चौहान : सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने अपने रांची दौरे के दौरान झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की. वहीं इस मुलाकात को लेकर राज्यपाल संतोष गंगवार ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- आज राजभवन, रांची में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान से भेंट का अवसर प्राप्त हुआ. उनका अनुभव, नेतृत्व और राष्ट्र सुरक्षा के प्रति दृष्टिकोण सदैव प्रेरणादायी है.

डिफेंस एग्जीबिशन एंड सेमिनार का आयोजन : जनरल चौहान का यह दौरा रांची के खेलगांव में आयोजित तीन दिवसीय डिफेंस एग्जीबिशन एंड सेमिनार के मद्देनज़र है, जिसमें वे रक्षा क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों, सैन्य रणनीतियों और युवाओं की भागीदारी जैसे विषयों पर संवाद करेंगे. यह पहली बार है जब झारखंड की धरती पर इतनी बड़ी रक्षा प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है. इस आयोजन के जरिए झारखंड की रांची राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रक्षा विमर्श में एक प्रमुख स्थान हासिल कर रही है. राज्य सरकार और रक्षा मंत्रालय की साझा पहल से यह आयोजन न केवल राज्य के युवाओं को अवसर देगा, बल्कि झारखंड को नीति-निर्माण में अधिक भागीदारी दिलाने की दिशा में भी कदम है.

सिख शादियों के लिए भी बनाएं नियम : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 17 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि चार महीने में आनंद कारज एक्ट, 1909 के तहत सिख विवाह के रजिस्ट्रेशन के लिए नियम बनाएं. कोर्ट ने यह आदेश एक याचिका पर पारित किया, जिसमें विभिन्न राज्यों को आनंद विवाह अधिनियम, 1909 (2012 में संशोधित) की धारा 6 के तहत नियम बनाने और अधिसूचित करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया था, ताकि सिख रीति से होने वाले विवाहों के पंजीकरण की सुविधा मिल सके, जिसे आनंद कारज के रूप में जाना जाता है. जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि संवैधानिक वादे की सत्यनिष्ठा न सिर्फ उसके घोषित अधिकारों से मापी जाती है, बल्कि उन संस्थाओं से भी मापी जाती है जो उन अधिकारों को उपयोगी बनाती हैं. एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य में राज्य को लोगों की आस्था को बाधा में नहीं बदलना चाहिए. बेंच ने कहा कि 1909 का अधिनियम सिख रीति-रिवाज आनंद कारज की ओर से संपन्न विवाहों की वैधता को मान्यता देने के लिए बनाया गया था.

पटना में अमित शाह और नीतीश ने की मुलाकात

दोनों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर सहमति के संकेत

शुभम संदेश। पटना

बिहार की सियासत में गुरुवार को हलचल उस वक्त तेज हो गई जब सीएम नीतीश कुमार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मुलाकात होटल मौर्या में हुई. हालांकि इसे औपचारिक बैठक बताया जा रहा है, लेकिन माना जा रहा कि दोनों के बीच एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर लंबी चर्चा हुई. फिलहाल बिहार में एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर असमंजस की स्थिति है. घटक दलों की ओर से बढ़ती मांगों के चलते पेच फंसा है. हालांकि, इस बैठक के बाद संकेत मिल रहे कि सीट बंटवारे पर सहमति लगभग बन गई है और सितंबर के अंत तक औपचारिक घोषणा की जा सकती है.

सीट शेयरिंग में सबसे बड़ी चुनौती : एनडीए में सीटों के बंटवारे में सबसे बड़ा रोड़ा चिराग, जीतन राम और उपेंद्र कुशवाहा की सीटों को लेकर है. चिराग की पार्टी पहले ही चेतावनी दे चुकी है कि अगर मनमाफिक सीटें नहीं मिलीं तो वे अकेले चुनाव लड़ेंगे. वहीं मांझी ने भी कहा है कि अगर उन्हें 15 सीटें नहीं मिलीं तो उनकी पार्टी बिहार की सभी सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी.

2020 में सीटों का बंटवारा कैसा था: 2020 के चुनाव में जेडीयू और भाजपा के बीच 243 सीटों का बंटवारा बराबर हुआ था. जेडीयू ने 115 सीटों पर खुद लड़ा था और अपने कोटे से हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को 7 सीटें दी थीं. वहीं भाजपा ने 121 में से 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 11 सीटें वीआईपी (मुकेश सहनी) को दी थीं. उस चुनाव में चिराग पासवान की लोजपा ने एनडीए से अलग होकर 135 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जिससे जेडीयू को भारी नुकसान उठाना पड़ा.

सेहत की बात : बीमारी पकड़ने वाली जांच ही बन रही कैंसर की कारण

महिलाओं और बच्चों पर खतरा चार गुना अधिक

शुभम संदेश डेस्क

एक हालिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने युवाओं में बढ़ते थायरॉइड कैंसर के खतरे को लेकर अलर्ट किया है. वैसे तो ये कैंसर काफी दुर्लभ है और आमतौर पर उम्रदराज लोगों में देखा जाता रहा है पर रेडिएशन एक्सपोजर के चलते अब धीरे-धीरे युवा आबादी भी इसकी चपेट में आती जा रही है. आंकड़े बताते हैं कि थायरॉइड कैंसर के मामलों में युवाओं की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है, खासकर 20 से 40 साल की उम्र के बीच इसका जोखिम बढ़ा है. विशेषज्ञों की टीम ने इसके लिए कुछ जांच प्रक्रियाओं को भी जिम्मेदार पाया है.

थायरॉइड कैंसर क्या है

थायरॉइड कैंसर, आपके गले के निचले हिस्से में स्थित थायरॉइड ग्रंथि में होने वाली बीमारी है, इस रोग के कारण ग्रंथि में घातक कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं. इस कैंसर के लक्षण आमतौर पर गले में होने वाली सामान्य समस्याओं से संबंधित होते हैं जिन्हें अक्सर सामान्य मानकर अनदेखा कर दिया जाता है, हालांकि ये गंभीर रूप ले सकते हैं. इसके सामान्य लक्षणों में गर्दन में गांठ या सूजन, आवाज बैठना और निगलने में कठिनाई होना शामिल है. थायरॉइड कैंसर के बढ़ते जोखिमों को लेकर रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने कहा है कि बार-बार एक्स-रे और सीटी स्कैन जैसे जांच के कारण भी इस कैंसर का खतरा बढ़ सकता है.

कैंसर से बचाव के उपाय करते रहना जरूरी : डॉक्टर कहते हैं, अब तक हम केवल दो चीजों के बारे में जानते हैं जो थायरॉइड कैंसर के खतरे को बढ़ाती हैं, वे हैं पारिवारिक इतिहास और रेडिएशन का जोखिम. कुछ शोध में यह भी अनुमान लगाया गया है कि हाल के दशकों में पर्यावरण में रेडिशन के जोखिमों में वृद्धि ने भी इस बीमारी के मामलों को बढ़ा दिया है, पर इसके डेटा कम हैं.

थायरॉइड कैंसर के लक्षण सामान्य : ब्रिटेन की एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में 31 वर्षीय व्यक्ति में थायरॉइड कैंसर की समस्या का जिक्र मिलता है. उसे गर्दन में गांठ की दिक्कत थी, जांच में इसे कैंसर कारक पाया गया. डॉक्टरों ने कहा, यह ट्यूमर शायद लगभग एक दशक से था लेकिन कोई दर्द या अन्य लक्षण न होने के कारण समय पर इसका पता नहीं चल पाया. ब्रिटेन में, पिछले दस वर्षों में थायरॉइड कैंसर के निदान में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि ये साल 2035 तक लगभग तीन-चौथाई तक बढ़ सकती है. अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के अनुसार, यह युवाओं में बढ़ते पांच प्रमुख कैंसरों में से एक है जिसमें गले, प्रोस्टेट, किडनी और कोलन कैंसर शामिल हैं. महिलाओं में थायरॉइड कैंसर के मामले पुरुषों की तुलना में लगभग चार गुना अधिक हैं.

क्या कहते हैं विशेषज्ञ : लंदन के हैमरस्मिथ अस्पताल के एंडोक्राइन सर्जन फॉस्टो कहते हैं कि पिछले 25 वर्षों में थायरॉइड कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है. 1.1 करोड़ से ज्यादा लोगों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि जिन बच्चों का सीटी स्कैन हुआ, उनमें बाद में थायरॉइड कैंसर होने का खतरा 40% ज्यादा था. इससे पहले 2010 में, शिकागो मेडिकल सेंटर के डॉक्टरों ने चेतावनी दी थी कि रेडिएशन का अधिक संपर्क थायरॉइड कैंसर के खतरे को बढ़ा रही है जिसको लेकर अलर्ट रहना चाहिए.

टैरिफ के बाद ड्रग्स तस्करी को लेकर एक्शन में ट्रंप

भारत के अधिकारियों का वीजा रद्द, बोले-नतीजे भुगतने होंगे

एजेंसियां। नयी दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ड्रग तस्करी को लेकर कई देशों को दी गई चेतावनी के बाद अब एक्शन लिया गया है. दिल्ली में अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को घोषणा की है कि ट्रंप प्रशासन ने कुछ भारतीय अधिकारियों और कॉर्पोरेट का वीजा रद्द कर दिया है. दूतावास की ओर से बताया गया कि उन पर फेंटेनाइल प्रीकर्सर (नशीले पदार्थ) की तस्करी में कथित रूप से शामिल होने का आरोप है.

ड्रग्स तस्करी वाले देशों की लिस्ट में भारत को किया शामिल : अमेरिका ने एक दिन पहले ही भारत को उन 23

देशों की लिस्ट में शामिल किया, जहां ड्रग्स के अवैध उत्पादन और तस्करी की जाती है. ट्रंप ने कहा कि अवैध नशीली दवाओं और इनके केमिकल्स के उत्पादन और तस्करी के जरिए ये देश अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के समक्ष खतरा पैदा कर रहे हैं. अमेरिका ने कहा कि वह इस संबंध में सभी देशों पर निगरानी रख रहा है.

गंभीर परिणाम भुगतने होंगे : नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाली कंपनियों के अधिकारियों को भी दूतावास की ओर से अमेरिका के लिए वीजा आवेदन करते समय चिन्हित किया जाएगा. दूतावास ने इस तस्करी से निपटने में सहयोग के लिए भारत को धन्यवाद भी दिया. अमेरिका ने कहा, मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और तस्करी में शामिल व्यक्तियों, संगठनों और उनके परिजनों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, जिन देशों से ये दवाएं निकलती हैं और जिन तक ये पहुंचती हैं, उन्हें अपने दायित्वों को पूरा करना होगा और इन दवाओं की आपूर्ति बंद करनी होगी. अगर ऐसा नहीं किया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे.

अगली सुनवाई 15 को फिलहाल नहीं हटा रिजल्ट प्रकाशन पर स्टे

रांची । जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में अब 15 अक्टूबर को सुनवाई होगी. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में बुधवार को इस मामले की सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान सफल अभ्यर्थियों, सरकार और जेएसएससी की ओर से अदालत को रिजल्ट के प्रकाशन पर लगाए गए स्टे को खत्म करने का आग्रह किया गया, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार नहीं किया है. यानी फिलहाल रिजल्ट प्रकाशन रोक बरकरार है. हाईकोर्ट ने सीआईडी को इस मामले में अब तक हुई जांच की अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट मांगी है.

राज्यभर में 4000 असामाजिक तत्वों की सूची तैयार, धारा 107 के तहत नोटिस जारी

झारखंड पुलिस अलर्ट, उपद्रवियों पर होगी सख्त कार्रवाई

शुभम संदेश। रांची

दुर्गा पूजा और आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है. राज्य के सभी जिलों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से विशेष निर्देश जारी किए गए हैं. पुलिस ने उन असामाजिक तत्वों की पहचान कर ली है, जो पूर्व में धार्मिक आयोजनों या त्योहारों के दौरान उपद्रव फैलाने में संलिप्त रहे हैं. ऐसे करीब 4000 लोगों की

सुरक्षा के लिए हर जिले में जोनल प्लान लागू

सूची तैयार की गई है और उन्हें दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत नोटिस भेजे जा चुके हैं.

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य किसी को अनावश्यक रूप से परेशान करना नहीं है, बल्कि राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द और सार्वजनिक शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि जो लोग बार-बार माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों की सूची अपडेट करें और जरूरत पड़ने पर समय रहते उन्हें हिरासत में लें. डीजीपी अनुरपागगुप्ताने यह भी जानकारी दी कि पिछले वर्षों में जिन लोगों पर छेड़छाड़, झगड़े या अन्य गड़बड़ी के मामले दर्ज हैं, उनकी अलग सूची बनाकर उन्हें भी चेतावनी दी जा रही है. इससे पहले ही उन्हें सतर्क कर दिया जाएगा कि वे दोबारा ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों.

त्योहारों के दौरान किसी भी संभावित अव्यवस्था को रोकने के लिए राज्यभर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है. पूजा पंडालों के आसपास गश्ती बढ़ाई गई है और पीसीआर व मोटरसाइकिल दस्तों को सक्रिय किया गया है. राज्य को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बांटकर अलग-अलग जोन बनाए गए हैं. हर जोन की जिम्मेदारी संबंधित डीएसपी को सौंपी गई है, जबकि सेक्टर स्तर पर निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की तैनाती की जा रही है. सभी जिलों के एसएसपी/एसपी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे.

राजधानी रांची समेत सभी थाना क्षेत्रों में त्योहारों के दौरान पूर्व में हुए विवादों की समीक्षा कर संबंधित व्यक्तियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं. पुलिस का संदेश स्पष्ट है- शांति भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा.

झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

तलाकशुदा पत्नी को पति देगा 25 लाख गुजारा-भत्ता

शुभम संदेश। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने तलाकशुदा पत्नी को गुजारा-भत्ता देने के मामले में अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने गोड्डा फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि पति को अपनी पत्नी को 25 लाख रुपये गुजारा-भत्ता के रूप में देने होंगे. साथ ही शादी के दौरान मिले उपहार और स्त्रीधन भी पत्नी को लौटाने होंगे.

मामला क्या है : गोड्डा जिले के अमित कुमार सिंह ने अपनी पत्नी आहुति प्रिया से तलाक ले लिया था. तलाक की प्रक्रिया के दौरान फैमिली कोर्ट ने अमित को आदेश दिया कि वह अपनी पत्नी को 25 लाख रुपये की एकमुश्त राशि गुजारा-भत्ता के रूप में अदा करे. साथ ही शादी में मिले सभी उपहार और गहने (स्त्रीधन) भी वापस करे. इस आदेश को अमित कुमार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी.

पति की दलील : सुनवाई के दौरान पति की ओर से कहा गया कि फैमिली कोर्ट का फैसला उसके आय के अनुपात में बहुत ज्यादा है. उसने यह भी दलील दी कि उसकी पत्नी वर्ष 2013 से शिक्षिका के रूप में कार्यरत है और खुद की आय अर्जित कर रही है. ऐसे में इतनी बड़ी राशि गुजारा-भत्ता के रूप में देना उसके लिए असंभव है.

पत्नी की दलील : वहीं, पत्नी की ओर से यह तर्क दिया गया कि भले ही वह आज शिक्षिका के रूप में काम कर रही है, लेकिन विवाह के कारण उसे अपने करियर और अवसरों का त्याग करना पड़ा. उसकी मौजूदा आय पर्याप्त नहीं है और गुजारा-भत्ता उसकी जरूरतों और भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक है.

हाईकोर्ट का फैसला : दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने पति की अपील को खारिज कर दिया. कोर्ट ने साफ कहा कि फैमिली कोर्ट के आदेश में किसी तरह का हस्तक्षेप जरूरी नहीं है. अतः पति को पत्नी को 25 लाख रुपये की एकमुश्त राशि देने के साथ शादी में मिले उपहार और स्त्रीधन भी लौटाने होंगे.

कानूनी दृष्टि से अहम फैसला : यह फैसला एक बार फिर यह संदेश देता है कि तलाक की स्थिति में पति पर पत्नी की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होती है. भले ही पत्नी खुद कार्यरत क्यों न हो, लेकिन विवाह और घरेलू जिम्मेदारियों के कारण यदि उसके अवसर सीमित हुए हैं तो अदालत उसके अधिकारों की रक्षा करेगी. झारखंड हाईकोर्ट का यह निर्णय तलाकशुदा महिलाओं के अधिकारों और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में एक अहम मिसाल माना जा रहा है.

झारखंड में उद्योगों के लिए अब तक 9748.56 एकड़ जमीन आवंटित

जियाडा ने उद्योग के लिए 952 कंपनियों को दी जमीन

शुभम संदेश। रांची

उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य में अभी भी 1695.58 एकड़ खाली जमीन उपलब्ध

झारखंड में औद्योगिक विकास के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रियाजोरशोरसेचल रही है. हालांकि, कई आवेदन रिजेक्ट हुए हैं और कुछ अभी भी प्रक्रियाधीन हैं, लेकिन कुल मिलाकर जियाडा ने उद्योगों को जमीन उपलब्ध कराकर राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. राज्य में उद्योगों की संख्या तेजी से बढ़ रही हैऔर खाली जमीन की उपलब्धता से आने वाले समय में और निवेश की संभावना बनी हुई है. इस दिशा में झारखंड सरकार और जियाडा के प्रयास निरंतर जारी हैं, ताकि राज्य को देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनाया जा सके.यदि आप झारखंड के औद्योगिक विकास या निवेश के अवसरों के बारे में और जानना चाहते हैं, तो संबंधित सरकारी विभाग से संपर्क कर सकते हैं. झारखंड में उद्योगों के विकास को तेजी से बढ़ावा देने के लिए जियाडा (झारखंड उद्योग सहायता और निवेश कॉर्पोरेशन) ने अब तक कुल 9748.56 एकड़ जमीन उद्योगों को आवंटित की है. राज्य में उद्योगों के लिए भूमि की मांग काफी अधिक रही है, जिसके चलते अब तक 3518 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1284 आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है, जबकि 1282 आवेदन अभी भी प्रक्रियाधीन हैं. अब तक 952 कंपनियों को जमीन आवंटित की जा चुकी है. वर्तमान में झारखंड में उद्योगों की स्थापना के लिए 1695.58 एकड़ खाली जमीनउपलब्ध है.

रांची रिजन में सबसे अधिक आवेदन रिजेक्ट, बोकारो-आदित्यपुर रिजन मेंहोरहा जमीन आवंटन

झारखंड के विभिन्न औद्योगिक रिजन में जमीन आवंटन की स्थिति अलग-अलग है. रांची रिजन में सबसे ज्यादा 1372 आवेदन आए, जिनमें से 259 को जमीन का पोजेशन मिला, जबकि 504 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए और 609 आवेदन अभी प्रक्रियाधीन हैं. संतालपरगना रिजन में 546 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 219 को जमीन मिली, 249 रिजेक्ट हुए और 49 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं. बोकारो रिजन में 705 आवेदनों में से 222 को जमीन दी गई, 157 रिजेक्ट हुए और 326 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं. आदित्यपुर रिजन में 895 आवेदन आए, जिनमें से 253 को जमीन आवंटित हुई, 374 रिजेक्ट हुए और 268 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं.

राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में जमीन आवंटन और खाली जमीन की स्थिति

झारखंड में कुल 157 औद्योगिक क्षेत्र हैं, जिनमें अब तक कुल 9748.56 एकड़ जमीन ट्रांसफर की गई है. इनमें से 1695.58 एकड़ जमीन अभी भी खाली है और औद्योगिक विकास के लिए उपलब्ध है. झारखंड में कुल औद्योगिक इकाइयों की संख्या 3519 है, जो राज्य के आर्थिक विकास का बड़ा आधार हैं.

संतालपरगना रिजन में 27 औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां कुल 1460.8 एकड़ जमीन ट्रांसफर हुई है और 400.15 एकड़ जमीन खाली है. यहां कुल 353 औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं. बोकारो रिजन में 14 औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां 1634.04 एकड़ जमीन ट्रांसफर की गई है, लेकिन खाली जमीन मात्र 6 एकड़ बची है. बोकारो में कुल 660 औद्योगिक इकाइयां हैं.

रांची रिजन में 42 औद्योगिक क्षेत्र मौजूद हैं, जहां 1889.80 एकड़ जमीन दी गई है और 110.75 एकड़ जमीन खाली है. यहां औद्योगिक इकाइयों की संख्या 973 है. आदित्यपुर रिजन राज्य का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, जहां 74 औद्योगिक क्षेत्र हैं और 4763.86 एकड़ जमीन ट्रांसफर हुई है. यहां 1179.08 एकड़ जमीन अभी भी खाली है और 1533 औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं.

एक नजर

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की लहर से भाजपा बौखला गई : आलोक कुमार दुबे



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुंमारदुबे ने कहा है कि राहुल गांधी के बढ़ते जनसमर्थन और नेतृत्व की स्वीकार्यता ने भारतीय जनता पार्टी की नींद उड़ा दी है. उन्होंने दावा किया कि देशभर में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत तय है और 2029में राहुल गांधी ही प्रधानमंत्री बनेंगे. दुबेने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्यों में सबसे ज्यादा अपराध, दुष्कर्म और बेरोजगारी है, जबकि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कानून का राज है और युवाओं को रोजगार मिल रहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा झारखंड को आतंकवाद से जोड़ने की कोशिश केंद्र की विफलता को छुपाने की साजिश है. दुबे ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी के पक्के सबूत देश के सामने रखे हैं, लेकिन चुनाव आयोग और केंद्र सरकार मौन है, जो लोकतंत्र पर सीधा हमला है. उन्होंने "नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी" को झारखंड जैसे गरीब राज्यों पर आर्थिक बोझ बताया और केंद्र से पांच साल तक क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग की. दुबे के अनुसार, देश का हर वर्ग, किसान, युवा, महिलाएं और व्यापारीआज भाजपा से त्रस्त होकर कांग्रेस की ओर देख रहा है. राहुल गांधी को लोग विरोध नहीं, अपनापन देते हैं. वह नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाले सच्चे जननेता बन चुके हैं.

सीएम हेमंत सोरेन से आईआईआईटी रांची के निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने शिष्टाचार भेंट की

रांची। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी), रांची के निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने गुरुवारकोमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की. इस अवसर पर उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, नवाचार आधारित कार्यक्रमों और विद्यार्थियों से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी. मुख्यमंत्री ने प्रो. श्रीवास्तव से संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध कार्यों, इंडस्ट्री से जुड़ाव और प्लेसमेंट की स्थिति पर भी चर्चा की. साथ ही उन्होंने राज्य में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आईआईआईटीरांची की भूमिका की सराहना की. मुलाकात के दौरान प्रोफेसर श्रीवास्तव ने संस्थान के भविष्य की योजनाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी दी.

झारखंड के पूर्व विधि मंत्री रामजी लाल शारदा के इकलौते पुत्र मुकेश शारदा का हार्ट अटैक से निधन

रांची। झारखंड सरकार के प्रथम विधि मंत्री एवं हटिया से तीन बार विधायक रहे रामजी लाल शारदा के इकलौते पुत्र मुकेश शारदा का गुरुवारको प्रातः 10बजे हृदय गति रुकने से उनके डोरंडा स्थित आवास परनिधनहो गया. सुबह 7:30 बजे वे पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में मॉर्निंग वॉक और जिम के लिए निकले थे. साथियों ने उन्हें पुराने हाईकोर्ट के पास छोड़ा, जहां से वे पैदल घर लौटे. घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में उन्हें अचानक गिरते हुए देखा गया. परिवार के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार 19 सितंबर को सुबह 10 बजे डोरंडा स्थित आवास से हरमू मुक्ति धाम ले जाकर किया जाएगा. रांची के सांसद संजय सेठ सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की.

आईआईसीएम श्रमिक संघ की आपात बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

आईआईसीएम में ठेका श्रमिकों का शोषण बर्दाश्त नहीं 15 दिनों में मांगें पूरी न हुईं तो होगा आंदोलन: अजय राय

शुभम संदेश। रांची

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ कोल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) कांके में कार्यरत ठेका श्रमिकों की दयनीय स्थिति और उनके साथ हो रहे अन्याय कोलेकर आईआईसीएम श्रमिक संघ ने गुरुवारकोआपात बैठक कर गहरा आक्रोश व्यक्त किया. बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अजय राय ने की.राय ने बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने ठेका श्रमिकों को बीमा, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, लेकिन आईआईसीएम प्रबंधन की उदासीनता के कारण आज तक इन सुविधाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाया है. इसके चलते श्रमिकों में गहरी नाराजगी व्याप्त है. बैठक में ठेकाश्रमिकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई. बताया गया कि ठेका श्रमिकों को बकाया भुगतान नहीं हो पा रहा है. श्रमिकों का ईएल, ग्रेच्युटी और बोनस पिछले दो महीनों से रोका गया है.वेतन भुगतान में विलंबहोरहाहै. अगस्त माह का वेतन आज तक नहीं दिया गया, जबकि श्रम कानून के अनुसार वेतन हर माह 1 से 5 तारीख तक देना अनिवार्य है. इसके अलावा बीमा व स्वास्थ्य सुविधा का लाभ भी नहीं दिया गया. निदेशक मंडल के आदेश के बावजूद श्रमिक आज भी बीमा व स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हैं.वर्षों से कार्यरत श्रमिकों और उनके बच्चों को आवास एवं शिक्षा सुविधाजैसीमूलभूत सुविधाएं भीनहीं मिल रही हैं.अध्यक्षअजय राय ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि "आईआईसीएम की स्थापना 1994 में हुई थी और यहांके अधिकांश श्रमिक 30 वर्षों से लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन न तो उन्हें स्थायी किया गया है और न प्रमोशन मिला है. जबकि कुछ चहेते लोगों को अधिकारियों की कृपा से मनमानी पदोन्नति दी गई है, जो पूरी तरह से अन्याय है.संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो ठेका श्रमिक चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी आईआईसीएम प्रबंधन और प्रशासन की होगी. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ज्ञापन की प्रति कोयला मंत्री, मुख्यमंत्री झारखंड, चेयरमैन कोल इंडिया लिमिटेड व श्रम आयुक्त झारखंड को भेजी जाएगी, ताकि मामले में त्वरित हस्तक्षेप हो सके.

रांची में आज से 21 सितंबर तक तीन दिवसीय ईस्टर्न टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव का आयोजन

उद्घाटन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम के शामिल होने की संभावना

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के खेलगांव में शुक्रवारसे21 सितंबर तक तीन दिवसीयईस्टर्न टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव (ईस्ट टेक 2025) का आयोजन हो रहा है. इस कॉन्क्लेव का आयोजन भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के सहयोग से किया जा रहा है. देश की तीनों सेनाओं के अध्यक्ष, जिसमें सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) अनिल चौहान भी शामिल हैं, गुरुवार को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची पहुंचे.रांची एयरपोर्ट पर झारखंड के पूर्व सैनिकों ने सीडीएस अनिल चौहान का भव्य स्वागत किया. स्वागत समारोह में भारत माता के जयघोष के साथ तीनों सेना के अध्यक्षों का पुष्पवर्षा के कर अभिनंदन किया गया.

वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड के सचिव एनपी सिन्हा ने बताया कि आज भारत रक्षा प्रणाली के क्षेत्र में विश्व में नंबर वन की स्थिति पर हैऔर कई देश हमारी तकनीक की नकल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमारा देश काफी आगे है. इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि सीडीएस अनिल चौहान तीन दिवसीय दौरे पर रांची आए हैं और झारखंड के करीब 41 हजार पूर्व सैनिक उनका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं.

झारखंड में पहली बार आयोजित हो रहा ईस्ट टेक 2025 : ईस्ट टेक 2025 में स्पेस टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स जैसे आधुनिक विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा गहन चर्चा और प्रस्तुति दी जाएगी. उद्घाटन समारोह में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि अभी तक इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है. झारखंड के पूर्व सैनिक उनका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं.

क्षेत्रीय औद्योगिक भागीदारी को बढ़ावा देने का लक्ष्य

भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और क्षेत्रीय औद्योगिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है. पहला ईस्ट टेक 2022 में गुवाहाटी में हुआ था, जिसके बाद 2023 में शिलांग और 2024 में कोलकाता में इसका आयोजन किया गया.

रांची में 200 से अधिक विक्रेता और स्टार्टअप होंगे शामिल

रांची केखेलगांवस्थित विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम में 200 से अधिक रक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र से जुड़े विक्रेता भाग लेंगे, जिनमें 50 से अधिक एमएसएमई और स्टार्टअप्स भी शामिल हैं.

सेना से जुड़े उपकरणों का लाइव प्रदर्शन और प्रदर्शनी

इस कॉन्क्लेव में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और प्रमुख निजी उद्योग भी हिस्सा लेंगे. कार्यक्रम के दौरान सेना के उपकरणों का लाइव प्रदर्शन होगा और टेक्नोलॉजी एवं सेना से जुड़े विभिन्न सामग्रियों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जो देश की सैन्य ताकत को प्रदर्शित करेगी.

आयोजन पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन

मंत्री ने सेवा में समर्पित जनों को किया सम्मानित

- 75 भूतपूर्व सैनिक, 75 सफाई कर्मचारी, 75 पारामेडिकल स्टाफ, 75 नर्सों और 75 अखबार विक्रेता सम्मानित

शुभम संदेश। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ के आवास पर विभिन्नकार्यक्रमों का आयोजन किया गया.ये कार्यक्रम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे. जन्मदिन के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और सफलता की कामना के साथ हवन अनुष्ठान किया गया.मौके पर 75 पौंडका केक काटा गया और 75 भूतपूर्व सैनिक, 75 सफाई कर्मचारी, 75 पारामेडिकल स्टाफ, 75 नर्सों और 75 अखबार विक्रेताओं का सम्मान भी किया गया. पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और न्यूरोपैथी उपचार शिविर का भी आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने लाभ लिया. इसके अलावा रांची लोकसभा क्षेत्र में 75 स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम शुरू हुआ. प्लास्टिक मुक्त भारत के अभियान में 25,000 जूट बैग और जरूरतमंदों के लिए 25,000 छाता वितरण कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई. पारिवारिक सुरक्षा हेतु सभी परिवारों को लॉग बुक उपलब्ध कराने का भी शुभारंभ किया गया. योग को बढ़ावा देने के लिए 20,000 योग मैट वितरित किए गए. साथ ही रांची को 3,000 सोलर स्ट्रीट लाइट भी प्रदान की गईं. केंद्रीयमंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजनीति को सेवा का माध्यम बनाते हैं और समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए समर्पित हैं. उन्होंने कहा किपीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के सपनों को पूरा करना हर नागरिक का कर्तव्य है. उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की. इस दौरान पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मुकेश काबरा आदि उपस्थित थे.

राहुल गांधी के इसी रवैये के कारण जनता उनको सीरियस नहीं लेती : संजय सेठ

रांची। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यही वजह है कि जनता उन्हें गंभीरता से नहीं लेती है. संजय सेठ ने कहा कि ये दिवालियापन है. आप नेता प्रतिपक्ष होकर संवैधानिक संस्था पर सवाल उठा रहे हैं. आपको न ईडी पर भरोसा है, न सीबीआई पर, न चुनाव आयोग पर, न ईवीएम पर और न ही जनता पर. आप तो सिंदूर पर भी सवाल खड़े कर देते हैं. आखिर आप चाहते क्या हैं. केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि आपके इस रवैये के कारण जनता आपको सीरियस नहीं लेती है. जनता ने आपको लगातार किनारे किया है. तीसरी बार भी देश ने आपको विपक्ष में बैठा दिया. अब आप अपना खीझपन चुनाव आयोग पर उतार रहे हैं. जनता ने जैसे पहले आपको किनारे किया, वैसे ही आगे भी करेगी. बिहार में भी आपको जनता सबक सिखाएगी.

झारखंड : रेल रोको आंदोलन कल, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

शुभम संदेश। रांची

झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में रहने वाले कुड़मी समुदाय द्वारा खुद को आदिवासी का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर एक बार फिर बड़ा आंदोलन शुरू होने जा रहा है. इसी क्रम में, 20 सितंबर को पूरे क्षेत्र में रेल रोको आंदोलन की घोषणा की गई है, जिसके चलते झारखंड पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं. आगामी रेल रोको आंदोलन के मद्देनजर, झारखंड पुलिस ने संभावित संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दिया है. मुरी, गोमो, नीमडीह, घाघरा, चांडिल, हंसडीहा, छोटा गम्हरिया, डुमरी, गंजिया बराज और पारसनाथ जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों और इलाकों पर प्रदर्शनकारियों द्वारा रेल रोकने की आशंका है. इन सभी जगहों पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे.

झारखंड पुलिस ने यह सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है कि आंदोलन के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे और यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी ताकि आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके.उल्लेखनीय है कि वर्तमान में, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की श्रेणी में आने वाला कुड़मी समुदाय लंबे समय से खुद को जनजातीय (आदिवासी) घोषित करने की मांग कर रहा है.उनका कहना है कि यह दर्जा न मिलने से उन्हें शिक्षा, सरकारी नौकरियों और आरक्षण में मिलने वाले उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है.

टूटे रिश्तों पर मलाइका ने ट्रोल्स को दिया जवाब

https://epaper.shubhamsandesh.net

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

03

पेज 10

रांची, शुक्रवार 19 सितंबर 2025 I आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 162 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

कागज-पत्तर गया तेल लेने, बिना रंगदारी दिए चेकपोस्ट पर खड़े रहें

डिबूडीह चेकपोस्ट पर रंगदारों का तांडव जारी

झारखंड समेत अन्य राज्यों के ट्रक चालकों और मालिकों को देनी पड़ रही है जबरन रंगदारी

नहीं देने पर एनएच की पार्किंग में खड़े कर दिए जा रहे ट्रक, चालकों को किया जा रहा टार्चर

कितने करोड़ में पैड आर्मी को मिली है रंगदारी की इजाजत

डिबूडीह चेकपोस्ट में रंगदारी करने वाली पैड आर्मी को कितने करोड़ खर्च कर यहां रंगदारी वसूलने का ठेका मिला है. रंगदारी के इस ठेकेदारी में कौन-कौन लोग शामिल हैं. इनके सिर पर किस नेता का हाथ है. डिबूडीह चेकपोस्ट पर शशि गिरोह को प्रतिदिन कितने की कमाई होती है, यहां से किस-किस को हिस्सा जाता है. पुलिस के झोले में कितनी रकम गिरती है. सरकार के कौन करीबी रंगदारी के इस अवैध कारोबार में शामिल हैं. आदि जानकारी के लिए पढ़ते रहें शुभम संदेश, अगले एपिसोड में खुलेगी इनकी पोल.

शुभम संदेश। धनबाद

झारखंड और बंगाल के सीमा पर मौजूद डिबूडीह चेकपोस्ट में रंगदारों का तांडव कायम है. झारखंड समेत अन्य राज्यों से पश्चिम बंगाल जाने वाले ट्रक चालकों और मालिकों का यहां पर खुलेआम आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है. हैरान करने वाली बात ये है कि इस मामले की खबर न सिर्फ बंगाल के वरीय अधिकारियों बल्कि सत्ता में बैठे लोगों तक भी पहुंची है. बावजूद इसके इनकी रंगदारी पर छटांक भर भी अंकुश नहीं लग पाया है. झारखंड के ट्रक मालिक अब मजबूरी में बंगाल से जुड़ा कारोबार कर रहे हैं. यहां पर किसी भी दिन कोई बड़ा बवाल हो जाएगा, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है. यहां तक कि रंगदारों की बात नहीं मानने पर चालकों को मारा-पीटा भी जा रहा है.

बता दें कि इस चेकपोस्ट पर शशि नामक एक रंगदार और उसका पूरा गिरोह सक्रिय है. यह गिरोह चेकपोस्ट के पास खड़ा रहता है. जैसे ही झारखंड समेत अन्य राज्यों से कोयला लदा ट्रक या अन्य ट्रक, ट्रेलर आदि पहुंचता है तो इन्हें रोक देता है. इस चेकपोस्ट पर कई थानों की पुलिस की तैनाती है. यातायात पुलिस वाले भी मौजूद रहते हैं. दो-दो पट्रोलिंग पार्टी भी सक्रिय रहती है. इन सभी पुलिस वालों के सामने ही ट्रक वालों को रोका जाता है. फिर इनसे यहां से गुजरने की रंगदारी मांगी जाती है. एक ट्रक से बारह से पंद्रह हजार रुपये की डिमांड की जाती है. इसके बाद कम से कम दस हजार रुपये प्रति ट्रक तक लेने के बाद ही यहां से वाहनों को आगे बढ़ने दिया जाता है. नहीं देने पर यहां से ट्रक या अन्य वाहनों को एनएच की पार्किंग में खड़ा कर दिया जाता है. कई-कई दिनों तक यहां पार्किंग में ट्रकों को खड़ा रखकर टार्चर किया जाता है. ट्रक मालिकों को बुलाया जाता है. फिर उनसे रकम लेने के बाद ही बंगाल में प्रवेश करने दिया जाता है. इस मामले को लेकर शुभम संदेश ने प्रमुखता से उठाया और मामले की खबर बंगाल के वरीय अधिकारियों तक भी पहुंची. बावजूद इसके शशि एंड गिरोह पर कोई असर नहीं पड़ा है. यहां हर दिन करोड़ों रुपये की वसूली होने की बात कही जा रही है. इस वसूली में पुलिस से लेकर नेता की जमात भी काली कमाई में डूब गए हैं.

रामपुर चेकपोस्ट के एमवीआई अधिकारियों के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

चार एमवीआई अधिकारियों के खिलाफ आसनसोल अदालत में मुकदमा

शुभम संदेश। आसनसोल

- मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, जिलाशासक सहित आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर को भी अधिवक्ता ने की है लिखित शिकायत
- क्लाइंट की पैरवी करने के दौरान अधिकारियों द्वारा अभद्र भाषा और बदतमीजी करने का अधिवक्ता ने लगाया आरोप

आसनसोल अदालत में अधिवक्ताओं के एक दल ने आसनसोल कुलटी थाना अंतर्गत रामपुर एमवीआई चेकपोस्ट पर तैनात चार एमवीआई अधिकारी सुदीपतो मजूमदार, संजय मंडल, ऋषि सूबा और शिव ओरांग की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. अधिवक्ता बीरेंद्र कुमार सिंह ने आसनसोल अदालत मे चारों अधिकारियों के खिलाफ 356(1), 356(2), 351(1)बीएनएस के तहत मामला दर्ज करवा दिया है. इसके अलावा उन्होंने चारों अधिकारियों के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, परिवहन मंत्रालय, पश्चिम बर्धमान के जिलाशासक सहित आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर को भी एक लिखित शिकायत की है.

शेष पेज-11 पर

रेल टेका आंदोलन को लेकर जिला प्रशासन सख्त, बनाई रणनीति

रेल द्वारा चिन्हित स्थानों पर तैनात रहेंगे अतिरिक्त पुलिस बल : डीसी

- यात्रियों की सुरक्षा के लिए बनाई जाएगी एक स्पेशल टीम, कुर्मी नेताओं से भी हो रही बातचीत

अमित सिन्हा

धनबाद। धनबाद जिले में कुर्मी (कुड़मी) समाज द्वारा 20 सितंबर को प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को लेकर जिला प्रशासन सख्त है. कुर्मी समुदाय अपनी लंबे समय से चली आ रही मांग अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा प्रदान करने के समर्थन में राज्यव्यापी रेल टेका आंदोलन की तैयारी कर रहा है. इस आंदोलन से रेल सेवाओं पर व्यापक असर पड़ने की आशंका है, जिसके मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की है. जिला उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ समन्वय स्थापित किया है. डीसी ने कहा कि रेल एसपी से सभी संभावित स्थानों की सूची मांगी है, जहां रेल को रोका जा सकता है. इन चिन्हित स्थानों पर विशेष पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे. एसएसपी ने निर्देशों के अनुपालन में एक विशेष टीम का गठन भी कर लिया है. यह टीम आंदोलन के दौरान शांति सुनिश्चित करने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए कार्य करेगी.

इसके अलावा, डीसी ने कुर्मी नेताओं के साथ भी बातचीत शुरू कर दी है. जिला प्रशासन की ओर से समाज के प्रमुख नेताओं से वार्ता की जा रही है, ताकि आंदोलन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके.

डीसी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता शांति बनाए रखना है. इसके लिए एतिहादन सभी कदम उठाए जा रहे हैं.

प्रशासनिक महकमे की तैयारियों पर खास

कुर्मी समाज की मांग और आंदोलन का ऐलान

कुर्मी समाज के संगठनों ने 20 सितंबर से तीनों राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में लगभग 100 रेलवे स्टेशनों पर रेल टेका आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है. समाज के नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन ऐतिहासिक होगा और तब तक चलेगा जब तक केंद्र सरकार लिखित आश्वासन नहीं देती. कुर्मी समुदाय का दावा है कि ब्रिटिश काल में 1913 की अधिसूचना के तहत उन्हें आदिवासी जनजाति का दर्जा प्राप्त था, लेकिन 1950 में स्वतंत्र भारत की एसटी सूची में उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल कर दिया गया. अब उन्हें एसटी दर्जा, कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना है. इसके अलावा, 2025 की जनगणना में मातृभाषा के स्थान पर 'कुड़माली', जाति के स्थान पर 'कुड़मी' और धर्म के स्थान पर 'आदिवासी धर्म' लिखने का भी आह्वान किया गया है.

आदिवासी संगठनों का विरोध और तनाव की आशंका

आंदोलन के ऐलान से कुर्मी और आदिवासी समुदायों के बीच तनाव बढ़ गया है. आदिवासी संगठनों ने 20 सितंबर को ही विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है. उनका कहना है कि कुर्मी को एसटी दर्जा देने से वास्तविक आदिवासियों के आरक्षण और अधिकार प्रभावित होंगे.

स्टेशन से गया पुल अंडरपास के दूसरे छोर तक बनाया जाएगा नया नाला

- प्रवेश व निकास द्वार बनेगा और बेहतर

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को शाम वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ गया पुल अंडरपास का निरीक्षण किया. उन्होंने श्रमिक चौक से गया पुल अंडरपास तक, अंडर पास से नया बाजार की ओर जाने वाले मार्ग तथा श्रमिक चौक से स्टेशन रोड मार्ग का निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा को देखते हुए प्रथम चरण में अंडरपास में पेवर ब्लॉक बिछाए गए हैं. इसके कारण वाहनों का आवागमन सरल हुआ है.

लोगों को जाम से मुक्ति मिली है. अभी और कार्य बाकी है, परंतु लगातार हो रही बारिश से इसमें बाधा आ रही है. बारिश के रुकते ही अंडरपास के प्रवेश एवं निकास को और बेहतर बनाया जाएगा. पुलिस ने ऑटो रिक्शा पार्क करने के लिए अलग लेन निर्धारित किया है. जिसके कारण यातायात सरल हुआ है. उन्होंने कहा कि अंडरपास में आसपास के नाले से पानी का रिसाव हो रहा है. इसके लिए स्टेशन से गया पुल अंडरपास के दूसरे छोर तक नया नाला बनाकर पानी का रिसाव बंद किया जाएगा. पानी का रिसाव बंद होने पर डामर का रोड बनाया जाएगा. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, डीसीपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह के अलावा पूर्व मध्य रेलवे के पदाधिकारी मौजूद थे.

सड़क दुर्घटन में बाइक सवार की मौत

बरवाअड्डा । गुरुवार की देर रात बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बरवाअड्डा धनबाद पथ निरंकारी चौक के समीप सड़क दुर्घटना में मटकुरिया निवासी बाइक सवार सुधीर कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई. जानकारी के अनुसार डेटिंग मिस्ट्री सुधीर कुमार और पांडरपाला निवासी किशोर विश्वकर्मा उर्फ राजु बाइक संख्या जेएच10के-5684 से घर लौट रहे थे. इस दौरान निरंकारी चौक के पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक संख्या जेएच10बीडी-6222 ने बाइक को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया. घटना में बाइक सवार सुधीर कुमार के सर में ट्रक का चक्का चढ़ गया. सर बुरी तरह कुचल गया और घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई. वहीं किशोर विश्वकर्मा उर्फ राजु गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घायल राजू को इलाज के अस्पताल भिजवाया गया है.

प.बंगाल विस चुनाव से पहले ममता का ऐलान

जेल से रिहा होंगे 840 कैदी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार (18 सितंबर, 2025) को कहा कि राज्य सरकार ने 2011 से आजीवन कारावास की सजा काट रहे 840 कैदियों को रिहा किया है, जिनमें से सभी ने 14 साल से अधिक की सजा काट ली थी. सीएम ने यह भी घोषणा की है कि उचित कानूनी प्रक्रिया के बाद अब 45 अतिरिक्त कैदियों को रिहा किया जा रहा है. उन्होंने रिहा किए गए व्यक्तियों और उनके परिवारों को बधाई दी और कहा कि कारावास के दौरान उनका अच्छा व्यवहार इस निर्णय का एक प्रमुख कारक था. ममता ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'हमारी सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट चुके कई कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया है.'

आयुष्मान से शुरू हुआ इलाज, पिता ने जिला प्रशासन का जताया आभार

गंभीर बीमार अनुष्का का 24 घंटे में बना राशन कार्ड

खास बातें

- गोधर की रहने वाली है अनुष्का रांची में चल रहा इलाज
- परिवार का नहीं था राशन कार्ड एक दिन में बनाया गया

शुभम संदेश। धनबाद

गोधर के निवासी केदार यादव की छह वर्षीय बेटी अनुष्का गंभीर बीमारी की चपेट में आ गई. स्थानीय निजी अस्पताल में प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे रांची रेफर कर दिया. रांची के रानी हॉस्पिटल में भर्ती कराने के बाद इलाज की भारी फीस ने केदार यादव को परेशान कर दिया. आर्थिक तंगी के कारण इलाज रुकने की नौबत आ गई, लेकिन जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई ने परिवार की उम्मीदें जगा दी. मात्र 24 घंटे के भीतर अनुष्का का नाम राशन कार्ड में जोड़ दिया गया, जिससे आयुष्मान भारत कार्ड बन सका और अब मुफ्त इलाज संभव हो पाया है. केदार यादव ने बताया कि मेरी बेटी की हालत गंभीर थी. धनबाद के अस्पताल ने रांची भेज दिया, लेकिन वहां की फीस देखकर पैरों तले जमीन खिसक गई. राशन कार्ड न होने से आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहा था. जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार से गुहार लगाई, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की. अब मेरी बेटी का इलाज आयुष्मान कार्ड पर चल रहा है. उन्होंने कहा कि धनबाद जिला प्रशासन का आभारी हूं, जिनके सहयोग से बेटी की जान बची.

जिला प्रशासन ने दिखाई तत्परताः केदार यादव ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार से संपर्क कर अपनी पूरी व्यथा सुनाई. उन्होंने अनुष्का का नाम परिवार के राशन कार्ड में जोड़ने का अनुरोध किया, ताकि आयुष्मान कार्ड बन सके. पंकज कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया और राज्य सरकार के अवर सचिव संजय कुमार को पत्र लिखकर तत्काल अनुमति की मांग की. अवर सचिव ने बिना विलंब इसकी मंजूरी दे दी. इसके बाद प्रशासनिक टीम ने रिकॉर्ड चेक कर मात्र 24 घंटे के अंदर अनुष्का का नाम राशन कार्ड में शामिल कर लिया. राशन कार्ड बनते ही आयुष्मान कार्ड जारी हो गया, और रानी हॉस्पिटल में अनुष्का का इलाज शुरू हो गया.

जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि केदार की परेशानी सुनकर तुरंत उच्च अधिकारियों को अवगत कराया. राज्य सरकार की संवेदनशीलता के कारण यह संभव हुआ. सरकार का उद्देश्य है कि कोई जरूरतमंद इलाज से वंचित न रहे. ऐसे मामलों में हमेशा त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं.

डीएमएफटी फंड में 500 करोड़ का घोटाला, सांसद ने की जांच की मांग

शुभम संदेश। बोकारो

बोकारो जिले में डीएमएफटी फंड में 500 करोड़ से अधिक के घोटाले की जानकारी आरटीआई के माध्यम से प्राप्त हुई है। इस मामले को लेकर राजनीतिक हलचल भी बढ़ गई है। धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने दोषियों पर कार्रवाई के लिए जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है और सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि जनता ये सब को देख रही है।

सांसद ने सरयू राय पर बोला हमला

सांसद ढुल्लू महतो विधायक सरयू राय पर हमला करते हुए कहा कि वह बड़े विद्वान होने के साथ-साथ माफियाओं के सरगना भी हैं और झारखंड को लूट रहे हैं। वहीं, इस मामले को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है और अपने स्तर से जांच भी करवा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि जिन सांसदों ने बैठकों में हिस्सा लिया, वे इन मामलों पर क्यों चुप रहते थे। उन पर भी जवाबदेही बनती है। राजेश ठाकुर ने यह भी कहा कि राज्य सरकार की एजेंसी जांच करने में सक्षम है, क्योंकि लोगों का केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा कम है। केंद्रीय एजेंसियों ने अब तक कोई भी जांच पूरी नहीं की है।

विश्वकर्मा समिति के खिचड़ी भोग में पहुंचे सांसद-विधायक

- लोहार समाज 35 वर्षों से विश्वकर्मा भगवान की कर रहा है पूजा

शुभम संदेश। कतरास

विश्वकर्मा लोहार समिति कतरास अंचल द्वारा श्री श्री विश्वकर्मा पूजा एवं खिचड़ी महाभोग वितरण का आयोजन किया गया. खिचड़ी महाभोग वितरण के कार्यक्रम में लोहार समाज के सभी सदस्यों को परिवार सहित खिचड़ी प्रसाद का भोजन कराया गया. सार्वजनिक रूप से लगभग 2000 लोगों को खिचड़ी भोग का वितरण किया गया. विश्वकर्मा लोहार समाज कतरास के द्वारा पिछले 35 वर्षों से विश्वकर्मा भगवान की पूजा का यह कार्यक्रम चला आ रहा है. गुरुवार को कार्यक्रम में लोकसभा के सांसद ढुल्लू महतो एवं बाघमारा विधानसभा के विधायक शत्रुघ्न महतो मुख्य रूप पुजा पंडाल में उपस्थित होकर बाबा विश्वकर्मा का दर्शन किया. समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दोनों जनप्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ, शॉल, अंग वस्त्र से स्वागत किया. विधायक ने खिचड़ी भोग ग्रहण किया. इसके अतिरिक्त धनबाद जिले से कई गणमान्य अतिथियों ने पूजा पंडाल में आकर खिचड़ी भोग ग्रहण किया. लोहार विकास मंच के अध्यक्ष लक्की विश्वकर्मा एवं अन्य कई पदाधिकारियों ने विश्वकर्मा पूजा पंडाल का दर्शन किया एवं खिचड़ी महाभोग ग्रहण किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वकर्मा लोहार समिति कतरास अंचल के पदाधिकारी का विशेष योगदान रहा. समिति के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शिवेश विश्वकर्मा, सचिव अजय विश्वकर्मा संयोजक सरोज विश्वकर्मा दिलीप विश्वकर्मा उपाध्यक्ष अभिजीत विश्वकर्मा, के साथ-साथ समिति के संरक्षक गांधी विश्वकर्मा सुरेश विश्वकर्मा ओम प्रकाश विश्वकर्मा और समिति के सदस्य टिंकू विश्वकर्मा, शशि विश्वकर्मा, सागर विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, धीरेंद्र विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सुधीर विश्वकर्मा, इत्यादि दर्जनों समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे.

आपराधिक घटना को अंजाम देने के पहले पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक

लोडेड देसी कट्टा, एक कारतूस और मोबाइल बरामद

शुभम संदेश। कतरास

सोनारडीह ओपी क्षेत्र के बढई बस्ती शिव मंदिर के समीप पुलिस को अपराधिक घटना की योजना बनाते युवक को रंगेहाथों धर दबोचा. पुलिस ने युवक के पास से हथियार भी बरामद किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हथियार के साथ एक युवक बढई बस्ती समीप घूम रहा है. सूचना के बाद सोनारडीह ,बरोरा और मधुबन थाना की पुलिस घेराबंदी की और युवक को पकड़ लिया तलाशी लेने पर एक लोडेड देशी कट्टा,एक कारतूस बरामद की. उक्त जानकारी गुरुवार को बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह ने प्रेसवार्ता कर दी. उन्होने बताया कि सोनारडीह बढ़ई बस्ती शिव मंदिर के समीप से रितिक शर्मा नाम के युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है. उसके पास से लोडेड देशी कट्टा,एक जिंदा कारतूस और मोबाइल जब्त किया गया. किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की मंशा युवक की थी. इसके अन्य साथियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है. कुछ चिह्नित हुए है. अनुसंधान को लेकर नाम सार्वजनिक नही किया जा रहा है. मौके पर सोनारडीह, बरोरा, मधुबन थाना प्रभारी मौजूद थे.

ब्रीफ खबरें

ग्रामीणों ने गाय चोर को पीट पुलिस को सौंपा

निरसा बाजार। निरसा थाना क्षेत्र की हरियाजाम कालोनी के समीप ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह पांड्रा बस्ती निवासी हलीम शेख को गाय चोरी कर ले जाते पकड़ लिया और जमकर पिटाई की. इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया. इस दौरान उसके अन्य साथी भाग गए. गाय मालिक पांड्रा निवासी राजी अहमद ने हलीम शेख के खिलाफ निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है. ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की सुबह जब हलीम शेख अपने टेंपो लेकर जा रहा था तो हम लोगों को संदेह हुआ. उससे पूछा कि टेंपो में क्या है तो कहा कि इसमें कोयला है. परंतु टेंपो में गोबर लगा देखकर हम लोगों को संदेह हुआ. जब हम लोगों ने टेंपो रोक कर देखा तो उसमें दो गाय लदी थी. मामले की भनक लगते ही उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे. उसके बाद ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया. ग्रामीणों ने बताया कि हलीम शेख अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा कई मामलों में वह पूर्व में भी जेल जा चुका है. पांड्रा निवासी रुखसाना बीवी, अमीरन बीवी ने बताया कि लगभग पांच दिनों से हम लोगों के मवेशी गायब है. काफी खोजबीन की, पर नहीं मिली.

पाथरडीह थाना में शांति समिति की बैठक

चासनाला। पाथरडीह थाना परिसर में दुर्गापूजा को लेकर गुरुवार को शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता पाथरडीह थाना प्रभारी आंशु कुमार झा ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा पर्व मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि जिला प्रशासन के नियमानुसार नियमो को ध्यान रखते हुए सभी कमिटी उसका पालन करेगी. पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा, पूजा पंडाल में अग्नि शामक यंत्र लगाने, सड़को पर लाइट की व्यवस्था, तय रूट के अनुसार मूर्ति का विसर्जन करने, विधि व्यवस्था को देखते हुए संध्या से पूर्व मूर्ति विसर्जन करने पर सहमति बनी. मौके पर महेंद्र मिश्रा, कैलाश नाथ ठाकुर, सेदूल खा, अशोक मिश्रा, शफाउलाह खान, सुधीर सिंह, अमल शेखर राज उर्फ राजू, मुन्ना सिंह, नूर आलम, मो अकबर, मिस्टर मुबारक आदि उपस्थित थे.

पुटकी थाने में शांति समिति की बैठक

पुटकी। दुर्गोत्सव को लेकर पुटकी थाना में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वकार हुसैन की अध्यक्षता में हुई. बैठक में दुर्गा पूजा के शांति पूर्ण ढंग से आयोजन व विसर्जन पर विस्तृत चर्चा हुई.उपस्थित समिति सदस्यों ने पूजा शांति पूर्ण ढंग से मनाने पर सहमति जताई. थाना प्रभारी ने पूजा में डीजे नहीं बजाने, बेहतर क्वालिटी के सीसी टीवी कैमरा,पूजा समिति में पुरुष के साथ महिला वोलेंटियर बनाने की बात कही.बैठक में पुटकी, श्रीनगर,करकेंद,कोक प्लांट आदि जगहों के पूजा कमिटी सदस्य मौजूद थे। जिन्होंने जनहित से जुड़े पेयजल, स्ट्रीट लाइट जैसे मुद्दे को उठाया लेकिन सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थितिवश कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका. बैठक में लक्ष्मण तिवारी,अक्षयवर प्रसाद, राजू पांडे, शाहरुख खान, सुंदरी महतो, निवास रजवार,गीता पांडे, जितेंद्र सिंह, निरंजन शर्मा, सुबोध सिंह आदि मौजूद थे.

अवैध खनन के खिलाफ सड़क जाम

तेतुलमारी चंदौर बस्ती के ग्रामीणों की थानेदार से नोकझोंक

- मांग से संबंधित आवेदन देने के बाद ग्रामीण हुए शांत

शुभम संदेश। तेतुलमारी

तेतुलमारी थाना क्षेत्र के चंदौर बस्ती ग्रामीण के महिला पुरुषों ने गुरूवार को क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ सड़क उतरकर जमकर बवाल काटा. इस दौरान महिलाओं ने पांडेडीह मोड़ के समीप सिजुआ, तेतुलमारी राजगंज मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया और धरना पर बैठ गए. महिलाएं हाथ में झाड़ तथा तख्तियां लेकर अवैध कोयला उत्खनन बंद करो, कोयला चोरों को जेल भेजो कि नारे लगा रहे थे.सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई. मामले को लेकर ग्रामीण श्रवण कुमार वर्मा, दीपक वर्मा ने कहा कि बीसीसीएल सबसे पहले चंदौर मौजा का जमीन अधिग्रहण का मामला उठाया था, परन्तु विस्थापित नहीं कर रहा है. गांव के चारों तरफ अनवरत अवैध उत्खनन किया जा रहा है. यह सब कोलियरी प्रबंधन के जानकारी में चल रहा है. इधर घंटों सड़क जाम की सूचना पाकर तेतुलमारी थाना प्रभारी विवेक चौधरी मौके पर पहुंचे और आक्रोश ग्रामीण समझा बुझाने का प्रयास किया लेकिन लोग समझने को तैयार नहीं हो रहे थे. इस दौरान ग्रामीण व थानेदार में नोकझोंक होने लगी. कुछ समय के लिए वहां स्थित तनावपूर्ण हो गई. घंटों बाद पुलिस ने अवैध उत्खनन माइंस बंद करने के लिए ग्रामीणों को आवेदन देने को कहा और थानेदार के आश्वासन के बाद सड़क मार्ग पर आवागमन चालू हुआ.

ओबी डंप के मलबे की चपेट में आकर महिला घायल, हालत गंभीर

लोदना के छाताधौड़ा की घटना, सूचना पर पहुंची पुलिस

झरिया। बीसीसीएल लोदना क्षेत्र अंतर्गत भूलन बरारी स्थित छाता धौड़ा के पास गुरुवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया. ओबी डंप पर कोयला चुनते समय अचानक मलबा खिसक गया. जिसकी चपेट में आकर नया धौड़ा मोहल्ला निवासी गणेश यादव की 45 वर्षीय पत्नी सुमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत फुसबंगला स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया. वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए धनबाद एसएनएमसीएच रेफर कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बरारी में संचालित आउटसोर्सिंग परियोजना का मलबा छाता धौड़ा के पास डंप किया जाता है. प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी दर्जनों महिला-पुरुष डंप से कोयला चुन रहे थे. इसी दौरान अचानक मलबा खिसककर नीचे आ गिरा, जिसकी चपेट में सुमा देवी आ गईं. उनके माथे और पैर में गंभीर चोटें आईं. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आक्रोशित ग्रामीणों ने ओबी डंपिंग और डोजरिंग का काम बंद करा दिया. डोजर ऑपरेटर हड़बड़ी में मशीन छोड़कर भाग खड़ा हुआ. सूचना मिलते ही जोरापोखर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ पहुंचे और हालात को काबू में किया. पुलिस को देख भीड़ धीरे-धीरे शांत होकर हट गई. मौके पर मौजूद कर्मियों का कहना था कि डंप पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग कोयला चुनने पहुंचते हैं. उन्हें बार-बार चेतावनी दी जाती है, लेकिन लोग नहीं मानते और हादसे की स्थिति में कर्मियों को ही दोषी ठहराया जाता है. वहीं, स्थानीय लोगों ने घटना के लिए डोजर ऑपरेटर और प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए मांग की कि घायल महिला का समुचित इलाज आउटसोर्सिंग कंपनी के खर्च पर कराया जाए. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

मधुबन बचाव समिति की वार्ता विफल

शुभम संदेश। मधुबन

बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समीप मधुबन बचाव संघर्ष मोर्चा द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रबंधन के खिलाफ धरना व विरोध प्रदर्शन करने की आह्वान लेकर गुरूवार को महाप्रबंधक के साथ हुए वार्ता विफल रही. बताया जाता है कि मधुबन बचाव संघर्ष मोर्चा के द्वारा मधुबन पंचायत अंतर्गत मधुबन कोलियरी में गैरआबादी व रैयत जमीन का अधिग्रहण के लिए राज्य सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा गया है जो इंदु कुरी आउटसोर्सिंग प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रैयत व ग्रामीणों के जमीन पर उत्खनन करने से जल स्रोत, आवागमन का रास्ता बंद होने आदि की समस्या उत्पन्न के साथ साथ पशु-पक्षी व बच्चों की भविष्य को भी प्रभावित करेगी. मौजा मधुबन,मोहनपुर, सिद्धपोकी, केशरगढ़, सदरियाडीह के रैयत इंदु कुरी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को जमीन नहीं देने अगर राष्ट्रहित के लिए जमीन की आवश्यता होगी तो प्रबंधन द्वारा ग्रामीणो के साथ वार्ता करने एवं मधुबन कोलियरी अंर्तगत विगत कई वर्षों से रह रहे बंगला धोड़ा, ऑफिस कॉलिनी, न्यू कॉलोनी, परसबनिया, न्यू क्वाटर, सोनानगर, खिलान धोड़ा, धोवाटांड आदि लोगो को पुनर्वास देने की मांग को लेकर 19 सिंतबर को क्षेत्रीय कार्यालय के समीप प्रबंधन के खिलाफ धरना व प्रदर्शन करने की लिखित आवेदन दिया गया था. जिसके आलोक महाप्रबंधक पीयूष किशोर द्वारा वार्ता के लिए बुलाया गया था. जो ग्रामीणों के मांगों पर सहमति नहीं बनी ओर आगे का आयोजित कार्यक्रम जारी है. मौके पर वार्ता में मधुबन के मुखिया कलेश्वर प्रसाद महतो डेगलाल महतो, गोपाल, महतो, स्वरुपानंद महतो, मुकेश कुमार महतो, राजेश महतो आदि मधुबन बचाव संघर्ष मोर्चा के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे.

बरोरा थाना में शांति समिति की बैठक, पुलिस ने दिए सख्त निर्देश

दुर्गा पूजा को शांतिपूर्वक सफल बनाने को लेकर बनी रणनीति

शुभम संदेश। बरोरा

आगामी दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाने के उद्देश्य से बरोरा थाना परिसर में विभिन्न पूजा समितियों और शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक का आयोजन बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश चौधरी और बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार के नेतृत्व में किया गया. इस बैठक में बरोरा थाना क्षेत्र की विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पूजा को सफल बनाने के लिए अपनी राय साझा की. प्रभारी साधन कुमार ने पूजा समितियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए. कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल में अग्निशमन की उचित व्यवस्था अनिवार्य होगी. इसके अलावा, वॉलेंटियरों की सूची तैयार रखें, पुलिस और पूजा समिति का 'माई हेल्प यू' नंबर जारी करें. पंडाल परिसर में वॉच टावर का निर्माण, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, पार्किंग की व्यवस्था, प्रवेश द्वार तथा निकास द्वार की सुविधा सुनिश्चित की जाए. थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट न डाली जाए और सभी सरकारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए. शराबियों और असमाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी. वॉलेंटियरों के लिए एकसमान ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य होगा, जबकि विसर्जन जुलूस की पूरी वीडियोग्राफी कराई जाएगी.बैठक में मौजूद प्रमुख सदस्यों में रंजीत सिंह, मिथलेश कुमार, डॉक्टर मुकेश राय, शशि यादव, बिनोद मिस्त्री, गौतम मंडल, गोपाल सिंह, छोटन रवानी, बिनय पांडेय, चंदन मिश्रा, देवानंद साव, प्रदीप रवानी, गोल्डी सिंह, शिवजी सिंह, मुन्ना अंसारी, राजेश मिश्रा, गौतम सिंह मास्टर, शेम्पू पांडेय, छोटन अंसारी, संतोष चौहान, दूधनाथ गोप तथा जीवन कुमार शामिल रहे. सभी ने दुर्गा पूजा के दौरान शांति बनाए रखने का संकल्प लिया.

न्यूज अपडेट

पुटकी एसबीआई एटीएम में काला टेप लगा ठगी का प्रयास

पुटकी (शुभम संदेश)। एक युवक की सतर्कता से पुटकी बाजार स्थित एसबीआई के एटीएम से कैश निकासी के दौरान पांच हजार रुपये गायब होने से बच गए. वहीं साइबर क्रिमिनल की करतूत उजागर हो गयी. सुबह करीब साढ़े आठ बजे पुटकी दो नम्बर का युवक पंकज बाजार के एसबीआई एटीएम से पांच हजार रुपया कैश निकालने की प्रक्रिया की. मशीन ने कैश की काउंटिंग कि लेकिन कैश बाहर नहीं निकला. युवक को शक हुआ तो कैश बाहर निकलने वाले स्थान को देखा तो ड्रॉप बॉक्स में काले रंग का टेप चिपका था. उसने नजदीकी लोगों को यह बात बताई. वीडियो रिकार्डिंग की व ड्रॉप बॉक्स को तोड़ कैश बाहर निकाला. घटना कि सूचना बैंक प्रबन्धन व पुटकी पुलिस को दी गयी. बता दें कि कुछ दिन पहले ही पुटकी दो नम्बर के भोला चौहान के ठगों ने चार हजार रुपया उड़ा लिए थे. स्थानीय कुछ व्यवसायियों ने पीठ पर बैग लटकाए एक संदिग्ध युवक को जल्दबाजी में भागते देखा था. पुटकी बाजार चेंम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मुर्तजा अंसारी व महासचिव हीरालाल शर्मा ने इलाके में बढ़ते साइबर अपराध पर चिंता व्यक्त किया. कहा कि पुटकी में आधा दर्जन से ज्यादा एटीएम संचालित है, लेकिन एक दो को छोड़ किसी भी एटीएम में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नही है जबकि पुटकी थाना मोड़ ,बाजार के एटीएम में कई आपराधिक घटनाएं घट चुकी है.इसके बावजूद बैंक एटीएम की सुरक्षा भगवान के भरोसे छोड़ रखा है.

युवक को मारा चाकू, छीन लिए मोबाईल, रुपए

गोमो (शुभम संदेश)। हरिहरपुर थाना समीप बुधवार शाम को एक युवक को घेर कर तीन युवकों ने चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया. युवक से मोबाइल और रूपये छीन लिए. घायल अवस्था में युवक ने थाना पहुंच कर घटना की जानकारी दी. पीड़ित युवक बी टाइप रेल कॉलोनी निवासी सुधीर सेन का पुत्र रिसब सेन (20) ने बताया कि थाना मोड़ स्थित पिंटू मिठाई दुकान से लौट रहा थे. तभी तीन बदमाश युवकों मे एक ने जान बूझ कर धक्का मार दिया. इस पर ठीक चलने की बात कहने पर तीन युवक उलझ कर मारपीट करने लगे. उनका विरोध करने पर उनमें से एक युवक ने चालू से वार कर मुझे घायल कर दिया. मोबाइल और जेब में रखे रूपये छीनकर भाग निकले. सूचना पाकर मेरे पिता पहुचे और फ़िर चंद कदम पास स्थित हरिहरपुर थाना पहुच कर पुलिस को घटना की जानकारी दी. मुझे इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ केन्द्र साहुबहियार भेज दिया गया.प्राथमिक उपचार के बाद धनबाद रेफर कर दिया गया.

विधायक ने किया दंत ओपीडी का उद्घाटन

बाघमारा (शुभम संदेश)। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ स्थानीय विधायक शत्रुघ्न महतो ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया. यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है. कार्यक्रम में सीएचसी बाघमारा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नाथ, डॉ. शोभा सिन्हा, आरबीएसकेके चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गालिब हुसैन, डॉक्टर बी. मंडल, डॉक्टर शेखर चंद्रा, डॉक्टर सुधीर कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भावेश चंद्र प्रकाश, प्रखंड लेखा प्रबंधक सन्नी लाल विद्यार्थी, अस्पताल के सभी एएनएम, जीएनएम स्वास्थ्य कर्मी, क्षेत्र की सहिया साथी और अन्य उपस्थित रहे. इस अवसर पर विधायक ने अस्पताल में दंत चिकित्सक ओपीडी का भी फीता काटकर शुभारंभ किया. उन्होंने जीर्णोद्धार किए गए प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया और वार्ड में भर्ती मरीजों से अस्पताल की सुविधाओं का जायजा लिया. विधायक ने सीएचसी द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया और मौजूदा कमियों को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया. स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किए जाएँगे. ये शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगाए जाएँगे. इनमें महिला स्वास्थ्य जाँच, मातृ और शिशु देखभाल, विशेष टीकाकरण, स्त्री रोग, बाल रोग और अन्य बीमारियों की जाँच व उपचार की सेवाएँ प्रदान की जाएँगी. यह अभियान क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

पीएम मोदी के 75वें जन्मदिवस पर मेगा रक्तदान शिविर

विधायक राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय में आयोजित शिविर में 90 यूनिट रक्त संग्रह

शुभम संदेश। धनबाद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत झारखंड विधानसभा के सचेतक एवं धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने अपने आवासीय कार्यालय जगजीवन नगर में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया और मानवता की सेवा के लिए अपना योगदान दिया. पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ धनबाद शहर की कई गण्यमान्य सामाजिक संस्थाओं के सदस्य, छात्र-छात्राएँ एवं युवाओं का जमावड़ा विधायक राज सिन्हा द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में हुआ. शिविर का उद्घाटन भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने फीता काटकर किया. उपस्थित कार्यकर्ताओं ने श्नरेंद्र मोदी जुग जुग जियोश्, श्नरेंद्र मोदी जिंदाबादश्, श्पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिंदाबादश् तथा श्श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिंदाबादश् के नारे लगाए. रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को विधायक राज सिन्हा ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया. इस शिविर में 90 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ. विधायक राज सिन्हा ने कहा कि आज अद्भुत संयोग है. हम शिल्पकार, निर्माणकर्ता या सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर रहे हैं और भारत वर्ष नए भारत के रूप में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में उभरा है. उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान शिविर कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना और मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है. रक्तदान मानवता की सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करता है. उन्होंने कहा कि हम इस तरह के सेवा कार्य आगे भी जारी रखेंगे, जो समाज के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाएगा. इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला मंत्री रीता यादव, नरेंद्र त्रिवेदी, प्रियंका देवी, जिला मंत्री एवं मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, संजय कुशवाहा, उचित महतो, मनोज मालाकार, दिलीप सिंह, निर्मल प्रधान, सत्येंद्र ओझा, किरण सिंह, गीता सिंह, मनोज गुप्ता, मौसम सिंह, अरुण सिंह, बबलू सिंह, बबलू फरीदी, अमित सिंह सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा कई आम लोग उपस्थित थे.

पीएम का जन्मदिवस मनाया, फलों का वितरण

केंदुआ। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वें जन्म दिवस पर भाजपा की कार्यकर्ताओं ने पूर्व महिला जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन की महिला जिलाध्यक्ष गीता सिंह के नेतृत्व में कुसुंडा जीवन ज्योति आश्रम के लोगों के संग मनाया. महिला नेत्री ने आश्रम के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया व फल बांटे. उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए प्रयासरत है. प्रधानमंत्री का जन्मदिवस ऐसे लोगों के साथ मनाना एक बेहतर प्रयास है .मौके पर सुशीला देवी, सत्या देवी, पुनिता देवी, रीना देवी, रीता देवी, गीता देवी, सोबिया देवी आदि मौजूद थे.

पीएम के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

बरोरा। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर धनबाद सांसद व बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने श्रीश्री राम राज मंदिर चिटाही धाम परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया. इस अवसर पर विधायक ने स्वयं रक्तदान कर समाज में मानवता और सेवा का संदेश दिया. शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया. धनबाद सांसद व बाघमारा विधायक ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया. इस दौरान चिकित्सक टीमों ने भी विधायक शत्रुघ्न महतो रक्तदान करने को लेकर प्रमाण पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया.

▼ ब्रीफ खबरें

रेल टेका डहरे छेका कार्यक्रम के तहत बैठक

डुमरी (गिरिडीह)। मधगोपाली पंचायत अंतर्गत नगलो में गुरुवार को कुड़मी समाज से जुड़े सदस्यों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में 20 सितंबर 2025 को रेल टेका डहरे छेका कार्यक्रम के तहत पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर रेल टेका की रणनीति बनाई गई और कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए आजसू युवा नेता मोहन महतो ने कहा कि कुड़मी समाज को एसटी सूची में शामिल करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इसमें सभी लोगों को पारंपरिक वेशभूषा और ढोल–मांदर के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचना है. उन्होंने बताया कि देशभर के 100 स्टेशनों पर कुड़मी समाज रेल रोकने का कार्यक्रम करेगा.

आदिवासी कारीगरों की कला राष्ट्रपति भवन पहुंची

दुमका। इसाफ फाउंडेशन की पहल और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ मटेरियल्स रिसर्च (एनआईएमएस) के सहयोग से दुमका के आदिवासी शिल्पकारों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित स्वतंत्रता दिवस 'एट होम' स्वागत समारोह के लिए विशेष बाँस से निर्मित किट तैयार कर भेजी. इन किटों में प्राकृतिक बाँस का उपयोग करते हुए अनूठी डिजाइन और दस्तकारी प्रस्तुत की गई, जो पूर्वी भारत की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प का प्रतिनिधित्व करती है. उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कारीगरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि यह दुमका की बाँस शिल्पकला की राष्ट्रीय पहचान है और हमारे कारीगरों के कौशल का सम्मान है.

इंनौस ने मनाया बेरोजगार दिवस

गावां (गिरिडीह)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को इंकलाबी नौजवान सभा (इंनौस) ने गावां बाजार में रिमझिम बारिश के बीच मशाल जुलूस निकाल कर राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस मनाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अकलेश यादव एवं संचालन प्रखंड सचिव आनंदी यादव ने किया. इस अवसर पर इंनौस जिला सचिव अशोक मिस्त्री ने कहा कि मोदी सरकार ने प्रत्येक वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की घोषणा की थी, लेकिन वह केवल जुमला साबित हुआ. आज लाखों युवा सड़कों पर हैं और सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि मोदी जी, मुद्दा मत भटकाइए, बताइए 12 साल में कितने युवाओं को रोजगार मिला? इस पर श्वेत पत्र जारी कीजिए. वहीं, प्रखंड अध्यक्ष अकलेश यादव ने कहा कि गावां में लगातार हत्या और आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन स्थानीय विधायक और सांसद मौन बने बैठे हैं.

खेलकूद प्रतियोगिता 21 सितंबर से

डुमरी (गिरिडीह)। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम (खेल मंत्रालय, भारत सरकार) की ओर से योगीडीह फुटबॉल मैदान में 21 से 22 सितंबर तक प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, रेस और वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा. इसकी जानकारी डुमरी इकाई अध्यक्ष केदार महतो ने दी.

प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का ट्रायल संपन्न

गिरिडीह। पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को गिरिडीह प्लस टू हाई स्कूल के खेल मैदान में किया गया. पहले दिन फुटबॉल और बैडमिंटन खेलों के लिए ट्रायल सफलता पूर्वक संपन्न हुए. जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जिसका आयोजन 24 एवं 25 सितंबर को रांची में होगा. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को आगे चलकर आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, जेएसएसपीएस प्रशिक्षण केन्द्र, खेल गांव रांची एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश का अवसर मिलेगा. पहले दिन फुटबॉल और बैडमिंटन खेलों में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025-26 के तहत 19 सितंबर को एथलेटिक्स, कबड्डी एवं कुश्ती खेलों के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे. उन्होंने जिले के अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की.

ट्रैक्टर चोरी कांड में 6 अपराधी गिरफ्तार, गए जेल

एक रिवॉल्वर, एक गोली, एक मारुति कार, एक चाकू और तीन मोबाइल बरामद

शुभम संदेश।बोकारो

चंद्रपुरा थाना अंतर्गत मदनपुर गांव से हुए ट्रैक्टर चोरी मामले का उद्भेदन करते हुए बोकारो पुलिस ने घटना में संलिप्त 6 अपराधियों को चोरी गए ट्रैक्टर (ट्रॉली सहित) के साथ गिरफ्तार कर लिया. इनके पास से एक रिवॉल्वर, एक गोली, एक मारुति कार, एक चाकू और तीन मोबाइल भी बरामद किए गए. इस संबंध में पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने चंद्रपुरा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी. इसके आधार पर 17 सितंबर 2025 को चंद्रपुरा, दुग्दा एवं झरिया थाना/ओपी द्वारा न्यू पिपराडीह मिलन चौक के पास चारपहिया वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया. जांच के क्रम में शाम लगभग 6:50 बजे एक सफेद मारुति सुजुकी टूर एस (डब्ल्यूबी09 0454) वाहन न्यू पिपराडीह बस्ती की ओर से आता दिखाई दिया. पुलिस बल द्वारा रोकने का प्रयास किए जाने पर उसमें बैठे दो लोग गाड़ी रोककर भागने लगे, जिन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया गया. पकड़े गए दोनों की पहचान शंकर कुमार दास (29 वर्ष, पिता- जागेश्वर दास, ग्राम- पिपराडीह टोला लालमटिया, थाना- चंद्रपुरा, जिला- बोकारो) और मुकेश यादव (28 वर्ष, पिता- राम सिंह यादव, ग्राम- डी. टाइप खटाल, थाना- चंद्रपुरा, जिला- बोकारो) के रूप में हुई. तलाशी लेने पर मुकेश यादव के पास से एक लोडेड रिवॉल्वर (एक जिंदा गोली सहित) और दो मोबाइल फोन तथा शंकर दास के पास से एक धारदार भुजाली और एक मोबाइल बरामद हुआ. कड़ी पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन के पास यात्रियों को हथियार दिखाकर लूटपाट करने की योजना बना रहे थे. पूछताछ के क्रम में शंकर दास ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों उमेश दास, दिलीप कुमार महतो, छोटू विश्वकर्मा और राजेश करमाली के साथ मिलकर 22 जुलाई 2025 की रात मदनपुर गांव से ट्रैक्टर (संख्या जेएच11ई 8451) चोरी किया था, जिसे हजारीबाग जिले के आंगो थाना अंतर्गत औरिया गांव निवासी प्रमोद साव (कबाड़ी व्यवसायी) को बेच दिया था. इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापामारी कर चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

इस संबंध में चंद्रपुरा थाना कांड संख्या-68/2025, दिनांक-22.07. 2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है. छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक सह पुलिस निरीक्षक बेरमो अंचल नवल किशोर सिंह, पुअनि अजय कुमार सिंह (थाना प्रभारी चंद्रपुरा), पुअनि मनीष कुमार (थाना प्रभारी दुग्दा), पुअनि श्रीनिवास सिंह (बोकारो झरिया ओपी), पुअनि कुंदन कुमार पासवान (चंद्रपुरा थाना), सअनि अजमत हुसैन, सअनि माधो टुडू, सअनि मनोज कुमार भारती, आरक्षी द्वारिका लाल प्रसाद, आरक्षी दिलीप कुमार महतो (सभी चंद्रपुरा थाना) शामिल थे.

मवेशी लदे पिकअप वाहन ने बच्चे को कुचला, मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने 7 घंटे तक की सड़क जाम, एसडीपीओ की पहल पर हटा

शुभम संदेश।तिसरी (गिरिडीह)

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत तिसरी–लोकाय मुख्य मार्ग स्थित पलमरुआ गांव में बुधवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया. यहां एक मवेशी लदे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने दो वर्षीय मासूम को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. मृतक पलमरुआ निवासी बिशुन पंडित का पुत्र दुलार पंडित था. हादसे के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और पिकअप वाहन के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए. साथ ही चालक को बंधक बनाने का प्रयास किया, लेकिन तिसरी पुलिस मौके पर पहुंच कर चालक को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई. दुर्घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया. सूचना मिलते ही तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार और लोकाय नयनपुर थाना प्रभारी अमित कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने और सड़क जाम जारी रखा. ग्रामीणों का कहना था कि इस मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों मवेशी लदे वाहन तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है. बुधवार को हुई यह दर्दनाक घटना उसी लापरवाही का परिणाम है. अंततः खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, इंस्पेक्टर रोहित कुमार और धनवार थाना प्रभारी सत्येंद्र पाल मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया. काफी मशक्कत और समझाने-बुझाने के बाद परिजन माने और लगभग सात घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया. वहीं, घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी ने अशोक उपाध्याय और मनोज यादव को अपने प्रतिनिधि के रूप में घटनास्थल पर भेजा. मौके पर जिप सदस्य किशुन यादव, रविंद्र पंडित, मुखिया प्रतिनिधि मो. मुस्तकीम, पंसस मो. कादिर समेत अन्य लोग मौजूद थे.

विवाहिता की कुंए में डूबने से मौत, सास गई जेल

गावां (गिरिडीह)। गावां थाना क्षेत्र के निमाडीह पंचायत अंतर्गत बेलाखुट्टा गांव में बुधवार की सुबह एक विवाहिता की संदेहास्पद परिस्थितियों में कुंए में डूबने से मौत हो गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया. इस संबंध में मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है. पुलिस ने मृतका की सास अष्टमा देवी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. जानकारी के अनुसार, बेलाखुट्टा निवासी पप्पू यादव की पत्नी निशु देवी (25) का शव गांव के एक कुंए में पाया गया. निशु देवी की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व हुई थी. मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि दामाद पप्पू यादव, ससुर रामदेव यादव, सास अष्टमा देवी, भैसुर रविंद यादव और देवर वीरेंद्र यादव ने दहेज में सोने की चेन की मांग को लेकर निशु की हत्या कर शव कुंए में डाल दिया. वहीं, मृतका की सास अष्टमा देवी ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि बुधवार की सुबह खिचड़ी बनाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद निशु ने कुंए में कूदकर आत्महत्या कर ली. अष्टमा देवी ने यह भी कहा कि उनका पति और पुत्र दोनों दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं. मृतका निशु का 13 माह का एक पुत्र भी है. पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि इस मामले में कांड संख्या 111/25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. वहीं, आगे की कार्रवाई की जा रही है.

स्कूटी दुर्घटना में युवक की मौत, दूसरा घायल

साहिबगंज (शुभम संदेश)। बुधवार को बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-साहिबगंज मुख्य पथ के हरिनचरा के समीप तेज रफ्तार ट्रिपल लोडेड स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस घटना में एक युवक बीस फीट नीचे पुल के नीचे गिर गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार, साहिबगंज एलसी रोड निवासी तीन युवक एक स्कूटी में सवार होकर किसी कार्य से साहिबगंज से बोरियो जा रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी काफी तेज रफ्तार में थी और तीखे मोड़ के कारण लोहे की रेलिंग को तोड़ते हुए दुर्घटना का शिकार हो गई. इस घटना में दो युवक मो. फुरकान (20) और मो. चांद (24) झाड़ियों में फंस गए, वहीं मो. आरिफ (25) बीस फीट पुल के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. बोरियो पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही एएसआई बिरम मरांडी सहित अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचे और घायलों को बोरियो सीएचसी लाया गया. वहां मौजूद डॉ. विनोद कुमार और डॉ. सुदामा कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया. इलाज के दौरान मो. आरिफ की मौत हो गई. वहीं मो. चांद के कमर में अंदरूनी चोट आई है, जिनका इलाज चल रहा है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की छानबीन कर रही है.

मुंबई में झारखंडी प्रवासी मजदूरों से मिले सुरेंद्र और सुनीता कुमारी

शुभम संदेश।डुमरी (गिरिडीह)

भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार एवं जिप सदस्य सुनीता कुमारी महाराष्ट्र के मुंबई पहुंचे, जहां उन्होंने ठाणे, मलाड, मालोनी, अंधेरी, डोंबिवली सहित विभिन्न स्थानों पर झारखंडी प्रवासी मजदूरों द्वारा आयोजित विश्वकर्मा पूजा पंडालों में शामिल होकर उनसे आत्मीय भेंट की. इस दौरान प्रवासी मजदूरों ने जगह-जगह दोनों का भव्य स्वागत किया. अपने संबोधन में सुरेंद्र कुमार और सुनीता कुमारी ने कहा कि केंद्र और झारखंड सरकार को आपसी सामंजस्य बनाकर प्रवासी मजदूरों के हित में ठोस कदम उठाने चाहिए. झारखंड में तमाम सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद हजारों लोग रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं. उन्होंने बताया कि रेल सुविधा बढ़ाने के लिए प्रयास जारी है और कुछ सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं. साथ ही, मुंबई के लिए नई रेल सुविधा की मांग राज्यपाल संतोष गंगवार, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और धनबाद सांसद ढुलू महतो को सौंपे गए मांग पत्र में की गई है. उम्मीद है कि केंद्रीय रेल मंत्री इस पर सकारात्मक विचार करेंगे और झारखंड से मुंबई के लिए नई रेल सुविधा उपलब्ध कराएँगे. दोनों नेताओं ने प्रवासी मजदूरों से झारखंड प्रवासी ऐप में अपना पंजीकरण कराने की अपील भी की.

सांसद खेल महोत्सव में दो लाख प्रतिभागी होंगे शामिल

12 अक्टूबर को बिरसा मुंडा स्टेडियम, धनबाद में होगा शुभारंभ

शुभम संदेश।बोकारो

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने खेल महोत्सव को लेकर गुरुवार को सेक्टर-1 स्थित सांसद आवास में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है. धनबाद लोकसभा क्षेत्र में इसका शुभारंभ 12 अक्टूबर 2025 को बिरसा मुंडा स्टेडियम, धनबाद में किया जाएगा. इस महोत्सव में फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, जूडो, एथलेटिक्स, शतरंज, क्रिकेट, तीरंदाजी के अलावा विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए वॉकिंग रेस और दिव्यांगजन के लिए व्हीलचेयर रेस का आयोजन किया जाएगा. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लगभग दो लाख प्रतिभागियों के इसमें शामिल होने की संभावना है. सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य फिट युवा, सशक्त वरिष्ठ नागरिक, स्वस्थ बुजुर्ग और आत्मनिर्भर दिव्यांगजन है. यही एक विकसित भारत की पहचान है. उन्होंने धनबाद, सिंदरी, झरिया, निरसा, बोकारो और चंदनकियारी के सभी युवाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग साथियों से अपील की कि वे खेल महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने क्षेत्र, राज्य एवं देश का नाम रोशन करें. इस अवसर पर चंदनकियारी के पूर्व विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि खेल सिर्फ जीत और हार का नाम नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और भाईचारे का माध्यम है. उन्होंने सभी से मिलकर इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने और युवाओं को राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की. कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंबिका खवास, कृष्ण कुमार मुन्ना, खेल विभाग सांसद प्रतिनिधि एंजेला सिंह, सांसद प्रतिनिधि परिंदा सिंह, मुकेश राय, मंटू राय, विनेश नायक, सुभाष महतो, अमर स्वर्णकार, अविनाश, विक्रम महतो, विनोद गोराई, विकास महत्था, लालजी महतो, मुकेश बाउरी सहित कई लोग उपस्थित रहे.

डीसी ने की विकास योजनाओं की बैठक

शुभम संदेश।गिरिडीह

डीसी रामनिवास यादव ने गुरुवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में मनरेगा, पीएम आवास, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना समेत कई विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की. इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. समीक्षा के क्रम में कार्यों में कोताही बरतने वाले कर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें और लोगों को इसका लाभ प्रदान करें. डीसी ने मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान यह निर्देश भी दिया कि वर्षों से पेंडिंग पड़े सभी योजनाओं को अविलंब पूर्ण किया जाए, मानव दिवस सृजन में प्रगति लाई जाए, शत-प्रतिशत जियो टैगिंग की जाए और अन्य योजनाओं को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए. बैठक में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति, लाभुकों की राशि की स्थिति की समीक्षा की गई. डीसी ने कहा कि सभी लंबित आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें और किस्तों का भुगतान समय पर किया जाए. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी योग्य लाभुक इन योजनाओं से वंचित न रहे. उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लंबित योजनाओं में अगले एक हफ्ते के अंदर प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया. बैठक के दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की और मनरेगा के सभी आयामों में प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पूरी पारदर्शिता के साथ योजनाओं को सुचारू रूप से पूरा किया जाए. साथ ही अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में दिए गए लक्ष्य, स्वीकृति, किस्त भुगतान, फेल्यर पेमेंट, हाउस कंप्लीशन और जियो टैगिंग आदि की जानकारी ली गई. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लक्ष्यों को पूरा करने का भी निर्देश दिया गया. बिरसा हरित ग्राम योजना तथा बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में प्रगति लाने का निर्देश भी दिया गया. बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक, डीआरडीए, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की कई दुकानों की जांच

दुमका (शुभम संदेश)। आगामी दुर्गापूजा एवं अन्य पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए गुरुवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान गिलानपाड़ा स्थित मोनिका स्वीट्स के मिठाई कारखाने, दुधानी स्थित खुशबू जलपान एवं मिठाई दुकान, दिलीप सेन नाश्ता एवं मिठाई दुकान तथा अग्रसेन भवन रोड स्थित सियाराम सॉल्ट दुकान की जांच की गई. इस दौरान खोवा, रसगुल्ला एवं पनीर का सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजा गया है. रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. साथ ही मौके पर फ्राइंग ऑयल मॉनिटर से इस्तेमाल किए जा रहे खाद्य तेल की जांच की गई, जो मानक के अनुरूप पाया गया.

न्यूज अपडेट

तिसरी में कार-बाइक की टक्कर, एक की मौत

तिसरी (शुभम संदेश)। जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां स्विफ्ट कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए. घटना तिसरी थाना क्षेत्र के थंभाचक गांव के पास हुई. मिली जानकारी के अनुसार, देवरी प्रखंड के बेरिया गांव निवासी 19 वर्षीय कुतुबउद्दीन अंसारी अपने दो साथी, सोनापहाड़ी गांव के सरताज अंसारी और बेरिया के मोहम्मद मेहराज, के साथ बाइक से घर लौट रहा था. इसी दौरान गिरिडीह की ओर से आ रही कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद कार ने लगभग 50 मीटर तक बाइक को घसीटते हुए ले गया. हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े. घटना की सूचना पर तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टरों ने कुतुबउद्दीन को मृत घोषित कर दिया. घायल सरताज और मेहराज को प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह रेफर कर दिया गया. कार सवार चालक और उसके साथी घटना के बाद फरार बताए जा रहे हैं.

पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण कार्य पर रोक

साहिबगंज (शुभम संदेश)। बोरियो प्रखंड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में लगभग 46 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास (लड़के-लड़कियां) एवं प्राचार्य आवास आदि कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी पाए जाने पर उपायुक्त साहिबगंज के निर्देश पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रामाकांत ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया निर्माण कार्य में प्रयुक्त ईंट और अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई. साथ ही स्थल पर लेबर पंजी उपलब्ध नहीं था और योजना स्थल पर सूचना पट्ट भी नहीं लगाया गया था. डीडीसी सतीश चंद्रा ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश जारी किया और मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिए. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना ठेकेदार एजेंसी की प्राथमिक जिम्मेदारी है.

अवैध पार्किंग करने पर लाइसेंस होंगे रद्द : डीसी

बोकारो(शुभम संदेश)। समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी नियंत्रण के उपायों पर चर्चा हुई. उपायुक्त ने कहा कि एक भी जान का नुकसान बहुत बड़ा है और इसे रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने होंगे. उन्होंने पिछले माह हुई सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग गंभीर समस्या है और ट्रक चालकों व ट्रांसपोर्टरों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बार-बार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी. बैठक में बियाडा औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण को प्राथमिकता देने, वैकल्पिक सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में वन-वे रणनीति लागू करने और एनएच 23, 32 और 218 के ब्लैक स्पॉट पर सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने के निर्देश दिए गए. उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों के सहयोग और गुड सेमेरिटन योजना के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया. बैठक में उपायुक्त ने दो व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है. सभी विभाग और आम जनता मिलकर ही सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं.

मदरसा छात्रा की मौत आत्महत्या : एसडीपीओ

गोड्डा (शुभम संदेश)। महगामा अनुमंडल के ग्राम कसबा स्थित उम्मुल मोमनीन जामिया आयशा लीलबनात मदरसा में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई छात्रा की मौत का खुलासा महगामा पुलिस ने किया है. एसडीपीओ महगामा चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार छात्रा की मौत फांसी के कारण हुई थी और यह हत्या नहीं बल्कि आत्महत्या थी. पदाधिकारी ने बताया कि मृतका घर से लौटने के बाद परेशान रहती थी और लगातार रोती रहती थी. उसने अपनी सहेलियों को आत्महत्या की बात कही थी. एक सुसाइड नोट भी मिला है, लेकिन उसकी लिखावट मृतका की नहीं बल्कि उसकी सहेली की है, जिसे मृतका के कहने पर लिखा गया ताकि उसकी मां डर जाए. पुलिस ने तीन छात्राओं के बयान न्यायालय में दर्ज किए हैं. इसके अलावा, मृतका के कपड़े और अन्य वस्तुएं फॉरेंसिक जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दी गई हैं. हालांकि कई तथ्य अभी भी जांच के दायरे में हैं. घटना के तुरंत बाद मृतका के परिजनों ने मौलवी पर हत्या का आरोप लगाया था. मदरसा प्रबंधन राजनीतिक और आर्थिक रूप से मजबूत बताया जाता है, जिससे यह मामला संवेदनशील बना हुआ है.

जाहेर थान को हटाने के खिलाफ जताया विरोध

गोड्डा (शुभम संदेश)। गोड्डा पौड़ेयाहाट मुख्य मार्ग पर ग्राम हरियारी में एनएच 133 के किनारे वर्षों पूर्व बने जाहेर थान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की योजना को लेकर आदिवासी समाज ने विरोध जताया है. संताल परगना जाहेर थान बचाओ समिति के बैनर तले आदिवासियों का जुटान हुआ, जिसमें उन्होंने अपने पूजा स्थल जाहेर थान को बचाने के लिए बैठक की और इसका विरोध करने का निर्णय लिया. दरअसल, हंसडीहा–महगामा फोरलेन निर्माण के दौरान सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है. इस वजह से जाहेर थान, जो सड़क के बीच में स्थित है, उसे पूरे विधि-विधान के साथ अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना है. आदिवासी समाज इस स्थानांतरण का विरोध कर रहा है. आदिवासी समाज के अवध किशोर हांसदा ने कहा कि जाहेर थान सैकड़ों साल पुराना है और पर्चा में भी दर्ज है. आदिवासी समाज यहां पूजा-अर्चना करता आ रहा है और इसकी आस्था से जुड़ा है. उन्होंने कहा कि इसके स्थानांतरण का विरोध किया जाएगा. बुधवार को आयोजित बैठक में आस-पास के कई गांवों से आदिवासी समाज के बड़े बुजुर्ग, मांझी, हड़ाम, स्त्री-पुरुष बड़ी संख्या में जुटे और एक स्वर में कहा कि जाहेर थान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी. ज्ञात हो कि डीबीएल कंपनी द्वारा कराए जा रहे फोरलेन निर्माण का कार्य अब अंतिम चरण में है. सड़क पर आवागमन को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए जाहेर थान को शिफ्ट करना आवश्यक है, अन्यथा दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी.

समरेश की स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

बोकारो (शुभम संदेश)। विश्वकर्मा पूजन दिवस के अवसर पर बोकारो विधानसभा क्षेत्र के बियाडा कॉलोनी, सेक्टर-12, एनएच-32 स्थित बिरसा बासा फुटबॉल मैदान में कोल्हान स्पोर्टिंग क्लब एवं चंदनकियारी के गलगल टांड़ की ओर से स्व. वीर समरेश सिंह दादा की स्मृति में भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि बिरसा बासा मैदान फुटबॉल प्रेमियों के लिए सर्वविदित है. इस मैदान का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है. यहां से अनेक खिलाड़ी राज्य और देश का नाम रौशन कर चुके हैं. विधायक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है. खेलकूद से शरीर का संपूर्ण व्यायाम होता है, जो तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने में सहायक है. इसलिए बच्चों, विशेष कर युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने की जरूरत है. चंदनकियारी के गलगल टांड़ में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. वीर समरेश सिंह दादा स्वयं भी एक अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी थे.

खोया - पाया

सूचना

सूचित करना है कि मेरे चीरा चास स्थित लक्ष्मी अपार्टमेंट ,फ्लैट नंबर 13, ब्लॉक A के सभी कागजात लक्ष्मी मार्केट, सेक्टर 4 में गिर गए हैं। इसकी सनहा भी सेक्टर 4 थाने में भी करा दिया गया है। जिनको मिले वो मुझे कृपा कर वापस करें। उनको पुरस्कृत किया जाएगा।

दीप्ति सिंह, क्वार्टर नबर 7157, सेक्टर 4F, बोकारो इस्पात नगर

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

निविदा सूचना सं. : इलेक्ट–एसआरसी–एसटी–25–26–केओईएल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए नीचे विस्तृत अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई–निविदा प्रणाली के जरिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल द्वारा एकल निविदा आमंत्रित की जाती है। योग्य ठेकेदारों से अनुरोध है कि इसके लिए केवल ऑनलाइन के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में आवेदन करें। इस निविदा के लिए कोई ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विवरण के लिए, कृपया डॉक्यूमेंट सेक्शन में अपलोड किए गए निविदा कागजात को ध्यान से पढ़ें। **कार्य का नाम** : तीन वर्ष की अवधि के लिए सांतरागाछी, शालीमार और पद्मपुकुर कोचिंग डिपो में डीजी सेटों के रखरखाव सहित प्राथमिक अनुरक्षित रेकों की पावर कारों में फिट किए हुए सहायक उपकरणों के साथ विभिन्न रेकों की पावर कारों में स्थापित 'केओईएल' प्रस्तुतकारक डीजी सेट (500 केवीए) की एस्कॉर्टिंग, परिचालन, 'ए', 'बी' और 'सी' जांच। **निविदा मूल्य** : रु. 13,54,87,827.33, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति** : रु. 8,27,400/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.10.2025, 11.00 बजे । निविदा सूचना, निविदा कागजात व अन्य विवरण **www.ireps.gov.in** में उपलब्ध हैं। (PR-638)

ब्रीफ खबरें

सीआईएसएफ ने लौह सामग्री लदा टोटो पकड़ा

पुटकी। मुनिडीह प्रोजेक्ट में विश्वकर्मा पूजा की शाम सीआईएसएफ ने मेन गेट पर कीमती लौह सामग्री लदे टोटो को पकड़ लिया. बीसीसीएल कर्मी अर्जुन कर्मकार ने टोटो चालक से मिलकर पूजा देखने के बहाने सामग्री टपाने की योजना बनाई थी लेकिन गेट पर एन वक्त सीआईएसएफ ने गेट पास की मांग की तो कर्मी कागज लाने के बहाने भाग निकला.जवान ने सामग्री लदे टोटो व चालक संजय भारती को पकड़ लिया. पीओ एसके पांजा ने अर्जुन के खिलाफ मुनिडीह ओपी में केस दर्ज करने का सुरक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है.टोटो पर एफएलटी बेल्ट, सात स्विच, ऑडियो वीडियो अलार्म,पिनियन साफ्ट, टाई रॉड, कपलिंग आदि लदे थे. टोटो चालक संजय भारती ने बताया की विश्वकर्मा पूजा के दिन अर्जुन ने कहा था कि सामान रिपेरिंग करवाने के लिये लाना है, पर जब सामान लेकर गेट पहुंचा तो सीआईएसएफ के जवान ने पकड़ लिया.

फुलवार टांड़ का रेलवे फाटक 8 घंटे के लिए रहेगा बंद

धनबाद। नोर्थ लाइन में फुलवार टांड़ का रेलवे फाटक 8 घंटे के लिए बंद रहेगा. इस संबंध में पूर्व मध्य रेलवे के वरीय अनुभाग अभियंता, रेलपथ कतरासगढ़, ने बताया कि नोर्थ लाइन में रेलवे लाइन के मरम्मत का कार्य किया जाना है. इसके कारण रेलवे फाटक संख्या 8/एसपीएल/3टी (केएमः-21/14-16) फुलवार टांड़ 20 सितंबर को रात 08:00 बजे से दिनांक 21 सितंबर को सुबह 04:00 बजे तक रेलवे फाटक पूर्णतः बंद रहेगा.

तत्कालीन थाना प्रभारी को सम्मान

लोयाबाद। लोयाबाद हनुमान मंदिर समिति की ओर से बुधवार को तत्कालीन लोयाबाद थाना प्रभारी राजन कुमार राम को सम्मानित किया गया. समिति ने बताया कि राजन कुमार राम ने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में बढ़-चढ़कर भाग लिया था और आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया था. फिलहाल गोड्डा में पदस्थापित राजन राम बुधवार को वह विभागीय कार्य से लोयाबाद पहुंचे थे.

पूजा से पहले बुनियादी व्यवस्था करें दुरुस्त : डीसी

- पंडालों की पार्किंग, सुरक्षा और सफाई की होगी जांच
- एनएच को जाम मुक्त रखने के लिए राजगंज व गोविंदपुर में रहेगी क्रेन
- ओवरस्पीड और नाबालिग चालकों पर सख्ती

शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्गा पूजा से पहले जिले में पानी, बिजली, सड़क, साफ सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर यहां के भव्य पंडालों और प्रतिमा को देखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ-साथ पड़ोसी जिले एवं पड़ोसी राज्य से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं. इसलिए प्रशासन का उद्देश्य जिले को स्वच्छ व सुंदर रखना है. उन्होंने सड़क किनारे पड़े बेकार खंभे, होर्डिंग, वर्षों से बंद पड़ी गुमटी, पाइप, केबल इत्यादि को हटाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया. उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए गोविंदपुर एवं राजगंज में क्रेन रहेगी. जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को उठाकर संबंधित थाना को सुपुर्द करेगी. नगर निगम क्षेत्र को जाम मुक्त रखने के लिए अभियान चलाया जाएगा. जिससे लोगों को जाम से मुक्ति मिले और स्ट्रीट वेंडर्स को भी परेशानी नहीं हो. उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले सभी अंचल अधिकारियों की अध्यक्षता में तथा नगर निगम क्षेत्र में अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी. कमिटी अपने क्षेत्र के पंडालों का भ्रमण कर पार्किंग स्थल, साफ सफाई सहित अन्य बिंदुओं का आकलन कर पूजा समिति को सहयोग प्रदान करेगी. सुरक्षा की दृष्टि से अपने क्षेत्र में थाना प्रभारी के साथ मिलकर भ्रमण करेगी. बैठक में उपायुक्त ने सड़क के सभी कट से पहले साइन बोर्ड लगाने, स्ट्रीट लाइट चालू करने, स्कूल बस ड्राइवर का लाइसेंस एवं बस के कंडीशन की जांच करने सहित अन्य निर्देश दिए. वहीं दुर्गा पूजा में सड़क सुरक्षा की दृष्टि से उपायुक्त ने वन विभाग, धनबाद नगर निगम, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, एनएचएआई दुर्गापुर, पथ निर्माण विभाग, स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ झारखंड के साथ-साथ सभी अंचल अधिकारियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

दो हेलमेट किया अनिवार्य, ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन

बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने शहर में ओवर स्पीड वाहनों पर अंकुश लगाने तथा बिना हेलमेट व बिना लाईसेंस एवं नाबालिकों वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने, नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने, सभी टू व्हीलर शोरूम को दो पहिया वाहन बिक्री करते समय खरीदार को अच्छी गुणवत्ता और आईएसआई मार्क वाले दो हेलमेट अनिवार्य रूप से देने, शॉपिंग मॉल एवं कमर्शियल बिल्डिंग जिनका अपना पार्किंग नहीं है और जिनके कारण पार्किंग तथा जाम की समस्या होती है, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया. बैठक में एनएच में सड़क किनारे खड़े रहने वाले वाहनों के विरुद्ध कारवाई करने, भारी वाहनों, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा हो, उसमें कैप लगाकर तथा जुर्माना लगाकर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने, सिजुआ से शक्ति चौक तक जर्जर रोड है, जिसका मुख्य कारण पानी है, पीएचईडी को पाइप लाइन ठीक करने, बलियापुर झरिया रोड की मरम्मत करने, भूइफोड मंदिर से बलियापुर वाली सड़क बनाने के लिए आरसीडी को प्राक्कलन तैयार करने, एनएचएआई दुर्गापुर को धनबाद मोड़ के पास कट बंद कर रंगदीह मोड से कट रखने, किसान चौक के पास सारे कट्स बंद कर जरूरी कट के पास साइनबोर्ड लगाने, एनएचएआई धनबाद व दुर्गापुर को सभी बंद स्ट्रीट लाइट शीघ्र ठीक कराने सहित अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिए गए. बैठक में विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह के अलावा, बीसीसीएल, ईसीएल, गेल, एनएचएआई सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे.

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

धनबाद (शुभम संदेश)। घूमने के बहाने तोपचांची ले जाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने हजारीबाग मझगवां निवासी सोनू चंद्र पांडे को 20 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है. ग्यारह सितंबर को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर तोपचांची थाने में 7 दिसंबर 2023 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक सोनू ने पीड़िता से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की थी. फिर उसका मोबाइल नंबर लेकर उससे बातचीत करने लगा. आरोप था कि 8 नवंबर 21 को सोनू ने पीड़िता को घूमने के बहाने बुलाया और तोपचांची झील ले गया. जहां झाड़ी में उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया.आरोप था कि सोनू ने पीड़िता को धमकी दी थी कि यदि इस विषय में किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देगा.घटना के बाद सोनू बराबर पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा और उसके साथ संबंध बनाने लगा.

ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स ने लगाया रक्तदान शिविर

शुभम संदेश। धनबाद

ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स और प्रभातम ग्रांड मॉल, धनबाद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां एसजेएस ब्लड सेंटर ने कुल 51 यूनिट रक्त संग्रह किया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रभातम मॉल के प्रबंधक संजय नायक, समाजसेवी संतनु चंद्रा उर्फ बबलू पासवान, किन्नर समाज के प्रदेश सचिव श्वेता किन्नर, ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल, आर लांच के पवन यादव, क्रोमा के प्रबंधक विक्रम कुमारतथा प्रकाश कुमार ने किया. इन सभी ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उनका धन्यवाद किया और शिविर का शुभारंभ किया. रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने के लिए रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, पंख एक नई दिशा के अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, मुस्कान एक प्रयास के ललिता चौहान, जनाधिकार मंच के सौरभ सिंह, हिंदू जनजागृति मंच के अध्यक्ष अमन झा तथा मालती कुमारी का सराहनीय योगदान रहा. मौके पर ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल, केंद्रीय सचिव रोहित मंडल, केंद्रीय सदस्य अमित कुमार रवानी, बबलू पासवान, अनिकेत मंडल, राहुल मंडल, सचिन मंडल, चिरंजित मंडल, अनीश मंडल, सजास ब्लड बैंक के मेडिकल ऑफिसर सुदीप पांडे, मनजीत कुमार, लीना जी एवं अन्य लोग मौजूद थे. संस्था के अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल ने कहा कि रक्त के जरूरतमंदों का ख्याल रखते हुए धनबाद के सभी ब्लड बैंकों को हर साल एक-एक रक्तदान शिविर आयोजित कराया जाएगा.

उपायुक्त ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- सही पोषण का अलख जगाने की दिलाई शपथ

शुभम संदेश। धनबाद

राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उपायुक्त ने कहा कि पोषण रथ बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक आहार देने के लिए लोगों जागरूक करेगा. इसमें सहिया, सेविका, पोषण सखियां भी अपना योगदान देंगी. लोगों को समझाया जाएगा कि बच्चों को जन्म के 6 माह तक सिर्फ मां का दूध पिलाने, 6 माह पूरे होने के बाद बच्चे को स्तनपान के साथ-साथ पूरक आहार देने, बच्चों को घर का बना ताजा गाढ़ा मसाला हुआ भोजन दिन में 3 से 5 बार देने, भोजन में पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने इत्यादि से संबंधित जानकारी दी जाएगी. यह अभियान 16 अक्टूबर तक चलाया जाएगा. उपायुक्त ने कहा कि जिले के प्रखंड में स्थित कुपोषण उपचार केंद्रों (एमटीसी) में आने वालों की संख्या पिछले 3 महीने में 5 से 6 गुना बढ़ी है. जबकि सदर अस्पताल में यह 100 गुना बढ़ी है. इसका श्रेय समाज कल्याण विभाग को जाता है. वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान बताया जाएगा कि आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले पोषाहार की सही खुराक बच्चों की उचित वृद्धि में सहायता करती है. प्रत्येक माह आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे का वजन और लंबाई नापने, पोषण एवं स्वच्छता दिवस पर सूची के अनुसार आवश्यक टीकाकरण करवाने के साथ बच्चों का मन बहलाते हुए और उन्हें लोरी या कहानी आदि सुनाकर धैर्य से भोजन कराने के लिए प्रेरित किया जएगा. इसके बाद उपायुक्त ने सभी को सही पोषण देश रोशन की शपथ दिलाई. जिसमें भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त स्वास्थ्य, राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने, अभियान को देश व्यापी जन आंदोलन बनाने, हर घर, हर विद्यालय, हर गांव, हर शहर में सही पोषण का अलख जगाने की शपथ दिलाई.

सदर अस्पताल में युवा संघर्ष मोर्चा ने मरीजों को बांटे फल

शुभम संदेश। धनबाद

युवा संघर्ष मोर्चा ने गुरुवार को सदर अस्पताल धनबाद में फल वितरण किया. युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह एवं प्रवक्ता पप्पू सिंह ने सदर अस्पताल पहुंचकर महिला एवं पुरुष वार्ड के मरीजों के बीच फल वितरित किए. मरीजों के स्वस्थ रहने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. दिलीप सिंह ने अस्पताल की सफाई-सफाई एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी मरीजों से ली. अस्पताल के चिकित्सकों से मरीजों के बेहतर इलाज के लिए अपील की. 50 मरीजों को लाभ मिला. इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा अस्पताल की व्यवस्था में सुधार पर जिला प्रशासन का आभार जताया. पप्पू सिंह ने कहा कि संस्था की ओर से खिचड़ी का वितरण किया जाएगा. कार्यक्रम में संगठन के जीरखन सिंह, तजरूदीन, रवि, भारत, अनुज चौहान, प्रभात विश्वकर्मा, राजू, शशि सिंह, मनोज मिश्रा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे.

आसनसोल

शमशान भूमि की बिक्री और अवैध कब्जे के विरोध में प्रदर्शन

शुभम संदेश। बराकर

बराकर नगर के देवनगर इलाके में बराकर नदी किनारे स्थित वर्षों पुरानी श्मशान भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार यह जमीन लंबे समय से हिंदू समुदाय द्वारा अंतिम संस्कार के लिए प्रयोग की जाती रही है. लेकिन हाल ही में सीतारामपुर निवासी अरुण गोपालका नामक व्यक्ति द्वारा इस जमीन पर अपना दावा करते हुए उसे बेचने की बात कही गई, जिससे स्थानीय लोगों में रोष फैल गया. अरुण गोपालका ने कथित रूप से लोगों से कहा कि यह जमीन हमारी है, इसे घर बना कर बेचा जाएगा. जो लेना चाहे, ले सकता है. इस के बाद स्थानीय निवासियों में आक्रोश व्याप्त हो गया. इसके विरोध में देवनगर की महिलाओं ने श्मशान भूमि के एक हिस्से में शिवलिंग की स्थापना कर दी और उसके चारों ओर बाँस की बाड़ लगाकर उसे धार्मिक स्थल का रूप दे दिया. महिलाओं का स्पष्ट कहना है कि यह मंदिर अब यहाँ से नहीं हटेगा और न ही श्मशान की जमीन पर किसी प्रकार का अतिक्रमण सहा जाएगा. स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जमीन पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर कुछ लोग अवैध कार्य भी कर रहे हैं, जिससे पवित्र श्मशान स्थल की गरिमा और शुद्धता को ठेस पहुँच रही है. लोगों ने यह भी कहा कि इस जगह को बेचने या उस पर कब्जा करने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. गुरुवार को इस मुद्दे को लेकर देवनगर सहित आसपास के चार से पांच मोहल्लों के लोगों ने एक सामूहिक बैठक की और विरोध जताया. बैठक में यह तय किया गया कि एक सामूहिक हस्ताक्षर याचिकातैयार कर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा जाएगा, ताकि कानूनी कार्रवाई की जा सके और भविष्य में ऐसे प्रयासों पर रोक लग सके.

रेल रोको पर हाईकोर्ट सख्त, पुरुलिया प्रशासन ने दी चेतावनी

पुरुलिया (शुभम संदेश)। कुड़मियों द्वारा प्रस्तावित रेल रोको कार्यक्रम को लेकर हाईकोर्ट के सख्त निर्देश के बाद पुरुलिया जिला प्रशासन हरकत में आ गया है. इसी को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चेतावनी दी कि जनजीवन बाधित करने वाले किसी भी कार्यक्रम की इजाजत नहीं दी जाएगी. प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने कहा कि हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं किया जा सकता जिससे आम जनता को असुविधा हो या जनजीवन प्रभावित हो. उन्होंने कहा कि यदि इसके बावजूद 'रेल रोको' या 'रोड रोको' जैसे आंदोलन होते हैं, तो जिला प्रशासन सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा. उन्होंने कुड़मी समाज और आंदोलनकारियों से अपील की कि वे कानून का पालन करें और किसी भी प्रकार की गतिविधि से दूर रहें जिससे यातायात व्यवस्था ठप हो या आम जनता को परेशानी झेलनी पड़े.

जीईसीएल प्लांट के ट्रेलर से कुचलकर युवक की मौत

- भड़के लोगों ने मांगा उचित मुआवजा

शुभम संदेश। बर्नपुर

हीरापुर थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 106 अंतर्गत बोडोडांगा इलाके में मंगलवार की शाम एक वाहन ने रास्ते से गुजर रहे एक युवक को कुचल दिया. जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृत युवक की पहचान बोडो डांगा निवासी किशन हेंब्रम के रूप में हुई. बताया जाता है कि मंगलवार की शाम की वह विश्वकर्मा पूजा के लिए अपने मालिक की गाड़ी को धोकर वापस घर जा रहा था. इसी दौरान पास से गुजर रहे एक चार पहिया वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही काफी संख्या में घटनास्थल पर स्थानीय लोग जुट गए. इस दौरान स्थानीय लोगों ने आश्रित को उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए दोषी वाहन चालक को गिरफ्तार करने की मांग की. वहीं मृत युवक के गाड़ी मालिक कृष्णेंदु राय उर्फ सानू ने बताया कि मृतक उसके यहां काम करता था. परसो ही उसे पेमेंट दिया गया था. वह विश्वकर्मा पूजा को लेकर गाड़ी धोकर घर जा रहा था. इसी दौरान चार पहिया पहन ने कुचल दिया. जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई. उसके आश्रित की मुआवजा मिले इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है. स्थानीय पार्षद अक्षय घोष ने बताया कि स्थानीय जीईईसीएल प्रबंधन से वाहनों को सावधानीपूर्वक चलाने को कहा गया था. यहां रास्ता काफी पतला है लेकिन सोमवार की शाम जीईईसीएल के एक ट्रेलर से कुचल युवक की मौत हो गई है. घर पर केवल उसकी मां ही रह गयी है. प्रशासन से आश्रित को उचित मुआवजे एवं सहायता दिलाने की अपील की जा रही है.

दुर्गापूजा कमेटियों को किया गया मुख्यमंत्री अनुदान का चेक वितरण

शुभम संदेश। सांकतोड़िया

राज्य सरकार की ओर से दुर्गापूजा समितियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता के तहत गुरुवार को नितुरिया थाना परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर चेक वितरण किया . कार्यक्रम में नितुरिया ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली सभी दुर्गापूजा कमिटियों को मुख्यमंत्री की पहल पर चेक प्रदान किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष शांतिभूषण प्रसाद यादव के साथ नितुरिया थाना प्रभारी सुकुमार होता, एसआई गोपाल मन्ना तथा क्षेत्र की सभी दुर्गापूजा समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे. अध्यक्ष यादव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि दुर्गापूजा जैसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में किसी प्रकार की आर्थिक कठिनाई न हो, इसलिए मुख्यमंत्री द्वारा यह पहल की गई है, जिससे सभी कमिटियों को समय पर सहयोग मिल सके. थाना परिसर में सभी समितियों को चेक सौंपते हुए अधिकारियों ने यह भी अपील की कि अनुदान का सही उपयोग कर पर्व को शांतिपूर्ण और भव्य रूप से मनाया जाए.

रानीगंज शिल्पांचल में विश्वकर्मा पूजा की धूम

शुभम संदेश। रानीगंज

रानीगंज के मंगलपुर औद्योगिक नगरी के कल कारखानों में, जमुरिया औद्योगिक नगरी, दुर्गापुर औद्योगिक नगरी मैं भव्य रूप से विश्वकर्मा पूजा मनाई गई. रानीगंज के प्रतिष्ठित भालोटीया इंडस्ट्री के द्वारा बकतानगर क्षेत्र में भव्य रूप से पूजा की गई. आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खिचड़ी प्रसाद ग्रहण करवाया गया. आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई जिसके दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ रही आयोजन विजय भालोटीया, राजेंद्र प्रसाद भालोटीया, रवि शंकर शर्मा सुंदर भालोटीया ,महेंद्र भालोटीया सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए. बांसड़ा हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग के पास सुभदर्शनी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में भी पूजा मनाई गई . सुप्रसिद्ध पंडित एमके मिश्रा ने कहा कि यह पर्व भगवान विश्वकर्मा की जयंती के रूप में मनाया जाता है. भगवान विश्वकर्मा की पूजा से व्यवसाय, उद्योग और शिल्पकला में वृद्धि होती है. मशीनरी और औजारों की पूजा से वे सुरक्षित रहते हैं और कार्य में सफलता मिलती है.

सीओएएलआरआर एप्लिकेशन का हुआ शुभारंभ : सीएमडी

शुभम संदेश। सांकतोड़िया

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने गुरुवार को आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के सीएमडी समन्वय बैठक के अवसर पर सीओएएलआरआर एप्लिकेशन का शुभारंभ किया. बैठक की अध्यक्षता पीएम प्रसाद, अध्यक्ष, सीआईएल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की. इस अवसर पर सीआईएल की विभिन्न सहायक कंपनियों के अध्यक्षगण, फंक्शनल निदेशकगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. ईसीएल के सीएमडी सतीश झा ने ईसीएल मुख्यालय से बैठक में भाग लिया. इस दौरान उनके साथ मोहम्मद अंज़र आलम, निदेशक (वित्त), गुंजन कुमार सिन्हा, निदेशक (कार्मिक) तथा वरिष्ठ विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे. इसी क्रम में गिरिश गोपीनाथन नायर, निदेशक (तकनीकी/पीएंडपी) ने कोलकाता स्थित सीआईएल कॉन्फ्रेंस हॉल में ईसीएल का प्रतिनिधित्व किया, जहाँ पार्थ सखा दे, महाप्रबंधक (एलआरई), ईसीएल भी औपचारिक शुभारंभ के समय उपस्थित रहे.

भाजपाइयों ने मनाया पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

शुभम संदेश। कुल्टी

भाजपा द्वारा पूरे कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया. कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी. आसनसोल जिला भाजपा उपाध्यक्ष अभिजीत आचार्य एवं अमित गोराई के नेतृत्व में बराकर,कुल्टी, नियामत पुर, संकतोड़िया में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस मनाया गया. भाजपाइयों ने नरेंद्र मोदी की तस्वीर पर तिलक लगाए. नियामतपुर पार्टी कार्यालय में केक काटकर एवं नियामतपुर चौराहे पर लड्डू बाटकर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इज़हार किया. कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ.अजय पोद्दार ने बराकर लखियाबाद में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. विधायक इसीएल के सांकतोड़िया अस्पताल में रोगियों के बीच फल वितरण कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ्य दीर्घायु की कामना की. उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के महान पावन पूजा पर प्रधानमंत्री का जन्मदिन भी है. जिसे हम सेवा सप्ताह के रूप में पालन करेंगे.

रक्त का कोई विकल्प नहीं, करें रक्तदान : श्वेता सिंह

■ रक्तदान अमृत महोत्सव 2025 मनाया गया

शुभम संदेश। बोकारो

तेरापंथ युवक परिषद ने अपने 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान अमृत महोत्सव 2025 का आयोजन किया. अभातेयुप ने देश-विदेश में फैली अपनी 362 शाखाओं के माध्यम से 17 सितंबर को भारत और विदेशों में लगभग 2500 से अधिक रक्तदान शिविर लगाए. संस्था ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक 7500 रक्तदान शिविर आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. देशभर में रक्तदान के प्रति जबरदस्त जागरुकता देखने को मिली. बड़े-बड़े अस्पतालों, कारखानों, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, बाजारों, एयरपोर्ट्स और सरकारी संस्थानों में व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर लगाए गए. भारत सरकार भी इस अभियान में संस्था के साथ सहभागी बनी.

तेयुप चास बोकारो अध्यक्ष चंदन बांठिया ने बताया कि रक्तदान अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के दौरान 17 सितंबर को चास बोकारो परिषद द्वारा जैन मिलन केंद्र में 35 यूनिट रक्त एकत्र किया गया. इसमें महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. रक्तदान शिविर में शामिल होकर बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने रक्तवीरों का उत्साह बढ़ाया और कहा कि रक्त का एकमात्र विकल्प दान है. वहीं, सदर अस्पताल ब्लड बैंक की इंचार्ज डॉ. मैथिली ठाकुर ने कहा कि रक्तदाता सही मायनों में इंसानियत निभाते हैं. भारत के अलावा अन्य 75 देशों में भी संस्था द्वारा रक्तदान शिविर लगाए गए.

इस अवसर पर जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद, सचिव आलोक जैन, बेहतर झारखंड के संस्थापक एवं भाजपा नेता विवेक सिंह, तेरापंथ युवक परिषद के सचिव अमृत लोधा, सुशील बैद, विनय बैद, हर्ष भटेरा, विकास बैंगनी, आनंद कोठारी, प्रकाश कोठारी, श्रेयांश जैन, अंकित जैन, सिद्धार्थ जैन आदि उपस्थित थे. शिविर को सफल बनाने में सदर अस्पताल ब्लड बैंक की टीम का योगदान सराहनीय रहा.

कसमार में शुरू हुआ स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान

शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)

कसमार प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र और करमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत की गई. इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. पवन कुमार और सिंहपुर पंचायत समिति के सदस्य बिनोद कुमार महतो ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस दौरान पंसस बिनोद कुमार महतो ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष देखभाल और चिकित्सा को लेकर शुरू की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश महिलाएं अपने स्वास्थ्य की उचित देखभाल नहीं करतीं, जिसके कारण अक्सर वे बीमार रहती हैं. इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी, उनकी सभी तरह की जांच की जाएगी और चिकित्सा के बाद आवश्यक दवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान होगा. कार्यक्रम में अस्पताल पहुंची एक दर्जन से अधिक महिलाओं का हीमोग्लोबिन, शुगर, सिकल सेल और अन्य जांच की गई. महिलाओं को माहवारी के दौरान और बाद में होने वाली समस्याओं तथा उनके निवारण के उपायों की जानकारी भी दी गई.

मौके पर डॉ. पवन कुमार, पंसस बिनोद महतो, रूबी कुमारी, गहनु महतो, राकेश रंजन, पुष्पा कुमारी, मालती देवी, डोली देवी, कंचन कुमारी, सरिता कुमारी, कुमारी सुलेखा, रूपेश कुमार महतो, मुकेश महतो, उषा कुमारी, रिंकी देवी और अन्य कई लोग उपस्थित थे.

डायन के संदेह में वृद्धा की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

शुभम संदेश। खूंटी

जिले के सायको थानांतर्गत गुड़बुरू गांव में लुखी देवी नामक (69) वृद्धा की धारदार हथियार टांगी और कुदाल से मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस संबंध में मृतका की पुत्री बिरसी देवी ने को सायको थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित चोरोन मुंडा को सलगा गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टांगी, कुदाल और खून लगी पैंट और गमछा का टुकड़ा बरामद कर लिया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि महिला की हत्या उसने डायन बिसाही के संदेह में की है। आरोपित ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली उक्त महिला के साथ आरोपित का झगड़ा हुआ था। इस दौरान महिला ने आरोपित को निर्वंश होने का श्राप दिया था। इस घटना के बाद लगभग दो माह पूर्व आरोपित के दो माह की बच्ची का बीमारी से मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद आरोपित का यह संदेह और बढ़ गया कि उक्त महिला डायन है और उसी ने कुछ ऐसा कर दिया जिससे उसकी अबोध बच्ची की मौत हो गई। इसी संदेह में आरोपित ने महिला की हत्या की योजना बनाई और महिला को अकेला पाकर धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमार टीम में सायको थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, सायको थाना के एसआई राम सुधीर सिंह, एएसआई रोशन बाड़ा और गोलोक महतो, हवलदार भुवनेश्वर उरांव, प्रदीप सांगा एवं शुभित कुजूर सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक : विधायक

शुभम संदेश। साहिबगंज

स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत जिला स्वास्थ्य समिति साहिबगंज के तत्वावधान में बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ राजमहल विधायक मो. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा और सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाषण को ऑनलाइन, उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्थानीय लोगों ने सुना. इसके उपरांत कार्यक्रम का संचालन किया गया. राजमहल विधायक ने कहा कि महिलाओं को स्वस्थ रहना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है. यही स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण सुनिश्चित करता है. उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयासरत है. राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में कई स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू हो गई हैं और महिलाओं के लिए विशेष महिला इमरजेंसी वार्ड भी बनाया गया है. जल्द ही महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति भी कराई जाएगी. सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने कहा कि राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल, सदर अस्पताल के बाद जिले की दूसरी बड़ी स्वास्थ्य संस्था है. इसमें स्वास्थ्य विभाग क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है. विधायक लगातार बेहतर सुविधाओं के लिए प्रयासरत हैं और विभाग उनके मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है. अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू और चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गुफरान आलम ने अतिथियों का स्वागत पौधा और अंग वस्त्र देकर किया. कार्यक्रम में 16 स्टॉल लगाए गए, जहाँ विभिन्न बीमारियों की जांच की गई और निःशुल्क दवा तथा टीकाकरण का वितरण भी किया गया.

लातेहार में चाऊमिन खाने से 35 बच्चे बीमार

लातेहार। झारखंड के लातेहार प्रखंड के टेमकी गांव में चाऊमीन खाने से 30 से अधिक बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद बच्चे खतरे से बाहर हैं। मिली जानकारी के अनुसार टेमकी की गांव में जितिया पर्व के बाद बुधवार को जतरा मेला का आयोजन किया गया था। मेले में चाऊमीन खाने से देर शाम अचानक बच्चे उल्टी करने लगे थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव और पूर्व मुखिया राजेश उरांव को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद जनप्रतिनिधियों ने सदर अस्पताल से समन्वय स्थापित कर तत्काल एंबुलेंस मंगवाया और सभी बच्चों को रात में ही अस्पताल पहुंचा दिया। सदर अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जय प्रकाश जायसवाल ने सभी का ईलाज किया। इलाज के बाद लगभग सभी बच्चे खतरे से बाहर हो गए हैं। चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयप्रकाश जयसवाल ने बताया कि कुछ बच्चे गंभीर स्थिति में थे बाकि अन्य बच्चे मामूली रूप से बीमार थे।

आपातकालीन चिकित्सा प्रशिक्षण में पुलिस पदाधिकारी तैयार

शुभम संदेश। बोकारो

सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम आगामी दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के अवसर पर बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिसमें बोकारो जिले के सभी थानों के प्रभारी और टीओपी प्रभारियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संगठन की ओर से सिविल डिफेंस डिविजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा तथा राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं आपातकालीन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. निशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया. जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन इस बार पूजा में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतना चाहते हैं. इसी कारण, पुलिस पदाधिकारी, पूजा पंडाल और अन्य स्वयंसेवी संगठन के लोगों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत में सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रशिक्षित होकर आप न केवल पूजा के दौरान बल्कि कभी भी और कहीं भी किसी की चिकित्सीय मदद कर सकते हैं. सिविल डिफेंस डिविजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा ने भीड़ नियंत्रण के उपाय बताए, जबकि राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. निशांत ने सीपीआर देने के तरीकों को प्रायोगिक रूप से दिखाया और बेहोशी की स्थिति में घायल रोगियों के प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस लाइन के मेजर जयप्रकाश सिंह सहित सभी थानों से सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित थे.

गावां में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

गावां (गिरिडीह)। प्रखंड क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई. इस अवसर पर जगह-जगह भगवान विश्वकर्मा की सुंदर प्रतिमाएं स्थापित की गईं और पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया. पूजा स्थलों पर दिनभर भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान विश्वकर्मा से व्यापार एवं जीवन में समृद्धि की कामना की. पूजा की शुरुआत सुबह से ही हो गई, जब कारीगरों, मजदूरों और व्यवसायियों ने अपने औजारों एवं मशीनों की पूजा की. उनका मानना है कि इससे काम में बरकत आती है और सालभर सुरक्षा बनी रहती है. फैक्ट्री, वर्कशॉप और गैरेज जैसे स्थानों पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया.

जमुआ में हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

जमुआ (गिरिडीह)। जमुआ प्रखंड क्षेत्र में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुई. बुधवार को विभिन्न स्थानों पर कहीं भगवान विश्वकर्मा की फोटो तो कहीं प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई. जमुआ के मनकडीहा में प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा आयोजित हुई. पूजा के बाद हवन और प्रसाद वितरण किया गया. वहीं, गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया. इस दौरान युवाओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया. ग्रामीण युवा राजेंद्र पंडित, वार्ड सदस्य महादेव राणा, सुखदेव महतो, अमित कुमार शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, निरंजन शर्मा उर्फ बिट्टू भगत, सुरेंद्र कुमार वर्मा, सिकंदर शर्मा सहित कई महिला और पुरुष श्रद्धालु इसमें शामिल हुए. इधर, जमुआ बाजार में भी बड़े ही धूमधाम से पूजा संपन्न हुई.

बियाडा सहित जिले में मनी विश्वकर्मा पूजा

बोकारो। बियाडा सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाई गई. बियाडा क्षेत्र की कई फैक्ट्रियों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई. बियाडा स्थित टेक्नोलिंक प्रतिष्ठान में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्व निर्माता भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे. सेक्टर-4 स्थित मारुति शोरूम के वर्कशॉप में बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ विश्वकर्मा पूजा संपन्न हुई. इस दौरान कर्मचारियों और कारीगरों ने अपने-अपने कार्य स्थलों की साफ-सफाई कर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की. बोकारो शहर से बड़ी संख्या में लोग इस पूजा में शामिल हुए. फूल-पुष्प और प्रसाद अर्पित करने के बाद आरती के साथ पूजा संपन्न हुई. मुख्य संचालक मनीष कुमार बंसल (जनरल मैनेजर) की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अरविंद राम कुमार (वर्क मैनेजर) और दिनेश सिंह (सेल्स मैनेजर) मुख्य रूप से उपस्थित थे .

कोलियरी क्षेत्र में मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

ललमटिया। देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव बुधवार को ललमटिया क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में श्रद्धापूर्वक और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. ईसीएल की राजमहल परियोजना के सीएचपी कार्यालय स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में यह उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर पूजा-अर्चना के बाद राजमहल परियोजना के क्षेत्रीय महाप्रबंधक और उपस्थित पदाधिकारियों ने ईसीएल की राजमहल परियोजना को अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने और विश्व कल्याण की कामना के लिए भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना की. ओसीपी कार्यालय, डोजर सेक्शन, एक्ज़ेलरी सेक्शन, 190 डंपर सेक्शन, रोप शावेल सैक्सन, इलेक्ट्रिकल विभाग के अलावा ललमटिया बाजार के मोटर गैरेज, बस स्टैंड और छोटे-बड़े दुकानों में भी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों ने पूजा-अर्चना की. इस दौरान प्रसाद का वितरण भी किया गया. ललमटिया क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ किया गया.

व्यवसायी ने कराया नाली निर्माण

कसमार। कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित पुरुलिया रोड की जर्जर स्थिति और जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए स्थानीय व्यवसायी प्रवीण कुमार जायसवाल आगे आए. गुरुवार को उन्होंने अपने निजी खर्चे से मजदूर लगाकर विद्यालय के किनारे नाली का निर्माण कराया और जल निकासी की व्यवस्था की. मालूम हो कि मध्य विद्यालय के सामने तालाबनुमा गड्ढों में डेढ़ फुट से अधिक पानी और कीचड़ जमा हो जाने से आवागमन ठप जैसा हो गया था. कई लोग यहां फिसलकर घायल भी हो चुके थे. स्थिति इतनी गंभीर थी कि इसी मार्ग से लगे दुर्गा मंदिर में प्रतिवर्ष दुर्गापूजा के दौरान हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन जलजमाव ने लोगों की चिंता बढ़ा दी थी. सड़क किनारे नाली बनने से लोगों को बड़ी राहत मिली. ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रवीण जायसवाल की इस पहल की जमकर सराहना की. इधर, पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने भी पहल की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि इस स्थल पर क्रशर डस्ट डालकर सड़क को और दुरुस्त किया जाएगा.

खेलो झारखंड : जिला स्तरीय उपविजेता टीम का हुआ स्वागत

कसमार। पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार में गुरुवार को प्रार्थना सभा में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता की उपविजेता बनी पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय, कसमार की टीम का स्वागत किया गया. शंख सदन के संयोजन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी सौंपी और उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया. प्रभारी प्रधानाध्यापक फारुक अंसारी के नेतृत्व में वरीय शिक्षक रामबाबू शुक्ल, सदन समन्वयक डॉ. अवनीश कुमार झा, अशोक कुमार रजवार, धनंजय कुमार, सीमा ठाकुर, प्रशांत कुमार ओझा, अमित कुमार, अजय कुमार दुबे, परमेश्वर बेसरा, सुभय कुमार चक्रवर्ती, रितेश कुमार महथा, कुमार राजेश समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपविजेता टीम की प्रशंसा की और उनका सम्मान किया. मौके पर उपविजेता टीम के सदस्य ओम प्रकाश मरांडी, रामकृष्ण मरांडी, महाशंकर मरांडी समेत गौतम, रविता, कोमल, वसीम, कृष्णा और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

इंडोर स्टेडियम दुमका में पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

बीडीओ, सीओ अपने क्षेत्र में पंडालों का करें भौतिक सत्यापन : डीसी

शुभम संदेश। दुमका

आगामी दुर्गापूजा पर्व को लेकर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में इंडोर स्टेडियम दुमका में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. उपायुक्त ने कहा कि दुर्गापूजा का त्योहार आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाया जाए और जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सिविल सोसाइटी और पूजा समितियों का सक्रिय सहयोग सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में बन रहे पूजा पंडालों का भौतिक सत्यापन करें और यह सुनिश्चित करें कि पंडाल निर्धारित मानकों के अनुरूप बने. सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र और महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों. उपायुक्त ने कहा कि सभी पूजा समितियां विसर्जन की तिथि प्रशासन को अवश्य दें और अपने वालंटियरों को आईडी कार्ड, टी-शर्ट और टोपी उपलब्ध कराएं. उन्होंने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान वाहनों के लिए अलग रूट निर्धारित किया जाएगा और अतिरिक्त पार्किंग स्थल चिह्नित किए जाएंगे. थाना क्षेत्र में पूजा समितियों के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे ताकि सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके. सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी. किसी भी समस्या के लिए कंट्रोल रूम से संपर्क कर आवश्यक जानकारी ली जा सकेगी. विसर्जन निश्चित रूट और समय पर ही किया जाए और विसर्जन स्थल पर मेडिकल टीम फर्स्ट एड सुविधा के साथ उपस्थित रहे. किसी भी परिस्थिति में सड़क पर पंडाल न बनाया जाए ताकि आमजनों का आवागमन बाधित न हो. सभी पंडाल संबंधित पदाधिकारी से फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करें. मूर्ति विसर्जन से पूर्व बिजली तारों की सुरक्षा जांच सुनिश्चित की जाए. पूजा के दौरान डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, जबकि डांडिया नाइट का आयोजन केवल प्रशासनिक अनुमति मिलने पर किया जा सकेगा, लेकिन उसमें भी डीजे का प्रयोग नहीं होगा. स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिकल टीम की तैनाती होगी और सिविल सर्जन निजी अस्पतालों को भी खुले रखने के लिए निर्देशित करेंगे. पंडालों की गतिविधियों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी. कंट्रोल रूम एवं एम्बुलेंस के संपर्क नंबर पूजा समितियों और सिविल सोसाइटी को उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि विशेष परिस्थिति में तुरंत सूचना का आदान-प्रदान हो सके.

जिले में कुल 229 पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं. संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखते हुए अपनी टीम को अलर्ट मोड में रखें. बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, पूजा समितियों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

जमुआ थाना में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

जमुआ (गिरिडीह)। दुर्गापूजा से लेकर छठ पूजा तक सभी पर्व-त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाएं, इसे लेकर गुरुवार को जमुआ थाना परिसर में पूजा समितियों, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों के साथ बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता जमुआ बीडीओ अमल कुमार ने की. इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक प्रदीप कुमार दास, एएसआई वेद प्रकाश पांडेय, जिला परिषद सदस्य संजय हाजरा तथा जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिगंबर प्रसाद दिवाकर मौजूद थे. बीडीओ ने कहा कि पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूजा समितियों की भूमिका अहम है. उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर समितियों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा. इसके लिए समितियां समय रहते थाने में आवेदन दें और लाइसेंस से जुड़े सभी मानकों का पालन करें. उन्होंने यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले पूजा पंडालों में पटाखे जलाने पर सख्त निगरानी रखी जाएगी, क्योंकि इससे लोगों को परेशानी हो सकती है. विसर्जन जुलूस केवल तय रूट से ही निकलेगा और उसका उल्लेख लाइसेंस में करना आवश्यक होगा. बीडीओ ने कहा कि कुछ ही दिनों में नवरात्र प्रारंभ होने वाला है. यहां के लोग अमन पसंद हैं और पूर्व के सभी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए हैं. इस बार भी दुर्गापूजा और अन्य त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएंगे. वहीं, पुलिस निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगी. बैठक में मुखिया मनोज कुमार पासवान, मुखिया सुनील कुमार साव, मुखिया उमेश कुमार यादव, सच्चिदानंद सिंह, राजेन्द्र राय, मुखिया विकास मंडल, रंजीत राम, चीना खान समेत कई लोग शामिल थे.

संदिग्ध वीडियो में एएसआई घूस लेते पकड़े गए, एसपी ने किया निलंबित

पलामू। पलामू के नावाबाजार थाना अंतर्गत रात्रि गश्ती दल का एक संदिग्ध वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पलामू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। गत 16 सितंबर को वायरल वीडियो में गश्ती दल के प्रभारी सहायक अवर निरीक्षक राजेश बैठा को एक ट्रक चालक से अवैध धनराशि लेते हुए देखा गया। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को व्हाट्सएप के माध्यम से मिली थी। जांच के लिए मामला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विश्रामपुर को सौंपा गया। जांच रिपोर्ट में वीडियो की पुष्टि हुई और इसे अनुशासनहीन तथा संदिग्ध आचरण माना गया। रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने गुरुवार को राजेश बैठा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही, नावाबाजार थाना में पहले से तैनात पूरे सशस्त्र बल को पुलिस केंद्र बुलाने और उनकी जगह नए जवानों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया गया है।

मंथन

रंगदारी का इंटरनेशनल नेटवर्क और चुनौतियां

रांची के बड़े व्यवसायी से दुबई में बैठे कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा 10 करोड़ की रंगदारी मांगने की घटना केवल आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है. धनबाद से निकला प्रिंस खान दुबई से बैठकर देश के व्यवसायियों को धमका रहा है, जबकि उस पर रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी है. यह स्थिति बताती है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों की गतिविधियां कितनी संगठित और खतरनाक हो चुकी हैं. व्यवसायी के घर और कार्यालय की निगरानी कर वीडियो भेजना, परिवार को निशाना बनाने की धमकी देना और व्हाट्सएप से भय का वातावरण बनाना, कानून व्यवस्था के लिए सीधी चुनौती है. सवाल यह है कि जब अपराधी खुलेआम विदेश से गैंग चला रहे हैं तो क्या हमारी एजेंसियां और अंतरराष्ट्रीय सहयोग तंत्र पर्याप्त प्रभावी हैं? इंटरपोल स्तर पर ऐसी आपराधिक गतिविधियों पर कड़ा और त्वरित एक्शन आवश्यक है, वरना यह प्रवृत्ति और गहरी जड़ें जमाएगी. इस घटना से यह भी स्पष्ट है कि संगठित अपराध अब तकनीक के सहारे सीमाहीन होता जा रहा है. सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को साइबर मॉनिटरिंग और अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ तालमेल को और मजबूत करना होगा. साथ ही, पीड़ित व्यवसायियों को तुरंत और प्रभावी सुरक्षा देना भी जरूरी है. प्रिंस खान का मामला चेतावनी है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो अपराधी विदेश की सुरक्षित शरणगाहों से भारत की आर्थिकी और समाज पर गंभीर प्रहार करते रहेंगे. कानून को अब केवल अपराधियों का पीछा नहीं, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति अपनानी होगी. यही समय की मांग है.

नजरिया

स्वस्थ नारी ही परिवार और समाज की मजबूत आधारशिला

सदर अस्पताल, रांची में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए एक सकारात्मक संदेश है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सही कहा कि महिला ही परिवार और समाज की आधारशिला है. यदि महिलाएं स्वस्थ और सुरक्षित होंगी तो परिवार मजबूत होगा और आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ व सशक्त बनेगी. महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा को प्राथमिकता देना किसी भी सरकार के दृष्टिकोण का मूल आधार होना चाहिए. स्वयं सहायता समूहों, रोजगार योजनाओं और उद्यमिता के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी न केवल परिवार की आय बढ़ा रही है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही है. पंचायतों से लेकर उच्च पदों तक उनकी मौजूदगी समाज को नई दिशा दे रही है. ये बदलाव तभी स्थायी होगा जब महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए. झारखंड सरकार द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, मातृत्व लाभ योजनाएं, किशोरियों के लिए स्वास्थ्य अभियान व कौशल विकास कार्यक्रम जैसी पहलें सराहनीय हैं. वहीं राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू इस अभियान की सराहना भी महत्वपूर्ण है. आज जरूरत है कि योजनाएं कागजों तक सीमित न रह कर धरातल पर पारदर्शिता और संवेदनशीलता से लागू हों. यदि महिला स्वस्थ, शिक्षित व आत्मनिर्भर होगी तो वही परिवार को सशक्त बनाएगी और वही परिवार सशक्त भारत की नींव रखेगा. यही इस अभियान का असली संदेश है.

लगातार वायु प्रदूषण से घटती जा रही जिंदगी

अरविंद जयतिलक

एक ताजा रिपोर्ट में भारत में गहराते वायु प्रदूषण पर चिंता जताई गई है.

द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट एट द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो (एपिक) की यह रिपोर्ट चिंतित करने वाली है कि भारत की 1.4 अरब आबादी ऐसे इलाकों में रहती है, जहां कण प्रदूषण का वार्षिक औसत विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से आठ गुना अधिक है. रिपोर्ट कहती है अगर भारत के सबसे प्रदूषित उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में कण सांद्रता के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो जाए तो 54.44 करोड़ लोगों अर्थात देश की 38.9% आबादी की औसत जीवन प्रत्याशा पांच साल बढ़ सकती है. अगर पूरे देश में कण प्रदूषण के स्तर को घटाकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के मुताबिक कर दिया जाए तो राष्ट्रीय राजधानी और सबसे अधिक आबादी वाले शहर दिल्ली के निवासियों की औसत जीवन प्रत्याशा 8.2 साल तक बढ़ सकती है. गत वर्ष पहले हार्वर्ड और येल के अर्थशास्त्रियों ने भी खुलासा किया था कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शुमार है जहां सबसे अधिक वायु प्रदूषण है. इस कारण यहां के लोगों को समय से तीन साल पहले काल के गाल में जाना पड़ रहा है. रिपोर्ट में सावधान करते हुए कहा गया था कि अगर भारत अपने वायु मानकों को पूरा करने के लिए इस आंकड़े को उलट देता है यानी वायु प्रदूषण पर नियंत्रण कर लेता है तो इससे 66 करोड़ लोगों के जीवन के 3.2 वर्ष बढ़ जाएंगे.

गत वर्ष पहले यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलीना के विद्वान जैसन वेस्ट के अध्ययन में कहा गया था कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक मौत दक्षिण और पूर्व एशिया में होती है और उसमें भी भारत शीर्ष पर है. आंकड़ें बताते हैं कि हर साल मानव निर्मित वायु प्रदूषण से 4 लाख 70 हजार और औद्योगिक इकाईयों से उत्पन प्रदूषण से 21 लाख लोग दम तोड़ते हैं. अगर जहर फैला रही इन औद्योगिक इकाईयों पर नियंत्रण लग जाए तो हालात सुधर सकते हैं. दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'नेचर' द्वारा भी खुलासा किया जा चुका है कि अगर शीघ्र ही वायु की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो वर्ष 2050 तक प्रत्येक वर्ष 66 लाख लोगों की जानें जा सकती है.

यह रिपोर्ट जर्मनी के मैक्स प्लेंक इंस्टीट्यूट ऑफ केमेस्ट्री के प्रो. जोहान लेलिवेल्ड और उनके दल ने तैयार की थी जिसमें प्रदूषण फैलने के दो प्रमुख कारण गिनाए गए. एक, पीएम 2.5एस विषाक्त कण और दूसरा वाहनों से निकलने वाली गैस नाइट्रोजन आक्साइड. रिपोर्ट में आगाह किया गया था कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण की समस्या विशेष तौर पर गहरा सकती है. क्योंकि इन देशों में खाना पकाने के लिए कच्चे ईंधन का इस्तेमाल होता है जो कि प्रदूषण का बड़ा स्रोत है.

विशेषज्ञों की मानें तो अगर इससे निपटने की तत्काल वैश्विक रणनीति तैयार नहीं की गयी तो भारत की बड़ी आबादी वायु प्रदूषण की चपेट में आ सकती है. गत वर्ष पहले भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने खुलासा किया था कि जागरूकता का अभाव और कठोर मानकों की कमी के कारण भारत में हर आठवें व्यक्ति की मौत का कारण वायु प्रदूषण है. अनुसंधान के आंकड़ों के मुताबिक वायु प्रदूषण से देश में औसत जीवनकाल 1.7 वर्ष घट गया है और अधिकतर मौतें प्रदूषण के कारण फेफड़ों में कैंसर, हार्ट अटैक और क्रोनिक रोगों से हो रही है. आंकड़े के मुताबिक प्रति लाख आबादी की मृत्यु में वायु प्रदूषण की हिस्सेदारी 89.9% है.

आईसीएमआर के वैज्ञानिकों की मानें तो वायु प्रदूषण के कहर का सबसे ज्यादा प्रभावित दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार है. वर्ष 2019 की बात करें तो भारत में प्रदूषण से 23.5 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई जिनमें से 16.7 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से हुई. वर्ष 2023 में बीएमजे अध्ययन में पाया गया था कि भारत में वायु प्रदूषण से प्रति वर्ष 2.18 मिलियन अर्थात 21.8 लाख लोगों की मौत होती है. ध्यान दें तो भारत में हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी और मधुमेह से होने वाली मौतों से वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों का आंकड़ा बड़ा है. यहां

ओजोन गैस की परत, जो पृथ्वी के लिए रक्षाकवच का कार्य करती है, में वायुमंडल की दूषित गैसों के कारण काफी नुकसान पहुंचा है. अब समय आ गया है कि सरकार कानून बना कर प्रदूषण की गहराती समस्या पर कड़ा नियंत्रण लगाए.

खतरनाक बात यह है कि देश के शहरों के वायुमंडल में गैसों का अनुपात बिगड़ता जा रहा है और उसे लेकर किसी तरह की सतर्कता नहीं बरती जा रही है. आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में वायुमण्डल में ऑक्सीजन की मात्रा घटी है और दूषित गैसों की मात्रा बढ़ी है. कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा में 25% की वृद्धि हुई है. इसका मुख्य कारण बड़े कल-कारखानें और उद्योगधंधों में कोयले एवं खनिज तेल का उपयोग है. गौरतलब है कि इनके जलने से सल्फर डाई ऑक्साइड निकलती है जो मानव जीवन के लिए बेहद खतरनाक है.

शहरों का बढ़ता दायरा, कारखानों से निकलने वाला धुंआ, वाहनों की बढ़ती तादाद एवं मेट्रो का विस्तार तमाम ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से प्रदूषण बढ़ रहा है. वाहनों के धुएं के साथ सीसा, मोनोक्साइड तथा नाइट्रोजन ऑक्साइड के कण निकलते हैं. ये दूषित कण मानव शरीर में कई तरह की बीमारियां पैदा करते हैं. मसलन सल्फर डाई ऑक्साइड से फेफड़े के रोग, कैडमियम जैसे घातक पदार्थों से हृदय रोग, और कार्बन मोनोक्साइड से कैंसर और श्वास संबंधी रोग होते हैं. कारखानें और विद्युत गृह की चिमनियों तथा स्वचालित वाहनों में विभिन्न ईंधनों के पूर्ण और अपूर्ण दहन भी प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं. वायु प्रदूषण से न केवल मानव समाज को बल्कि प्रकृति को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है. प्रदूषित वायुमंडल से जब भी वर्षा होती है ये तत्व वर्षा जल से मिलकर नदियों, तालाबों, जलाशयों और मृदा को प्रदूषित कर देते हैं. नार्वे, स्वीडन, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका की महान झीलें अम्लीय वर्षा से प्रभावित हैं. अम्लीय वर्षा वनों को भी बड़े पैमाने पर नष्ट कर रहा है.

ओजोन गैस की परत, जो पृथ्वी के लिए एक रक्षाकवच का कार्य करती है, में वायुमंडल के दूषित गैसों के कारण उसे काफी नुकसान पहुंचा है. अब समय आ गया है कि सरकार ठोस कानून बनाकर वायु प्रदूषण की गहराती समस्या पर नियंत्रण लगाए और साथ ही जनता को भी जागरूक करे.

आज का इतिहास

1581 : सिख गुरु रामदास जी का निधन.
1891: शेक्सपीयर के नाटक मर्चेंट ऑफ वेनिस का पहली बार मैनचेस्टर में मंचन.
1965 : नासा से अंतरिक्ष जानेवाली भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स का जन्म.
1988 : इस्राइल ने परीक्षण उपग्रह होरिजोन-आई का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया.
1996: एलिजा इजेत्बोगोविक युद्ध के बाद बोस्निया के पहले राष्ट्रपति बने.
1996 : ग्वाटेमाला और वामपंथी विद्रोहियों की सरकार के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर.
2000 : कर्णम मल्लेश्वरी ने ओलंपिक की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में कांस्य जीता.
2006: थाईलैंड में सेना ने सरकार का तख्ता पलटा, जनरल सुरायुद बने प्रधानमंत्री.
2008 : सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर अंकुश लगाने के इरादे से शुरू किए गए सलवा जुडूम पर रोक लगाई.
2014: एप्पल आईफोन 6 की बिक्री शुरू.

शांति तो सिर्फ श्री हरि के चरणों की सेवा में ही मिलती है

चिंतन

बहुत पुराने समय कि बात है. एक बार भगवान विष्णु सभी जीवों को कुछ न कुछ चीजें भेट कर रहे थे. सभी जीव भेंट स्वीकार करते और खुशी-खुशी अपने निवास स्थान के लिए प्रस्थान कर जाते. जब सब चले गए, तो उनकी चरण सेविका श्री माता लक्ष्मी जी ने भगवान से कहा- हे नाथ! मैंने देखा कि आपने सभी को कुछ न कुछ दिया, अपने पास कुछ नहीं रखा, लेकिन एक चीज आपने अपने पैरों के नीचे छिपा लिया है. वो चीज क्या है?

श्री हरि मंद-मंद मुस्कुराते रहे, उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया.

माता लक्ष्मी जी ने फिर कहा- प्रभु हमसे न छुपाएं, मैंने स्वयं अपनी आंखों से देखा है आपने कोई एक चीज अपने पैरों के नीचे छिपा रखा है, निवेदन है कृपया इस रहस्य से पर्दा उठाइए.

श्री हरि बोले- देवी मेरे पैरों के नीचे शांति है. शांति मैंने किसी को नहीं दिया, सुख सुविधाएं तो सभी के पास हो सकती हैं मगर शांति तो किसी दुर्लभ मनुष्य के पास ही होगी. मैं सब को नहीं दे सकता. जो मेरी प्राप्ति के लिए तत्पर होगा, जिसकी सारी चेष्टाएं मुझ तक पहुंचने की होंगी, उसी को ये मिलेगी.

श्री हरि से आज्ञा लेकर शांति कहने लगी- हे जगत माता, श्री हरि ने मुझे अपने पैरों के नीचे नहीं छिपाया, बल्कि मैं स्वयं उनके पैरों के नीचे छिप गई. शांति तो सिर्फ़ हरि चरणों के नीचे ही जीव को मिलेगी, अन्यथा कहीं नहीं.

यह कथा हमें बताती है कि उसी दिन से श्री माता लक्ष्मी जी ने श्री हरि के चरणों की सेवा शुरू कर दी, क्योंकि व्यक्ति सारी सुख सम्पत्ति से सुसज्जित हो, मगर उसके पास शांति ही न हो तो उसकी सारी सुख सम्पत्ति व्यर्थ हो जाती है. इसलिए स्वयं सुख समृद्धि की जननी माता लक्ष्मी भी शांति प्राप्ति हेतु और श्री हरि सेवा के लिए उनके चरणों की सेवा हमेशा करती रहती हैं.

इसलिए भगवान के चरणों सेवा करें. अपनी संपत्ति का सदुपयोग करें. निस्वार्थ सबका भला करें और परमपिता परमेश्वर के अलावा किसी से कोई उम्मीद ना रखें. शांति ईश्वर के चरणों की सेवा से ही संभव है. लेकिन मनुष्य विषय-वासना के भोग में लिप्त होकर हमेशा बेचैन रहता है. उसे शांति कभी नहीं मिलती.

इंडिया पर ट्रेंडिंग

1. चुनाव आयोग
2. #RahulGandhi
3. राहुल गांधी
4. #OGTrailer
5. #VoteChori
6. #ProofOfFortification
7. #अपराध_मुक्त_योगी_राज
8. ज्ञानेश कुमार
9. Gyanesh Kumar
10. Saudi

बहुरंग

वरुण और जाह्नवी की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का नया गाना 'परफेक्ट' रिलीज

बॉलीवुड के युवा सितारों वरुण धवन और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को लेकर सुर्खियों में हैं. दर्शकों का इस फिल्म का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है, क्योंकि यह रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. करण जौहर के प्रोडक्शन और शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में गिनी जा रही है. निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'परफेक्ट' जारी कर दिया है, जिसे मशहूर गायक गुरु रंधावा ने अपनी आवाज़ दी है. खास बात यह है कि इस गाने के बोल भी रंधावा ने खुद ही लिखे हैं, जिससे गाने में उनकी खास झलक और पर्सनल टच नज़र आता है. गाने का वीडियो बेहद रंगीन और जोश से भरपूर है, जिसमें वरुण और जाह्नवी धमाकेदार डांस करते नज़र आ रहे हैं. दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों खूब पसंद आ रही है. वही गुरु रंधावा भी गाने में एक छोटे से कैमियो में दिखते हैं, जो उनके फैंस के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है.

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के अलावा सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी अहम किरदार निभा रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म एक रोमांटिक-फेमिली ड्रामा है, जिसमें रिश्तों, प्यार और भारतीय संस्कारों का खूबसूरत संगम देखने को मिलेगा. शशांक खेतान, जो इससे पहले हम्टी शर्मा की दुल्हनिया और धड़क जैसी हिट फिल्में दे चुके हैं, इस फिल्म को लेकर भी काफी उत्साहित हैं. करण जौहर का प्रोडक्शन हाउस इसे एक ग्रैंड पैमाने पर प्रस्तुत कर रहा है, जिससे दर्शकों को एक बड़े पर्दे का अनुभव मिलेगा.

टूटे रिश्तों पर मलाइका ने ट्रोल्स को दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी फिटनेस, डांसिंग और फैशन सेंस की वजह से हमेशा चर्चा में रहती हैं. हालांकि, अपनी निजी ज़िंदगी को लेकर उन्हें कई बार आलोचनाओं और ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा है. अरबाज खान से तलाक और अर्जुन कपूर संग रिलेशनशिप की खबरों ने उन्हें अक्सर सुर्खियों में रखा. अब, हाल ही में एक इंटरव्यू में मलाइका ने इन आलोचनाओं पर खुलकर अपनी बात रखी और ट्रोल्स को करारा जवाब दिया. एक इंटरव्यू में मलाइका ने कहा, लोग हमेशा बताते रहते हैं कि आपको कैसा होना चाहिए और कैसा नहीं होना चाहिए. करियर से लेकर कपड़ों और निजी ज़िंदगी तक, मुझे हर चीज़ के लिए ट्रोल किया गया. शुरुआत में यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था. लेकिन जब मैंने इन सब बातों की परवाह करना बंद कर दिया, तो मुझे असली आज़ादी का एहसास हुआ. आखिरकार मायने सिर्फ यह रखता है कि आप खुद

को कैसे देखते हैं. अरबाज़ खान से अलगाव के बाद लोगों ने उन्हें किस तरह से परिभाषित किया, इस पर भी मलाइका अरोड़ा ने खुलकर बात की. एक्ट्रेस ने कहा, मुझे अक्सर कहा गया कि मैं बहुत बोल्ड हूं, बहुत बेबाक हूं और हर मुद्दे पर अपनी राय रखती हूं. सच कहूं तो मैंने इन सब बातों को अपनी ताकत मानकर ऐसे अपनाया है जैसे ये मेरा ताज हो. अगर मेरी शख्सियत किसी को ज़्यादा लगती है, तो शायद वो मेरे लिए कभी काफ़ी नहीं थे.

मलाइका ने यह भी स्वीकार किया कि आत्म-संदेह हर इंसान के जीवन का हिस्सा होता है. उन्होंने कहा, ₹आत्म-संदेह होना मानव स्वभाव है. कभी-कभी ऐसे दिन आते हैं जब मैं खुद से बहस करती हूँ. लेकिन पिछले कुछ सालों में मैंने सीखा है कि आलोचना को नकारात्मक रूप से नहीं, बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण से देखना चाहिए.₹ मलाइका का यह बयान साफ़ करता है कि उन्होंने ट्रोलिंग और आलोचनाओं को पीछे छोड़कर अपने आत्मविश्वास और सकारात्मकता पर ध्यान देना सीख लिया है.

कमल हासन के साथ मैं नई फिल्म में काम करूंगा: रजनीकांत

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हासन जल्द ही फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं. बुधवार को चेन्नई हवाई अड्डे पर कोच्चि जाने के क्रम में रजनीकांत ने इसकी जानकारी दी. अभिनेता रजनीकांत आज कोयंबटूर जाने के लिए चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचे. वहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस वक्त वे राजकमल और रेड जायंट मूवीज़ के साथ एक फिल्म करने जा रहे हैं. उस फिल्म का निर्देशक अभी तय नहीं हुआ है. उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मैं और फिल्म अभिनेता कमल हासन साथ मिलकर एक फिल्म करें. अगर हमें सही कहानी और भूमिका मिली, तो हम साथ काम करेंगे. लेकिन अभी तक किसी ने भी कहानी, भूमिका या निर्देशक तय नहीं किया है.इस अवसर पर रजनीकांत ने महान समाज सुधारक ई.वी. रामासामी 'पेरियार' और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी.

इमोशंस और ड्रामा से भरपूर फिल्म होमबाउंड का ट्रेलर हुआ रिलीज

नीरज घायवान, जो अपनी संवेदनशील और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए जाने जाते हैं, उनकी नई फिल्म 'होमबाउंड' इन दिनों चर्चा में बनी हुई है. इस फिल्म का सफर इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म से शुरू हुआ और अब यह भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है. फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था, जहां दर्शकों और समीक्षकों ने इसे खड़े होकर सराहा. हैरानी की बात यह है कि फिल्म को लगातार 9 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला, जो किसी भी फिल्म के लिए बड़ी उपलब्धि है. इसके बाद फिल्म ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में, जहां दर्शकों ने इसे इतना पसंद किया कि इसे पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड से नवाजा गया.

अब जब निर्माताओं ने फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया है, तो दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है. ट्रेलर में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर की दमदार अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया. सोशल मीडिया पर लोग लगातार फिल्म की तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह कहानी भावनाओं के सबसे गहरे हिस्से को छू जाती है. किरदारों की बात करें तो, विशाल जेठवा फिल्म में चंदन कुमार की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने संघर्षों और जटिलताओं के बावजूद बेहद मानवीय और वास्तविक नजर आते हैं. ईशान खट्टर ने मोहम्मद शोएब अली का किरदार निभाया है, जिसका सफर संवेदनशीलता और मजबूती का अनूठा संगम है.

बॉक्स ऑफिस रिव्यू

बॉक्स ऑफिस पर मिराय की कमाई में गिरावट जारी

तेजा सज्जा और मांचू मनोज की फैंटेसी एक्शन-एडवेंचर फिल्म 'मिराय' को रिलीज हुए लगभग एक हफ्ता पूरा होने वाला है. 12 सितंबर को सिनेमाघरों में उतरी इस फिल्म ने शुरुआती वीकेंड में शानदार कमाई की, लेकिन वर्किंग डेज़ आते-आते इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में गिरावट देखने को मिल रही है. अब छठे दिन 'मिराय' की कमाई सामने आ गई है.

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिराय' ने रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार को 4.50 करोड़ की कमाई की. इसके साथ ही फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 61.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. फिल्म ने पहले दिन 13 करोड़ रुपये का शानदार ओपनिंग कलेक्शन किया था. दूसरे दिन यह आंकड़ा 15 करोड़ तक पहुंचा, जबकि तीसरे दिन फिल्म ने 16.6 करोड़ रुपये बटोरे. चौथे दिन की कमाई 6.4 करोड़ रुपये रही और पांचवें दिन 'मिराय' ने 6 करोड़ का कारोबार किया. हालांकि 'मिराय' का जादू सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी दर्शकों पर छा गया है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर धमाकेदार रिकॉर्ड बनाया है. कार्तिक गट्टामनेनी के निर्देशन में बनी इस मेगा फैंटेसी-एक्शन फिल्म में तेजा सज्जा के साथ मांचू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन, जयराम, जगपति बाबू, राजेंद्रनाथ जुत्शी, पवन चोपड़ा और तनजा केलर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं.

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें. अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. पुराने मित्र मिलेगें. शुभांक-4-6-7

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा. शुभांक-3-5-7

मिथुन : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. रोजगार में तरक्की मिलेगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. शत्रुओं की पराजय होगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. शुभांक-2-4-6

कर्क : उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. शुभांक-1-3-5

सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. शुभांक-4-6-8

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-5-7-8

तुला : संतान की प्रगति से संतोष होगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा. श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं. वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कलह विवाद का डर बना रहेगा. पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है. शुभांक-5-7-9

वृश्चिक :अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. शुभांक-3-5-7

धनु : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी. किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. मनोरथ सिद्घि का योग है. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभांक-1-4-8

मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. आय के अच्छे योग बनेंगे. संतान की उन्नति के योग हैं. शुभांक-3-5-7

कुंभ : बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. संतान की उन्नति के योग हैं. शुभांक-1-4-6

मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है. मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी. आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. शुभांक-2-4-6

न्यूज़ अपडेट

नालंदा: फर्नीचर दुकान में भीषण आग से लाखों का हुआ नुकसान

नालंदा । लहेरी थाना क्षेत्र में बड़ी पहाड़ी पर स्थित असम फर्नीचर की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि पास में मौजूद एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र ब्रांच सहित कई दुकानें और मकान भी जल गए. आग की लपटों और धुएं से इलाके में अफरातफरी मच गई, लोग घर छोड़कर सड़क पर निकल आए. स्थानीय लोगों ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की ताकत के सामने वे असफल रहे. सूचना मिलने पर दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब तीन घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. आग लगने से दुकान के अंदर खड़ी कार पूरी तरह जलकर राख हो गई, वहीं गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका भी हुआ. प्रारंभिक जांच में लगभग 35 से 40 लाख रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई है. दुकान मालिक संतोष कुमार ने बताया कि आग की शुरुआत विश्वकर्मा पूजा के दौरान किए गए हवन से हुई लगती है.

भागलपुर में नकली सर्टिफिकेट गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

भागलपुर। एसएसपी कार्यालय के हवाले से बताया गया कि साइबर थाना पुलिस ने नकली सर्टिफिकेट बनाने वाला कैफे का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है. भागलपुर साइबर थाना की पुलिस को सूचना मिली कि घंटाघर चौक स्थित एक कॉम्प्लेक्स के सोनू साइबर कैफे में कंप्यूटर के माध्यम से जाली प्रमाणपत्र बनाए जा रहे हैं. इस पर थाना में सनहा दर्ज कर एक पुलिस पदाधिकारी को सादे लिबास में जांच के लिए भेजा गया. जांच के दौरान पदाधिकारी ने आम नागरिक बनकर सर्टिफिकेट बनाने का अनुरोध किया, जिस पर कैफे संचालक ने तुरंत जाली प्रमाणपत्र तैयार कर दिया तथा 500 रुपये शुल्क लिया. इससे स्पष्ट हुआ कि उक्त कैफे में हेरफेर कर जाली प्रमाणपत्र तैयार किया जा रहा है. आगे वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक के निगरानी में तथा पुलिस उपाधीक्षक, साइबर सह थानाध्यक्ष, भागलपुर के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया.

चंपारण कृषि धाम के रूप में राष्ट्रीय पटल पर उदयमान: राज्यपाल

पूर्वी चंपारण। बिहार के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान ने कहा कि बापू की कर्मभूमि चंपारण अब कृषि धाम के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर उभर रही है. उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कृषि, मात्स्यिकी व पशुधन उन्नति मेला एवं किसान सम्मान समारोह में वर्चुअली किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि चंपारण की यह भूमि अंग्रेजों के जमाने में नील की खेती के कारण कष्ट झेलती रही, पर आज यह कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में नई पहचान बना रही है. पूर्व कृषि केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से बथना मठबनवारी में मदर डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित हुआ है, जो ग्रामीण और सीमांत किसानों के लिए आय का स्रोत बना है. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के तहत 2 अक्टूबर 2017 को मोतिहारी में बापूधाम मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना हुई, जो बिहार के 8 जिलों के 1100 गांवों में 1350 दूध संकलन केंद्र संचालित कर प्रतिदिन 1 लाख 85 हजार लीटर दूध संकलित कर रही है.

बख्तियारपुर में 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान तेजस्वी यादव का नीतीश सरकार पर बड़ा हमला

'स्मार्ट मीटर नहीं, चीटर मीटर', भाजपा को बताया 'वोट चोर'

शुभम संदेश। पटना

बिहार की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी पारा तेजी से चढ़ रहा है. इसी गर्म माहौल के बीच नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए सरकार पर तीखे हमले किए हैं. बुधवार को बख्तियारपुर में 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान तेजस्वी यादव ने सरकार की स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर योजना को आड़े हाथों लेते हुए इन्हें "चीटर मीटर" करार दिया. उन्होंने कहा कि ये मीटर जनता को लूटने का जरिया बन गए हैं और आम उपभोक्ता बेहिसाब बिलों से परेशान है, लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता. तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को "धोखेबाज़" बताते हुए कहा कि वे महागठबंधन की योजनाओं की नकल करते हैं और उन्हीं को अपनी योजना बताकर पेश करते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार न केवल "नकलची" है बल्कि थकी हुई और जनविरोधी भी है, जिसकी सच्चाई अब जनता समझने लगी है. तेजस्वी यादव की यह यात्रा चुनावी रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद राज्य के हर कोने तक महागठबंधन की बात पहुंचाना है. मोकामा में हुए एक रोड शो में तेजस्वी यादव घोड़े पर सवार होकर जनता का अभिवादन करते नजर आए. रोड शो के दौरान उमड़ी भारी भीड़ को देखकर उत्साहित तेजस्वी ने कहा कि जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, तब बिहार को रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और पलायन से मुक्ति मिलेगी.

भारतीय जनता पार्टी पर भी तेजस्वी यादव ने तीखा प्रहार किया. उन्होंने बीजेपी और उसके सहयोगियों को "वोट चोर" करार देते हुए आरोप लगाया कि ये दल निर्वाचन आयोग से मिलीभगत कर लोकतंत्र को कमजोर करते हैं और जनता को उनके मताधिकार से वंचित करते हैं. राजद सूत्रों के मुताबिक, 'बिहार अधिकार यात्रा' का पहला चरण 20 सितंबर को समाप्त होगा.

जहर खाने से ग्रामीण की मौत, परिवार में शोक

भागलपुर। नाथनगर थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में जहर खाने से बुच्चो साह की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, बुच्चो साह हाल ही में अपने परिवार के साथ बाढ़ के कारण अपने घर छोड़कर सिटीएस मैदान में अस्थायी रूप से रह रहे थे. आज वे अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उन्होंने जहर खा लिया. जब वे घर पहुंचे, तो उनकी बहू ने देखा कि बुच्चो साह उल्टी कर रहे हैं. बहू ने तुरंत अपने पति को फोन कर सूचना दी और बुच्चो साह को अस्पताल पहुंचाया गया. अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. यह दुखद घटना पूरे परिवार के लिए भारी सदमा साबित हुई है. परिवार के सदस्यों और पूरे गांव में मातम छा गया है. गांव के लोग बुच्चो साह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं. अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

सीएम नीतीश कुमार ने बिहार के युवाओं को दी बड़ी सौगात

बेरोजगार स्नातकों को अब हर महीने मिलेगा 1000रुपए भत्ता

संवाददाता । पटना

चुनावी साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को बड़ी राहत देते हुए एक और अहम घोषणा की है. सीएम नीतीश ने सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर ट्वीट कर बताया कि राज्य सरकार अब स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियों को 1000 प्रतिमाह का स्वयं सहायता भत्ता देगी. इस योजना का लाभ अधिकतम दो वर्षों तक मिलेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता हमेशा से युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देना रही है. उन्होंने यह भी याद दिलाया कि नवंबर 2005 में जब उनकी सरकार बनी थी, तभी से युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम हो रहा है. सीएम ने बताया कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसे हासिल करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं.

इस क्रम में 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' का दायरा अब और विस्तारित किया गया है. पहले यह योजना सिर्फ इंटर उत्तीर्ण युवाओं के लिए थी, लेकिन अब कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय से स्नातक पास बेरोजगार युवक-युवतियों को भी इसका लाभ मिलेगा. यह फैसला खास तौर पर उन युवाओं के लिए है जो 20 से 25 वर्ष की आयु के बीच हैं, किसी भी संस्थान में अध्ययनरत नहीं हैं और रोजगार की तलाश में हैं.

सीएम नीतीश कुमार ने स्पष्ट किया कि इस योजना का लाभ सिर्फ उन्हीं युवाओं को मिलेगा जिनका कोई स्वरोजगार नहीं है और जो सरकारी, निजी या गैर सरकारी क्षेत्र में नियोजित नहीं हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि इस योजना से युवा अपने कौशल विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षणों में इसका सदुपयोग करेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा, "यह पहल राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत की जा रही है और इसका उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनाना है." उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी और निजी क्षेत्र में आगामी समय में भारी मात्रा में रोजगार के अवसर सृजित होने वाले हैं. इसके लिए युवाओं को अभी से तैयार करना आवश्यक है. सीएम ने अपने संदेश में यह भी जोड़ा कि राज्य सरकार का यह कदम युवाओं को भविष्य में बेहतर अवसर दिलाने और बिहार के सामाजिक व आर्थिक विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है.

इस नई घोषणा से बिहार के लाखों स्नातक बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल मिलेगा और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं तथा प्रशिक्षणों में ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी. इसे युवाओं को साधने की बड़ी राजनीतिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है. जिस पर युवाओं में भारी उत्साह है.

रोहिणी आचार्य का संजय यादव पर अप्रत्यक्ष हमला, लालू परिवार में दरार के संकेत

संवाददाता । पटना

पटना। राष्ट्रीय जनता दल में तेजस्वी यादव के प्रमुख सलाहकार संजय यादव को लेकर अब पार्टी के भीतर ही विरोध के स्वर उभरने लगे हैं. यह विरोध किसी और ने नहीं, बल्कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य ने जताया है. रोहिणी ने एक फेसबुक पोस्ट साझा किया, जिसमें संजय यादव को लेकर कड़ी टिप्पणी की गई है. यह पोस्ट दरअसल सामाजिक कार्यकर्ता अलोक कुमार की थी, जिसमें उन्होंने तेजस्वी यादव की बिहार अधिकार यात्रा के दौरान 'रथ' की फ्रंट सीट पर संजय यादव के बैठने को लेकर नाराजगी जताई थी. अलोक ने लिखा कि यह सीट सदैव शीर्ष नेतृत्व के लिए आरक्षित होती है और उसकी अनुपस्थिति में भी किसी अन्य को वहां नहीं बैठना चाहिए. उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से संजय यादव पर खुद को शीर्ष नेतृत्व से ऊपर समझने का आरोप भी लगाया. इस पोस्ट को बिना कोई टिप्पणी किए रोहिणी आचार्य ने शेयर किया, जिसे संजय यादव के प्रति उनकी नाराजगी का प्रतीक माना जा रहा है.

सहरसा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भूमि सर्वेक्षण शुरू

सहरसा। सहरसा हवाई अड्डे से हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी तेजी से आगे बढ़ रही है. एयरपोर्ट अथॉरिटी की तीन सदस्यीय टीम ने हवाई अड्डे के रनवे और आसपास के क्षेत्रों का दूसरा सर्वेक्षण शुरू कर दिया है. टीम लीडर रविन्द्र सिंह, रजत गुप्ता और पंकज सिंह हवाई सेवा में बाधा बनने वाले मोबाइल टावर, भवन, पेड़-पौधे आदि का निरीक्षण कर रहे हैं. साथ ही इलाके की जनसंख्या, रेलवे स्टेशन, स्कूल-कॉलेज और मेडिकल कालेज जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी एकत्रित की जा रही हैं. यह सर्वे छह दिन तक चलेगा.

पीएम मोदी के नेतृत्व में बिहार में सरकार बनाएंगे: अमित शाह

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद डेहरी-ऑन-सोन में शाहाबाद और मगध प्रक्षेत्र के 10 जिलों के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का लक्ष्य सरकार बनाना नहीं, बल्कि दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाना है. अमित शाह ने कहा कि 10 जिलों के सभी कार्यकर्ता संकल्प लें कि वो मोदी की नेतृत्व में बिहार में सरकार बनाएंगे. नीतीश की सरकार ने जो कुछ बिहार के लिए किया है. उसे घर-घर तक पहुंचाएंगे. इसके बाद अमित शाह ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि आपकी आवाज राहुल गांधी तक जाना चाहिए. घुसपैठिये को वोट का अधिकार है क्या, घुसपैठियों को राशन मिलना चाहिए, उनको आयुष्मान कार्ड मिलना चाहिए, उनको वोट देने का अधिकार है क्या? अमित शाह के इन सवालों पर वहां मौजूद लोगों ने नहीं में जवाब दिया.

कारोबार

इथेनॉल में घटती हिस्सेदारी और कीमतों में स्थिरता चिंता का विषय

नई दिल्ली। सरकार की इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल योजना का उद्देश्य था ईंधन आयात पर निर्भरता कम करना और किसानों को नई आमदनी का जरिया देना. शुरुआत में गन्ने से बनने वाला इथेनॉल इस योजना की रीढ़ था. 2014 में जहां पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण 1.5% था, वह अब 20% तक पहुंच गया है. हालांकि, अब इसमें मक्का और गेहूं जैसे अनाजों की हिस्सेदारी 72% हो चुकी है, जबकि गन्ने का योगदान घटकर मात्र 27% रह गया है. 2024-25 में ग्रेन-आधारित इथेनॉल उत्पादन 650 करोड़ लीटर पहुंच गया, जबकि गन्ना आधारित उत्पादन सिर्फ 250 करोड़ लीटर रहा. गन्ना मिलों ने 2018 से अब तक 40,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता 140% बढ़ी है. लेकिन इथेनॉल की कीमतें तीन साल से स्थिर बनी हुई हैं.

भारत में करोड़पति परिवारों की बाढ़ 2021 से अब तक 90% की बढ़ोतरी

नयी दिल्ली । भारत में अमीरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 के अनुसार, जिन परिवारों के पास कम से कम 8.5 करोड़ रुपये की संपत्ति है, उनकी संख्या 2021 में 4.58 लाख से बढ़कर अब 8.71 लाख हो गई है. यह 90% की भारी बढ़ोतरी है. रिपोर्ट बताती है कि अब देश के कुल परिवारों में से 0.31% करोड़पति बन चुके हैं, जबकि 2021 में यह आंकड़ा सिर्फ 0.17% था. 2017 से 2025 के बीच संपत्ति वाले परिवारों में 445% की जबरदस्त वृद्धि देखी गई है. यह आर्थिक तरक्की, शेयर बाजार में निवेश से लाभ और नए व्यवसायों की बढ़त का नतीजा है. राज्यवार आंकड़ों में महाराष्ट्र सबसे आगे है, जहां 1.78 लाख करोड़पति परिवार हैं. मुंबई इस समय भारत की करोड़पति राजधानी है, जिसमें 1.42 लाख करोड़पति परिवार रहते हैं. दिल्ली में 79,800 और तमिलनाडु में 72,600 करोड़पति परिवार हैं.

अहमदाबाद के उमियाधाम मंदिर में अडानी सीमेंट ने बनाया विश्व का सबसे बड़ा राफ्ट फाउंडेशन

एजेंसी । अहमदाबाद

गुजरात की धरती पर आस्था और आधुनिक इंजीनियरिंग का अनोखा संगम देखने को मिला है. अहमदाबाद के पास जगत जननी मां उमिया धाम मंदिर के लिए अडानी सीमेंट ने दुनिया का सबसे बड़ा राफ्ट फाउंडेशन कास्ट कर इतिहास रच दिया. यह चुनौतीपूर्ण कार्य 54 घंटे तक लगातार चलता रहा और इसने धार्मिक अवसंरचना के लिए एक नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया. इस मेगा ऑपरेशन में 24,100 घन मीटर ईकोमैक्सएक्स एम45 ग्रेड लो-कार्बन कंक्रीट, 3,600 टन उच्च गुणवत्ता वाला सीमेंट, 26 रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट और 285 से अधिक ट्रांजिट मिक्सर का उपयोग किया गया. 600 से ज्यादा कुशल श्रमिकों और तकनीकी विशेषज्ञों ने दिन-रात मेहनत कर यह काम बिना किसी रुकावट और बिना कोल्ड जॉइंट के पूरा किया. अडानी सीमेंट के लिए इस फाउंडेशन कास्टिंग की खास बात रही कि इसमें इस्तेमाल किए गए "ईकोमैक्सएक्स" कंक्रीट ने प्रोजेक्ट का कार्बन फुटप्रिंट 60% तक घटा दिया. साथ ही, "कूलक्रीट" तकनीक के इस्तेमाल से तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखा गया, जिससे थर्मल तनाव कम हुआ और फाउंडेशन की मजबूती बरकरार रही. इस दौरान थर्मोकपल्स के जरिए तापमान और संरचना की मजबूती की रियल-टाइम निगरानी भी की गई. अडानी ग्रुप के ग्रुप सीईओ (सीमेंट बिजनेस) विनोद बाहेती ने कहा, "उमिया धाम एक प्रतीकात्मक आध्यात्मिक स्थल बन रहा है, जो लगभग 60 एकड़ में फैला है और इसमें 2,000 करोड़ का निवेश हुआ है. यह प्रोजेक्ट केवल विश्व रिकॉर्ड बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अडानी सीमेंट की गुणवत्ता, पैमाने, गति और उद्देश्य को दर्शाता है. यह परियोजना आस्था और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के बीच सेतु है."

जगत जननी मां उमिया मंदिर के विश्व उमिया फाउंडेशन के अध्यक्ष आर.पी. पटेल ने इस उपलब्धि को भारत की सांस्कृतिक और इंजीनियरिंग धरोहर के लिए गौरव का क्षण बताया. उन्होंने कहा कि अडानी सीमेंट की विशेषज्ञता ने इसे इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए स्वाभाविक साझेदार बनाया. यह मंदिर 504 फीट ऊंचा होगा और 450x400x8 फीट के विशाल फाउंडेशन पर आधारित है. यह स्थान भविष्य में जसपुर स्थित 60 एकड़ के सामाजिक और सांस्कृतिक परिसर का आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, जिसमें 1,551 धर्म स्तंभ स्थापित होंगे. ईकोमैक्सएक्स एम45 मिश्रण में 66% सप्लीमेंट्री सीमेंटिशियस मटेरियल शामिल है, जिससे कंक्रीट का कार्बन उत्सर्जन काफी कम हुआ. "कूलक्रीट" तकनीक के कारण तापमान नियंत्रित रहा और थर्मल तनाव कम हुआ. इस भव्य राफ्ट फाउंडेशन कास्टिंग को 1,000 से अधिक लोग और ऑनलाइन 10,000 से अधिक दर्शकों ने देखा. अडानी सीमेंट की यह उपलब्धि न केवल भारत के बुनियादी ढांचे में उसके योगदान को दर्शाती है, बल्कि सतत विकास और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है. वर्ल्ड वन टॉवर और चिनाब रेलवे ब्रिज जैसे अन्य मेगा प्रोजेक्ट्स के बाद उमिया धाम परियोजना ने अडानी सीमेंट की तकनीकी क्षमता और नवाचार को एक बार फिर साबित किया है. यह परियोजना इंजीनियरिंग की नई ऊंचाइयों के साथ-साथ आध्यात्मिक और सामाजिक समृद्धि के लिए भी मील का पत्थर है.

चीन की इकॉनमी में आई गिरावट: आज कई मोर्चों पर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है

नयी दिल्ली। पिछले कुछ वर्षों में चीन की आर्थिक स्थिति निरंतर कमजोर होती जा रही है और सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद भी अर्थव्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पा रही है. अमेरिका के साथ जारी ट्रेड वॉर ने चीन की आर्थिक मुश्किलों को और बढ़ा दिया है. अमेरिका चीन का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है, लेकिन अमेरिकी सरकार ने चीन पर 30 प्रतिशत तक टैरिफ लगा रखा है. इसका असर साफ नजर आ रहा है क्योंकि अगस्त 2025 में चीन से अमेरिका को होने वाले निर्यात में 33 फीसदी की गिरावट आई है. यह चीन की निर्यात क्षमता पर बड़ा झटका है और आर्थिक विकास की राह में बाधा बना हुआ है.

चीन के घरेलू निवेश में भी भारी कमी देखी गई है. साल के पहले 8 महीनों में फिक्स्ड इनवेस्टमेंट मात्र 0.5% बढ़ा है, जो महामारी के दौर को छोड़कर इतिहास में सबसे कम है. प्रॉपर्टी सेक्टर, जो चीन की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है, लंबे समय से संकट में है. प्रॉपर्टी इनवेस्टमेंट में इस साल 12.9% की गिरावट दर्ज की गई है, जो पिछले 25 वर्षों में सबसे बड़ी है. रियल एस्टेट संकट गहराता जा रहा है, जिससे पूरे देश की आर्थिक स्थिति पर खतरा मंडरा रहा है. इसके अलावा, अगस्त 2025 में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में केवल 5.2% की वृद्धि हुई है, जो अगस्त 2024 के बाद सबसे कम वृद्धि दर है. रिटेल सेल्स में भी लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज हुई है.

ताज ग्रुप न्यूयॉर्क के द पियरे होटल की बिक्री कर सकता है

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप के ताज ग्रुप द्वारा न्यूयॉर्क स्थित प्रसिद्ध द पियरे होटल को बेचने की संभावना है. ब्रुनेई के सुल्तान और सऊदी अरब के व्यापारी एस्सम खशोगी इस प्रतिष्ठित होटल को खरीदने में रुचि रखते हैं. इस संभावित डील का मूल्य लगभग 2 बिलियन डॉलर बताया जा रहा है. अगर यह सौदा सफल होता है, तो ताज ग्रुप लगभग 20 साल बाद पियरे होटल का प्रबंधन छोड़ देगा. इसके बाद ताज ग्रुप के अमेरिका में केवल एक होटल बचेंगे, जो सैन फ्रांसिस्को में ताज कैम्पटन प्लेस है. ताज ग्रुप ने इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है. जानकारी के अनुसार, ताज ने यह होटल 2005 में खरीदा था और इसे उत्तरी अमेरिका का प्रमुख होटल बनाया था. 2009 में इस होटल का 100 मिलियन डॉलर का नवीनीकरण भी कराया गया था. द पियरे होटल और सैन फ्रांसिस्को का ताज होटल दोनों ही यूनाइटेड ओवरसीज होल्डिंग के अंतर्गत आते हैं, जो इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड की पूर्ण सहायक कंपनी है.

बड़ा तोहफा मारुति सुजुकी इंडिया ने ग्राहकों को जीएसटी कटौती का जोरदार फायदा दिया

मारुति कारों की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा

एजेंसी । नयी दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने गुरुवार को घोषणा की है कि वह 22 सितंबर से अपने वाहनों की कीमतों में अधिकतम 1.29 लाख रुपये तक की कटौती करेगी. कंपनी ने यह कदम सरकार द्वारा लागू जीएसटी रेट कटौती का फायदा सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए उठाया है. इस फैसले से ग्राहकों को कार खरीदने में आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है और ऑटो इंडस्ट्री में बिक्री को भी बढ़ावा मिलेगा. मारुति सुजुकी के रजिस्ट्रेशन फाइलिंग के अनुसार, कंपनी के एंट्री-लेवल मॉडल एस प्रेसो की कीमत में 1,29,600 रुपये तक की कटौती की जाएगी. इसके अलावा, लोकप्रिय मॉडल ऑल्टो के10 की कीमत में 1,07,600 रुपये, सेलेरियो में 94,100 रुपये, वैगन-आर में 79,600 रुपये, और इग्निस में 71,300 रुपये तक की कमी होगी. प्रीमियम हैचबैक कारों की बात करें तो स्विफ्ट की कीमत 84,600 रुपये, बलेनो 86,100 रुपये, टूर एस 67,200 रुपये, डिजायर 87,700 रुपये, फ्रॉन्क्स 1,12,600 रुपये, ब्रेज़्ज़ा 1,12,700 रुपये, ग्रैंड विटारा 1,07,000 रुपये, जिमनी 51,900 रुपये, एर्टिगा 46,400 रुपये, और एक्सएल6 की कीमतों में 52,000 रुपये तक की कटौती की जाएगी. इसके अलावा, इनविक्टो की कीमतें 61,700 रुपये, ईको 68,000 रुपये, और सुपर कैरी एसीवी की कीमत 52,100 रुपये तक घटाई जाएगी.

सरकार ने हाल ही में पेट्रोल, सीएनजी और एलपीजी इंजन वाली कारों (1200सीसी तक और चार मीटर लंबाई तक) पर जीएसटी दर को 28% से घटाकर 18% कर दिया है. इसी प्रकार, डीजल इंजन वाली कारों (1500सीसी तक और चार मीटर लंबाई तक) पर भी 18% जीएसटी लागू किया जाएगा. यह नया जीएसटी रेट 22 सितंबर से प्रभावी होगा. विशेषज्ञों का मानना है कि इस बदलाव से कारों की खरीदना ग्राहकों के लिए ज्यादा किफायती हो जाएगा, जिससे ऑटो सेक्टर की बिक्री में सुधार की उम्मीद है. जीएसटी कटौती का असर पूरे ऑटो इंडस्ट्री पर दिखेगा. इससे न केवल कंपनियों को बिक्री में मदद मिलेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी कार खरीदते समय पैसे की बचत होगी. मारुति सुजुकी के अलावा कई अन्य कंपनियों ने भी अपनी कारों की कीमतों में कटौती करने की घोषणा की है. खासकर प्रीमियम सेगमेंट की कार निर्माता कंपनियां भी अपने वाहनों के दाम घटाने लगी हैं, जिससे बाजार में प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों के लिए विकल्प बढ़ेंगे. इस जीएसटी रेट कटौती के साथ ही सरकार ने वाहन उद्योग को मजबूत करने और उपभोक्ताओं की जेब पर दबाव कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है. आने वाले महीनों में ऑटोमोबाइल सेक्टर में इससे सकारात्मक असर देखने को मिलेगा और कार खरीदना आम जनता के लिए ज्यादा आसान हो जाएगा.

बैंकों को कमोडिटी डेरिवेटिव बाजार में निवेश की मिल सकती है मंजूरी

नयी दिल्ली। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने संकेत दिया है कि बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन फंडों को गैर-कृषि कमोडिटी डेरिवेटिव बाजारों में निवेश की अनुमति दी जा सकती है. इसके लिए सरकार से बातचीत की जाएगी. यह कदम भारतीय कमोडिटी बाजार को और अधिक गहराई और स्थिरता देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है. उन्होंने बताया कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को गैर-नकद निपटान वाले गैर-कृषि कमोडिटी डेरिवेटिव अनुबंधों में व्यापार की अनुमति देने पर भी विचार किया जा रहा है. एक कार्यक्रम में बोलते हुए पांडे ने कहा कि दिसंबर 2025 तक एक सामान्य अनुपालन रिपोर्टिंग तंत्र में कमोडिटी विशेष ब्रोकरों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और निगरानी मजबूत होगी.

स्टॉक मार्केट में एयरफ्लोआ रेल की जबरदस्त एंट्री

नई दिल्ली। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के साथ ही एरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए भी अहम पार्ट्स बनाने वाली कंपनी एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 266 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी देर में ही उछल कर 279.30 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया. एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी का 91.10 करोड़ रुपये का आईपीओ 11से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से भी जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 301.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 214.65 गुना सब्सक्राइब हुआ था. वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 349.88 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 330.31 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 65.07 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं. आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी मशीनरी और नए इक्वीपमेंट की खरीदारी करने, पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी. कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.49 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 14.23 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया.

भारतीय हॉकी के शताब्दी समारोह की उलटी गिनती शुरू

हॉकी इंडिया ने 50 दिनों के जश्न का किया आगाज

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारतीय हॉकी इतिहास के सौ गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में देशभर में भव्य शताब्दी समारोह की तैयारियां ज़ोर पकड़ चुकी हैं. हॉकी इंडिया ने इस विशेष अवसर को चिह्नित करने के लिए बुधवार से 50 दिन का काउंटडाउन शुरू कर दिया है, जो 7 नवंबर 2025 को एक विशेष समारोह के साथ संपन्न होगा. यह ऐतिहासिक आयोजन 1925 में राष्ट्रीय हॉकी निकाय की स्थापना से लेकर आठ ओलंपिक स्वर्ण पदकों तक की प्रेरणादायक यात्रा का प्रतीक बनेगा.

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान डॉ. दिलीप तिर्की ने बताया कि शताब्दी समारोह को देशव्यापी स्तर पर भव्यता से मनाया जाएगा और इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय हॉकी के स्वर्णिम अतीत से परिचित कराना है. उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ अतीत को याद करना नहीं है, बल्कि उस विरासत को जीवंत करना है जिसने भारत को हॉकी की दुनिया में पहचान दिलाई.हॉकी इंडिया ने संकेत दिया है कि आगामी दिनों में समारोह से जुड़े कई कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी. इसमें विशेष प्रदर्शनी मैच, पूर्व खिलाड़ियों का सम्मान, डॉक्यूमेंट्री, स्कूल और कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिताएं और डिजिटल अभिलेख शामिल हो सकते हैं.

भारत की स्वर्णिम हॉकी यात्रा : भारत ने 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक से 1980 के मास्को ओलंपिक तक आठ स्वर्ण पदक जीते यह रिकॉर्ड आज भी किसी भी देश द्वारा एक ही खेल में ओलंपिक पदकों की सबसे ऊँची संख्या है. इस गौरवशाली इतिहास में मेजर ध्यानचंद, बलबीर सिंह सीनियर, गुरबक्स सिंह, मोहम्मद शाहिद जैसे कई नाम अमर हो चुके हैं.

1964 टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता कप्तानगुरबक्स सिंहने इस अवसर पर भावुक होकर कहा, पहला हॉकी टूर्नामेंट भारत में 1895 में खेला गया था, जिसे बीटन कप कहा जाता है. इसके बाद 1925 में राष्ट्रीय हॉकी संघ की स्थापना हुई और सिर्फ तीन साल बाद ही भारत ने ओलंपिक में पदार्पण करते हुए स्वर्ण पदक जीता.उन्होंने ब्रिटेन के खिलाफ 1948 लंदन ओलंपिक की जीत को सबसे गर्वपूर्ण क्षणों में से एक बताया. बर्लिन ओलंपिक की यादें और जज्बा गुरबक्स सिंह ने 1936 बर्लिन ओलंपिक की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी साझा की, जब आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद भारतीय टीम को भेजा गया. उन्होंने बताया कि उस समय 50,000 रुपये इकट्ठा करने के लिए रियासतों, अमीरजादों और आम लोगों ने 100 से 500 रुपये तक का योगदान दिया, ताकि टीम समुद्री मार्ग से जर्मनी जा सके. यह टीम वही थी, जिसने ध्यानचंद के नेतृत्व में बर्लिन में इतिहास रच दिया.

अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा : डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा किहमें यह सुनिश्चित करना है कि नई पीढ़ी सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि हॉकी जैसे खेलों के गौरवशाली इतिहास को भी जाने और अपनाए.उन्होंने यह भी कहा कि इस 50 दिन की उलटी गिनती के दौरान देशभर में खेल और सांस्कृतिक आयोजनों की एक श्रृंखला चलाई जाएगी. भारतीय हॉकी के शताब्दी समारोह का यह काउंटडाउन न केवल अतीत को सलामी है, बल्कि आने वाले भविष्य को प्रेरणा देने की एक कोशिश भी है.7 नवंबर 2025 को यह यात्रा एक भव्य समारोह के साथ अपने चरम पर पहुंचेगी जब पूरा देश उस खेल को नमन करेगा जिसने भारत को खेलों की दुनिया में स्वर्णिम पहचान दिलाई.

बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान ने जीते पहले मुकाबले

चैंपियंस लीग 2025-26

एजेंसियां । म्यूनिख

यूईएफए चैंपियंस लीग 2025-26 के ग्रुप स्टेज की शुरुआत में जर्मन चैंपियनबायर्न म्यूनिखऔर इटली कीइंटर मिलानने शानदार जीत दर्ज की. बुधवार देर रात खेले गए मुकाबलों में दोनों टीमों ने अपने-अपने विरोधियों पर दबदबा बनाते हुए टूर्नामेंट में विजयी आगाज़ किया. बायर्न म्यूनिख बनाम चेल्सी (3-1):बायर्न की जीत के हीरो रहे इंग्लिश स्ट्राइकरहैरी केन, जिन्होंने दो गोल किए. मैच की शुरुआत में ही चेल्सी के डिफेंडरट्रेवोह चालोबाने 20वें मिनट में आत्मघाती गोल कर बायर्न को 1-0 की बढ़त दिला दी. इसके बाद 27वें मिनट में केन ने पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया. हालांकि, चेल्सी ने 29वें मिनट मेंकोल पामरके गोल के जरिए वापसी की कोशिश की, लेकिन 63वें मिनट में हैरी केन के एक और गोल ने मुकाबले का रुख पूरी तरह बायर्न के पक्ष में मोड़ दिया.

इस जीत के साथ बायर्न ने चैंपियंस लीग में अपना लगातार22वां ओपनिंग मुकाबलाजीतने का रिकॉर्ड कायम किया, जबकि चेल्सी को इस सीज़न की पहली हार झेलनी पड़ी. इंटर मिलान बनाम अजाक्स (2-0):इटली की क्लबइंटर मिलानने डच क्लबअजाक्सको 2-0 से हराया. दोनों गोलमार्कस थुरामने किए. पहला गोल उन्होंने हाफ टाइम से ठीक पहलेहाकान चाल्हानोग्लूके कॉर्नर पर शानदार हेडर से किया, जबकि दूसरा गोल दूसरे हाफ की शुरुआत में एक और हेडर से आया. पिछले सीज़न के फाइनल मेंपीएसजी से हारझेलने वाली इंटर मिलान ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में आत्मविश्वास के साथ वापसी की है और आगे के मुकाबलों के लिए खुद को मजबूत स्थिति में खड़ा किया है.

पाकिस्तान-यूएई मुकाबले में अंपायर के सिर पर लगी गेंद

मैच के बीच में ही छोड़ना पड़ा मैदान

एजेंसियां । दुबई

एशिया कप 2025 के पाकिस्तान और यूएई के बीच खेले गए मुकाबले में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना देखने को मिली, जब मैदान पर खड़े अंपायर रुचिरा पल्लियागुरुगे को सिर पर गेंद लग गई. यह घटना यूएई की पारी के पावरप्ले के आखिरी ओवर (5.5 ओवर) के दौरान हुई, जब पाकिस्तानी विकेटकीपर मोहम्मद हारिस का थ्रो सीधे अंपायर के सिर पर जा लगा. घटना के बाद खेल को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा. जैसे ही गेंद अंपायर को लगी, गेंदबाज़ सैम अयूब और अन्य खिलाड़ी तुरंत उनकी ओर भागे. सैम अयूब ने खुद अंपायर की कैप उतारी और फिजियो को बुलाया गया. पाकिस्तान टीम के फिजियो ने मैदान पर पहुंचकर पल्लियागुरुगे का कन्कशन टेस्ट किया. 57 वर्षीय अंपायर को इसके बाद एहतियातन मैदान से बाहर ले जाया गया, हालांकि जाते समय वे सामान्य दिख रहे थे और ज्यादा असहज नजर नहीं आए. उनकी जगह रिजर्व अंपायर गाजी सोहेल (बांग्लादेश) ने मैच की जिम्मेदारी संभाली और बाकी खेल उनकी निगरानी में पूरा हुआ. घटना के समय पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम कमेंट्री कर रहे थे. उन्होंने मजाकिया लहजे में इस थ्रो को बुल्सआई कहा और कहा, सीधे अंपायर के सिर पर लगी गेंद, क्या थ्रो थी. हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि फील्डर का एक काम होता है कि अंपायर को नहीं मारना चाहिए.

हालांकि सोशल मीडिया पर वसीम अकरम की यह टिप्पणी कुछ प्रशंसकों को पसंद नहीं आई. कई यूज़र्स ने इसे असंवेदनशील बताया और कहा कि ऐसी गंभीर घटनाओं पर संयमित भाषा का प्रयोग करना चाहिए. इस मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन बनाए. जवाब में यूएई की टीम 105 रन पर सिमट गई और पाकिस्तान ने 41 रन से मुकाबला जीतकर सुपर-4 में प्रवेश कर लिया. अब पाकिस्तान का अगला मुकाबला 21 सितंबर को भारत से होगा, जिसका बेसब्री से इंतज़ार है.

चाइना मास्टर्स 2025: शानदार जीत के साथ बनाई जगह

सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में

एजेंसियां । नई दिल्ली

चाइना मास्टर्स 2025 में भारत के लिए गुरुवार का दिन शानदार रहा, जहां दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सीधे गेमों में जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया. शेन्ज़ेन में खेले जा रहे इस सुपर 750 टूर्नामेंट में भारतीय शटलरों का प्रदर्शन अब तक उत्साहजनक रहा है.

महिला एकल मुकाबले में सिंधु ने छठी रैंकिंग वाली थाईलैंड की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग को मात्र 41 मिनट में 21-15, 21-15 से हराया. यह जीत सिंधु के आत्मविश्वास के लिए काफी अहम मानी जा रही है, खासकर तब जब वह हाल ही में हांगकांग ओपन के पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं. इस जीत के साथ सिंधु ने चोचुवोंग के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 6-5 कर लिया है.

मैच के बाद सिंधु ने कहा, मैं इस जीत से खुश हूं. चोचुवोंग एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और मैंने उनके खिलाफ पहले भी चुनौतीपूर्ण मैच खेले हैं. आज मेरा फोकस था कि शुरुआत से ही सतर्क रहूं और हर अंक के लिए लड़ूं.उन्होंने आगे कहा कि पहला गेम जीतने के बाद वह और भी सतर्क हो गईं और दूसरे गेम को नियंत्रित करने की कोशिश की.

अब सिंधु का क्वार्टरफाइनल मुकाबला कोरिया की वर्ल्ड नंबर-1 एन से यंग से होगा. एन से यंग के खिलाफ सिंधु का रिकॉर्ड अब तक निराशाजनक रहा है. कोरियाई शटलर ने सिंधु को अब तक खेले गए सभी सात मुकाबलों में हराया है, जिनमें से छह सीधे गेम में खत्म हुए हैं. पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने चीनी ताइपे के वांग ची-लिन और चिउ हिसयांग-चीह की जोड़ी को सिर्फ 33 मिनट में 21-13, 21-12 से शिकस्त दी. अब उनका अगला मुकाबला स्थानीय चीनी जोड़ी रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा. सिंधु इन दिनों भारतीय महिला एकल टीम के कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ काम कर रही हैं. प्रतामा इंडोनेशियाई बैडमिंटन टीम के पूर्व पुरुष एकल कोच रह चुके हैं और सिंधु ने उनके मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा, हम दोनों के बीच अच्छा समन्वय बन चुका है और वह बतौर कोच अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं. कुल मिलाकर, चाइना मास्टर्स 2025 में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन सकारात्मक संकेत दे रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि वे इस लय को बरकरार रखकर टूर्नामेंट में और आगे बढ़ेंगे.

टूर्नामेंट समिति का प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला

धर्मशाला । ऑल इंडिया शहीद मेजर दुर्गा मल्ल, कैप्टन दल बहादुर थापा गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार सुबह धर्मशाला के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुधीर शर्मा से उनके निवास पर भेंट की. प्रतिनिधिमंडल ने टूर्नामेंट में उनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया.

समिति ने कहा कि सुधीर शर्मा लंबे समय से इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को समर्थन देते आ रहे हैं, जिससे शहीदों की स्मृति को खेल भावना के माध्यम से जीवित रखने में उल्लेखनीय सहायता मिली है. प्रतिनिधिमंडल ने इस सहयोग के लिए उनका विशेष धन्यवाद किया. गौरतलब है कि इस टूर्नामेंट का संबंध शर्मा परिवार से वर्ष 1989 से जुड़ा हुआ है. टूर्नामेंट के पहले संस्करण का आयोजन गोरखा युवा संगठन और जिला फुटबॉल संघ कांगड़ा ने किया था, जिसमें उस समय हिमाचल प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सुधीर शर्मा के पिता, स्वर्गीय पंडित संत राम ने अहम भूमिका निभाई थी. यह परंपरा आज भी जारी है, जिसे समिति ने गहरे सम्मान के साथ याद किया.

प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष पालम जंग प्रधान के नेतृत्व में विधायक सुधीर शर्मा से इस टूर्नामेंट को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सुझाव साझा किए. उन्होंने टूर्नामेंट की गुणवत्ता और पहुंच को और बेहतर बनाने पर भी चर्चा की. विधायक सुधीर शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में धर्मशाला में कम से कम दो विश्व स्तरीय फुटबॉल मैदान विकसित किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र फुटबॉल सहित अन्य खेलों में भी अपार संभावनाओं से भरा है, लेकिन अभी तक आधुनिक खेल अधोसंरचना की कमी महसूस की गई है.

महिला वनडे वर्ल्ड कप में 5 अक्टूबर को भारत-पाक भिड़ंत

दीप्ति बोलीं, अभी ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर फोकस

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए एशिया कप 2025 पुरुष मुकाबले के बाद हैंडशेक विवाद ने काफी तूल पकड़ा है, और अब इसकी गूंज महिला क्रिकेट तक भी पहुंचने लगी है. इसी बीच, महिला वनडे विश्व कप को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं, जिसमें भारत और पाकिस्तान की टीमें 5 अक्टूबर को आमने-सामने होंगी. यह बहुप्रतीक्षित मुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा.

फिलहाल भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में व्यस्त है. पहला मुकाबला हारने के बाद टीम इंडिया दूसरा मैच खेलने उतरी. मैच से पहले भारतीय टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने मीडिया से बातचीत की, जहां उनसे पुरुष टीम के हैंडशेक विवाद को लेकर सवाल पूछा गया.

जब दीप्ति से पूछा गया कि क्या भारतीय महिला टीम भी पाकिस्तान से भिड़ने पर हाथ मिलाने से इनकार करेगी, जैसा पुरुष टीम के मैच में देखा गया था, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देते हुए कहा, हम इस समय पूरी तरह ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर फोकस कर रहे हैं. पाकिस्तान मैच बाद में है, उस पर बाद में विचार किया जाएगा.

दीप्ति ने यह भी भरोसा जताया कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में वापसी कर सकती है और इसे बराबरी पर ला सकती है. उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से तैयारी मजबूत होती है, और यह अनुभव विश्व कप में काम आएगा.

एशिया कप 2025 के भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बाद जब पुरुष खिलाड़ियों के बीच हाथ मिलाने से इनकार की घटना सामने आई, तो सोशल मीडिया पर इस पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली. अब यही मुद्दा महिला टीमों के संभावित मुकाबला खेला जाएगा.

व्यवहार को लेकर भी उठने लगा है. हालांकि दीप्ति शर्मा के बयान से साफ है कि भारतीय महिला टीम का ध्यान अभी केवल खेल पर है, न कि विवादों पर. टीम का लक्ष्य पहले ऑस्ट्रेलिया सीरीज में संतुलन बनाना है और इसके बाद वर्ल्ड कप मिशन पर फोकस करना है, जहां 5 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज

सीडीएलयू सिरसा में महिला इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, 11 टीमों ने लिया भाग

एजेंसियां । सिरसा (हरियाणा)

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू), सिरसा में गुरुवार को महिला इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की 11 टीमों ने भाग लिया. प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. सुरेश कुमार गहलावत ने किया. उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी और कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम वर्क जैसे मूल्यों को मजबूत करते हैं.

प्रो. गहलावत ने छात्राओं से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया. इस अवसर पर खेल परिषद की अध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय महिला खिलाड़ियों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि छात्राओं का उत्साह और मेहनत विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति को और समृद्ध बना रही है. प्रो. वर्मा ने नियमित अभ्यास, समर्पण और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया.

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सीआरडीएवी ऐलनाबाद और एमएचडी ओढ़ां के बीच खेला गया, जिसमें सीआरडीएवी ऐलनाबाद की टीम विजयी रही.

प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों और विद्यार्थियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.इस आयोजन में प्रो. ईश्वर मलिक, डॉ. जगदीश भादू, डॉ. शमशेर कासनिया, डॉ. राजेश और विभिन्न कॉलेजों के टीम इंचार्ज भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें आगे बढ़ने का मंच प्रदान करना था.

एशिया कप 2025 | दसवें मुकाबले में पाकिस्तान ने यूएई को 41 रनों से पराजित कर दिया

सुपर-4 में अब भारत से होगा महामुकाबला

एजेंसियां । दुबई

एशिया कप 2025 के 10वें मुकाबले में पाकिस्तान ने यूएई को 41 रन से हराकर सुपर-4 में जगह बना ली है. इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने टूर्नामेंट के अगले चरण में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका मुकाबला अब 21 सितंबर को चिरप्रतिद्वंद्वी भारत से होगा. यह हाई-वोल्टेज मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसका क्रिकेट प्रेमियों को बेसब्री से इंतजार है.

पाकिस्तान की शुरुआत सधी, लेकिन मध्यक्रम रहा कमजोर : मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया. हालांकि टीम की शुरुआत बेहतर रही, लेकिन मध्यक्रम पूरी तरह विफल रहा. पाकिस्तानी टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी. सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने टीम को सधी हुई शुरुआत दिलाई और अर्धशतक (50 रन) बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. उनके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने अंतिम ओवरों में तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 14 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और दो चौके शामिल थे.

पाकिस्तान की बल्लेबाजी हालांकि लड़खड़ा गई थी. टीम के छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके, जिससे स्कोरबोर्ड पर दबाव बना रहा. यूएई के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया. जुनैद सिद्दीकी ने अपनी गेंदबाजी से पाकिस्तानी बल्लेबाजों को जमने नहीं दिया और 4 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट झटके. वहीं सिमरनजीत सिंह ने भी प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए.

यूएई की उम्मीदें चोपड़ा-पाराशर की साझेदारी तक सीमित : 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही. पाकिस्तानी गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए शुरुआती झटके दिए. हालांकि एक समय पर राहुल चोपड़ा (35 रन) और राहुल पाराशर (20 रन) ने 48 रनों की साझेदारी कर मैच में यूएई की वापसी की उम्मीदें जगाई थीं.

लेकिन इसके बाद टीम की पारी पूरी तरह बिखर गई. अगले सात विकेट केवल 18 रनों के भीतर गिर गए और पूरी टीम 105 रन पर 18वें ओवर में सिमट गई. यूएई के निचले क्रम के बल्लेबाज पाकिस्तानी गेंदबाजों के आगे पूरी तरह नाकाम रहे.

पाकिस्तानी गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन : पाकिस्तान के गेंदबाजों ने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि वे किसी भी टीम को चुनौती देने में सक्षम हैं. शाहीन अफरीदी ने गेंदबाजी में भी दम दिखाते हुए दो विकेट हासिल किए. हारिस रउफ और अबरार अहमद ने भी दो-दो विकेट चटकाए. वहीं सैम अय्यूब और कप्तान सलमान आगा को एक-एक विकेट मिला. सभी गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी की, जिससे यूएई के बल्लेबाज असहज नजर आए.

भारत-पाक महामुकाबले पर टिकी निगाहें : इस जीत के साथ पाकिस्तान ने सुपर-4 में प्रवेश कर लिया है और उसका मुकाबला अब भारत से होगा. क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह मुकाबला बेहद खास माना जा रहा है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले हमेशा से रोमांच और भावनाओं से भरपूर रहे हैं. दोनों टीमों के बीच यह मैच 21 सितंबर को दुबई में खेला जाएगा.

वहीं, यूएई और ओमान की टीमें ग्रुप चरण में अपने प्रदर्शन के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं. अब सभी की निगाहें सुपर-4 के मुकाबलों पर टिकी होंगी, जहां भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी.

नेपाल के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, पांच नए चेहरे शामिल, अकील कप्तान

एजेंसियां । नई दिल्ली

वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने नेपाल के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. इस सीरीज के लिए टीम में पांच नए चेहरों को शामिल किया गया है, जबकि नियमित कप्तान शाई होप सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है. टीम की कमान पहली बार अनुभवी लेफ्ट-आर्म स्पिनर अकील होसैन को सौंपी गई है.टीम में शामिल पांच अनकैप्ड खिलाड़ी हैं—टॉप ऑर्डर बल्लेबाज़ अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, लेग स्पिनर ज़िशान मोटारा, लेफ्ट-आर्म तेज़ गेंदबाज़ रैमॉन सिमंड्स और विकेटकीपर-बल्लेबाज़ अमीर जंगू. इनके अलावा अमेरिका के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके बल्लेबाज़ करीमा गोर को भी टीम में शामिल किया गया है, जो वेस्टइंडीज के लिए पहला मैच खेलेंगे. करीमा गोर ने हाल ही में कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 में एंटिगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने 11 मैचों में 219 रन बनाकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा.टीम में कुछ अनुभवी खिलाड़ी भी मौजूद हैं, जिनमें फैबियन एलन, जेसन होल्डर और काइल मेयर्स जैसे नाम शामिल हैं, जो युवा खिलाड़ियों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे. इससे पहले अप्रैल 2024 में वेस्टइंडीज 'ए' टीम नेपाल के दौरे पर गई थी, जहां नेपाल ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दो मैचों में जीत दर्ज की थी, हालांकि सीरीज वेस्टइंडीज के पक्ष में रही थी. तीन मैचों की यह टी20 सीरीज 27 सितंबर से शुरू होगी. पहला मुकाबला 27 सितंबर को खेला जाएगा, जबकि दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 29 और 30 सितंबर को शारजाह में आयोजित होंगे.

वेस्टइंडीज टीम (नेपाल टी20 सीरीज के लिए): अकील होसैन (कप्तान), फैबियन एलन, ज्वेल एंड्रयू, अकीम ऑगस्टे, नवीन बिदाईसी, जेडियाह ब्लेड्स, केसी कार्टी, करीमा गोर, जेसन होल्डर, अमीर जंगू, काइल मेयर्स, ओबेद मैककॉय, ज़िशान मोटारा, रैमॉन सिमंड्स और शमार स्प्रिंगर.

▼ ब्रीफ खबरें

बीसीसीएल कर्मी ने लगायी फांसी

धनबाद। कार्मिक नगर स्थित बीसीसीएल क्वार्टर में गुरुवार को बीसीसीएल कर्मी अमर उरांव (45) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पत्नी आशी देवी, जो एक निजी स्कूल में काम करती हैं, ने बताया कि उनके पति शराब के नशे के आदी थे और इसी वजह से घर में अक्सर झगड़ा होता था. बुधवार रात भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था. इसके बाद अमर उरांव अपने दूसरे मंजिल पर बने कमरे में चले गए. गुरुवार सुबह आशी देवी काम पर चली गईं. जब वे दोपहर करीब 3 बजे घर लौटीं, तो पति की खोजबीन करने लगीं. इसी दौरान उन्होंने देखा कि अमर उरांव ने कमरे में बिजली के तार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है.घटना की जानकारी मिलते ही सहकर्मी सुजीत कुमार चौधरी और अन्य लोग मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि मृतक बीसीसीएल के गोधर नंबर 26 में कार्यरत थे. परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं. बड़ी बेटी बाहर पढ़ाई कर रही है, जबकि छोटी बेटी घर पर ही रहती है. सूचना मिलने पर सरायढेला पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

महिला की मौत, घर से रुपये गहने गायब

टुंडी। टुंडी थाना से सटे पासी टोला में रहनेवाली एक वृद्ध महिला की मौत हो गई है. महिला की मौत की सूचना दिए जाने के बाद पुलिस पहुंची व लाश को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. महिला की मौत को लेकर कई तरह की अटकलें लगायी जा रही है. बताया जाता है कि वृद्ध महिला अकली देवी 65वर्ष घर में अकेली रहती थी. वह 17सितंबर को बैंक से कुछ राशि निकाली थी. वह लंबे समय से अपने यहां दारु बेंचकर जीवन यापन करती थी. ग्रामीणों व प्रत्यक्षदर्शी लोगों के अनुसार मृतक महिला के पास मोटी रकम थी व जेवरात भी पहनती थी. घटना के बाद सब कुछ गायब हैं. उसके पुत्र भी है. मृतक महिला की जीभ इतनी बाहर थी कि लोगों ने गला दबाकर हत्या की आंशका भी जताई है. टुंडी थानेदार उमाशंकर का कहना है कि जबतक मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाता अभी कुछ कहना उचित नहीं है. वैसे पुलिस सभी पहलुओं पर गौर कर रही है. स्वजनों ने अभी तक लिखित शिकायत नहीं की है. इस मामले में पुलिस गंभीर है.

महुदा में थाना प्रभारी का अभिनंदन समारोह

महुदा। महुदा थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी ललित रंजन का अभिनंदन सह धनबाद ट्रांसफर हुए पूर्व के थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर मुखिया महेश कुमार पटवारी, मो० बदरूद्दीन अंसारी, सूर्यकांत महतो, मुखिया प्रतिनिधि शिबु महतो, रामेश्वर उर्फ बॉबी महतो,भोला दास,एसआई अब्दुल कलाम, एएसआई कमलेश सिंह,महेन्द्र राम,बिनोद सिंह,लालमोहन सिंह, बबिता कुमारी गुप्ता, यशोदा देवी, सहित सभी ग्रामीण पुलिस व अन्य कर्मी मौजूद थे. दोनों को माला पहनाते हुए बूके देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.सभी ने पूर्व थाना प्रभारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए नये थानेदार को अच्छे कार्य के लिए सहयोग करने की बातें कही. नये थानेदार ने सभी के सहयोग से क्षेत्र में कार्य करने का वादा किया.कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार तिवारी ने किया.

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़ा

पुटकी। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केंदुआडीह में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़ा का उद्घाटन भाजपा के विधायक प्रतिनिधि रविंद्र सिन्हा ने फीता काट कर किया. मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनीता चौधरी ने कहा कि महिलाओं के लिये सरकार ने 17 नंबर से लेकर दो अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजन किया गया है. महिलाओं की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर टेस्ट के अलावे हेल्थ से रिलेटेड सभी समस्या का जांच कर निदान किया जाएगा. ब्लड डोनेशन कैंप का भी लगाया जाएगा. मौके पर डॉक्टर संजय कुमार रॉय, डॉ नंदन, डॉ सत्यजीत सिंह, डॉ होमा फातमा,आशा चौबे, डेज़ी कुमारी आदि उपस्थित थे.

एक दिन, एक घंटा, एक साथ के नारे के संग 2 अक्टूबर तक अभियान

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का शुभारंभ

खास बात

- जन प्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का शुभारंभ समाहरणालय के सभागार में किया. इस अवसर पर विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी सहायक व कनीय अभियंता, सभी जिला समन्वयक एवं सभी ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल-01 एवं 02 के साथ स्वच्छता शपथ ली गई. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक जिलेभर में संचालित होगा. इस वर्ष इसकी थीम स्वच्छोत्सव रखी गई है. अभियान के क्रम में 25 सितंबर 2025 को "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" विशेष राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा 02 अक्टूबर 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा. अभियान के दौरान पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नगर विकास एवं आवास, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी. कार्यक्रम पांच प्रमुख केंद्रित गतिविधियों पर आधारित होगा. जिसमें कचरे के ढेर की साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन, स्वच्छ हरित उत्सव का आयोजन तथा स्वच्छता हेतु विशेष जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी. उपायुक्त ने कहा कि जिले में ऐसे गांव और वार्ड चिन्हित किए जाएंगे जिन्हें स्वच्छता में आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया जा सके. उन्होंने सभी नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि जन भागीदारी से ही जिले को स्वच्छ बनाने में सफलता प्राप्त होगी

रणधीर वर्मा चौक पर भामसं ने किया प्रदर्शन

17 सितंबर को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित हो : धर्मजीत चौधरी

शुभम संदेश। धनबाद

भारतीय मजदूर संघ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय मजदूर संघ धनबाद जिला के नेतृत्व में राज्य सरकार से विश्वकर्मा जयंति को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन किया गया. जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंति को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने हेतु प्रदर्शन किया जा रहा है. भारतीय मजदूर संघ का मानना है कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहले शिल्पकार थे, इसलिए उनकी जयंती से बढ़कर श्रमिकों के लिए कोई और मजदूर दिवस नहीं हो सकता. भामसं द्वारा 17 सितंबर को राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है. जब श्रमिक संगठित होकर कार्य करते हैं, तब वे बहुत ही शक्तिशाली हो जाते हैं. श्रमिक दिवस एक ऐसा दिन है, जो श्रमिकों को एकजुट कर उनकी शक्ति की याद दिलाता है. इस संदर्भ में 17 सितंबर को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है. प्रभात रंजन, प्रदेश मंत्री ने कहा कि श्रमिक दिवस पर श्रमिकों और उनकी जरूरतों एवं उनके अधिकारों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है. यह दिन कार्यकर्ता के प्रयासों को परिष्कृत करने के लिए एक प्रेरणा है. सर्वत्र यह व्याख्या की जाती है कि श्रमिक अपना मूल्यवान श्रम बेचकर न्यूनतम वेतन प्राप्त करते हैं. इस प्रकार समाज के लिए उनके योगदान की सराहना और पहचान करने के लिए यह दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है. आज का यह दिन पूरी तरह से श्रमिक वर्ग के लिए समर्पित है. इसी कड़ी में कोयला, डाक, पोस्टल, भवन निर्माण, सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ, आंगनवाड़ी आदि भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक कर्मचारियों के बीच राष्ट्रीय श्रम दिवस के बारे में जानकारी देते हुए सभा, संगोष्ठी, कार्यकर्ता सम्मान समारोह आदि का आयोजन कर देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया. केन्द्रीय कार्यालय विश्वकर्मा भवन, धनबाद में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई. केके सिंह, सुनील उरांव, ओम सिंह, सुशील कुमार सिंह, रमेश चौबे आदि ने संबोधित किया. मौके पर नवनीत सिंह, कन्हैया सिंह, राघवेंद्र नारायण पांडेय, पप्पू विश्वकर्मा, पिंकू महतो, महगी साव, गणेश राम, विजय कुमार राम, लालजी भारती, गणेश तिवारी, शौरभ सिंह, शूशील कुमार सिंह, प्रसांत नियोगी, तारकेश्वर सिंह, कृष्ण कन्हैया सिंह, सत्यनारायण यादव, कुंदन कुमार, शूशील कुमार सिंह, सतेंद्र दांगी, रविशंकर सिंह, संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद थे.

ननि से पुराना बाज़ार में महिला शौचालय निर्माण की मांग

धनबाद (शुभम संदेश)। पुराना बाजार क्षेत्र में शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों विशेष कर महिलाओं को भारी समस्याओं को सामना करना पड़ता है. इसको लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार का एक प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष सोहराब खान के नेतृत्व में नगर निगम पहुंचा. जहां नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार से भेंट की. पुराना बाज़ार में महिला शौचालय, सुलभ शौचालय तथा पेशाब घर निर्माण कराने का आग्रह किया. चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान ने बताया कि वर्षों बीत जाने के बाद भी पुराना बाज़ार मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. पुराना बाज़ार में एक भी सुलभ शौचालय न होने के कारण दुकानदारों सहित ग्राहकों और खासकर महिलाओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है. चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की टीम ने जगहों को चिह्नित कर नगर निगम से महिला शौचालय, सुलभ शौचालय तथा पेशाब घर निर्माण सहित दुर्गा पूजा के मद्देनजर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने तथा आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की है. सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने भरोसा जताया कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा. प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष के साथ महासचिव पवन सोनी, प्रवक्ता विजय सैनी तथा उपाध्यक्ष इमरान अली उपस्थित थे.

पीठाकियारी में पाइप बिछाने के दौरान मारपीट, थाने में शिकायत

शुभम संदेश। निरसा बाजार

पीठाकियारी स्थित शहीद कॉलोनी (गुरुबाड़ी) निवासी शंकर कुमार भुइयां ने गुरुवार को शम्स आलम उर्फ मन्नू आलम, जपन आलम, मिंटू आलम, हसन इब्राहिम के खिलाफ निरसा थाना में मारपीट, गालीगलौज, रंगदारी मांगने, जाति शब्द का इस्तेमाल का शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है. उन्होंने कहा कि 15 सितंबर को शहीद कॉलोनी स्थित अपने नये घर में पानी का कनेक्शन के लिए पाइप बिछाने का काम कराने के काम छोटे भाई मुन्नी लाल भूईयां को साथ करवा रहे थे. इस दौरान क्रम मुहल्ले के शम्स आलम उर्फ मल्लु आलम अन्सारी, आलम अन्सारी, मिन्दु आलम अन्सारी, हसन इब्राहिम ने आकर पाइप लाइन कनेक्शन का काम बन्द करवा दिया. बोलने लगे की ढलाई रास्ता काट कर काम करने नहीं देंगे. रास्ता खराब हो जाएगा. हमने कहा कि रास्ता काटने के बाद जैसा पहले था, उससे अच्छा बना देंगे. गिट्टी, बालू, सीमेंट साथ लाए हैं. इतना बोलते ही वे सब सारा सामान फेंक दिया. गुस्से से बोलने लगे कि हमारे मना करने पर तुम लोगों को समझ नहीं आता है. यहां कोई काम करने नहीं देंगे और यदि जबरदस्ती करोगे तो तुमको दो लाख रुपया देना होगा. तुम लोग छोटे जाति के भूईया, मुसहर हरिजन, हरामखोर हो। हमारे मुहल्ले में रह कर मुहल्ला गंदा कर देंगे. इसलिए तुम.लोगों को यहां रहने नहीं देंगे. यहां रहने की कभी सोचना भी नहीं. हम दोनों भाई जब इनका विरोध किया तो वे चारों मेरे मिस्त्री, लेवर को डांट कर वहां से भगा दिया. सारा समान को फेंक दिया. दोनों भाईयों को उन चारों पकड़ कर मारपीट करने लगे. मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगे. कहने लगे कि हरामखोर छोटी जाति के मुईयां मुसहर, हरिजन को मुहल्ले में रहने नहीं देंगे. यह घर जमींदोज करवा देंगे. इसके बाद अपने परिवार के लोगों को खबर करवा कर बुलवाए और वहीं के कुछ लोग मिलकर हमें मुक्त कराये. हम दोनों भाई बहुत मुश्किल से अपनी जान बचा कर वहां से निकल पाए. पुलिस आरोप की जांच पड़ताल कर रही है.

भौंरा कोलियरी वर्कशाप में अपराधियों का धावा, 50 फीट केबल लूटा अपराधी

शुभम संदेश। झरिया

मंगलवार की देर रात 30 से 35 की संख्या में अपराधियों ने एकीकृत भौरा कोलियरी के 29/30 वर्कशॉप में धावा बोलकर करीब 50 फीट केबल की लूटपाट की. अपराधी हथियारों से लैस थे. लुटेरों ने सबसे पहले वहां ड्यूटी पर तैनात तीन सुरक्षा प्रहरियों को बंधक बनाकर उसे एक कमरे में बन्द कर दिया. साथ ही धमकी दी कि अगर शोर मचाया, तो गोली मारकर हत्या कर देंगे. इसके बाद वर्कशॉप के पीछे मेन लाइन से करीब 50 फीट केबल काट लिया. केबल कटने से पूरे वर्कशॉप,12 नंबर ,कोलियरी ऑफिस सहित आसपास का क्षेत्र अंधेरे में डूब गया. सुरक्षा इंचार्ज शमशेर आलम ने भौंरा ओपी पुलिस को घटना की सूचना दी. पुलिस का गश्ती दल मौके पर पहुंच कर सभी गार्डों को बाहर निकाला. पुलिस अधिकारियों ने बार-बार चोरी की घटना होने पर गार्डों को जमकर फटकार लगायी. वहीं कोलियरी के प्रबंधक अमित कुमार ने घटना की लिखित सूचना भौंरा ओपी को दे दी है. उन्होंने कहा कि 16 सितंबर की देर रात को 35 की संख्या में चोर 29/30 वर्कशॉप आ धमके। ह.रे 3 सुरक्षा गार्डों को बंधक बना लिया. इसके बाद केबल काटकर चलते बने. ज्ञात हो कि एक पखवारा पूर्व बन्द 35 खदान में चोरों ने लाखों की लौह सामग्री चोरी कर ली थी. बन्द 37/38 खदान में अपराधियों ने दो बार ओभरमेन,माइनिंग सरदार सहित अन्य कर्मियों को बंधक बनाकर लाखों का केबल लूटपाट की थी. काली मेला सामुदायिक भवन के पीछे 5 दिन पूर्व लोहा चोरों के दो गुटों के बीच करीब 10 राउंड फायरिंग की घटना हुई थी. बीसीसीएल के सुरक्षा सलाहकार विपुल शुक्ला भौरा पहुंचे. जीएम जेसी राय से घटना की जानकारी ली. घटनास्थल का निरीक्षण किया. कहा कि अगर सीआईएसएफ, आंतरिक सुरक्षा बल व अधिकारी समन्वय बनाकर काम करें,तो चोरी पर रोक लग सकती है.

टुंडी: केबल लूटकांड में तीन गिरफ्तार कई आरोपी फरार

टुंडी। झरिया के तिसरा और टुंडी के मनियाडीह थाना पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर केबल लूटकांड मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई जांताखूंटी पंचायत के फतेहपुर और दलुगौड़ा गांव में की गई. सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने पहले फतेहपुर गांव में दबिश देकर बाबुजान मुर्मू को पकड़ा. इसके बाद दलुगौड़ा गांव से रविलाल मुर्मू और साहुल मुर्मू को हिरासत में लिया गया. पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई केबल का कुछ हिस्सा भी बरामद किया है. यह मामला 14 सितंबर को तिसरा स्थित बीसीसीएल स्टाफ रूम में हुई लूट से जुड़ा है, जहां बदमाशों ने कर्मियों को बंधक बनाकर मारपीट की थी और बड़ी मात्रा में केबल लूट ले गए थे. घटना की पूरी गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिससे पुलिस को सुराग मिला. जांच में सामने आया है कि इस लूटकांड का मास्टरमाइंड नरेश मुर्मू है, जो दलुगौड़ा गांव का निवासी है. अन्य फरार आरोपियों में रोहन हेम्ब्रम (चैनपुर), सोबरन मुर्मू (झिलिमटांड) और मोनोलाल मुर्मू (दलुगौड़ा) शामिल हैं. पुलिस इनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है.

डीआरएम ने किया स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

खास बात

- स्वच्छता ही सेवा थीम : स्वच्छता की भागीदारी

शुभम संदेश। धनबाद

स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत बुधवार को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय रेल द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के प्रथम दिन स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान का शुभारंभ धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम, मंडल रेल प्रबंधक महोदय के नेतृत्व में मंडल रेल कार्यालय में पूर्वाह्न 10:00 बजे डीआरएम, सभी शाखा पदाधिकारी, कर्मचारियों एवं स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता शपथ ली. इसी क्रम में, अपराह्न 4 बजे धनबाद स्टेशन के पोर्टिको क्षेत्र तथा धनबाद (प्लेटफॉर्म संख्या-01) पर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. इसकी थीम स्वच्छता की भागीदारी के तहत कचरे का निपटान एवं डस्टबिन का प्रयोग करने के लिए यात्रियों को जागरूक किया गया तथा स्वच्छता को अपने स्वभाव व संस्कार में सम्मिलित करने तथा जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया गया. इसी अनुरूप, धनबाद मंडल के लगभग 150 स्टेशनों, कोचिंग डिपो और रेलवे के अन्य परिसरों में भी वर्कशॉप और प्रशिक्षण के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इनके तहत स्वच्छता शपथ के अलावा यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया. साथ ही, वर्कशॉप और प्रशिक्षण के माध्यम से ऑन-बोर्ड स्टाफ को "स्वच्छता ही सेवा" के ध्येय को समझाया गया ताकि वे ट्रेन में सवार यात्रियों को जागरूक करें और ट्रेन की स्वच्छता बनाए रखने में भारतीय रेल के इस अभियान में अपना योगदान दे सकें.

मुराईडीह कॉलोनी में पूजा को ले चला सफाई अभियान, वर्षों की गंदगी का सफाया

बरोरा। मुराईडीह कॉलोनी (उपर साइड) में दुर्गा पूजा की तैयारियों के तहत स्थानीय निवासियों और समाजसेवियों ने एक सराहनीय सफाई अभियान चलाया. वर्षों से जमा गंदगी और जलजमाव की समस्या को देखते हुए सुरेश साव, देवानंद राजभर, रंधीर झा, सुरेश चौहान और हिरा लाल साव के नेतृत्व में चंदा जुटाकर जेसीबी मशीन से सफाई कार्य कराया गया. गंदगी के कारण नालियों का मुंह बंद हो गया था, जिससे जलनिकासी की समस्या और स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो रहा था. अभियान के तहत नालियों की सफाई कर पानी निकासी को सुचारू किया गया. स्थानीय निवासी सुरेश साव ने बताया कि कॉलोनी में पिछले 40 वर्षों से दुर्गा पूजा होती आ रही है. इस बार स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सभी ने मिलकर पहल की. इस अभियान से न केवल पूजा पंडाल क्षेत्र स्वच्छ हुआ है, बल्कि कॉलोनीवासियों को भी बड़ी राहत मिली है. लोगों ने इसे स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप बताते हुए अन्य मोहल्लों में भी ऐसे प्रयासों की जरूरत जताई. नवरात्रि को उत्साहपूर्ण बनाने की दिशा में युवाओं का यह एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है.

▼ न्यूज अपडेट

बुढ़ी मां और अंधे बेटे का दीक्षा महिला मंडल ने किया सहयोग

झरिया। पूर्वी झरिया क्षेत्र के दीक्षा महिला मंडल आकांक्षा महिला समिति की ओर से भौंरा क्षेत्रीय कार्यालय के समीप रहने वाले गरीब मां-बेटे को समिति के द्वारा दो महीना का राशन दिया गया. आकांक्षा महिला समिति की अध्यक्ष क्षेत्र के जीएम जेसी राय की धर्मपत्नी राजश्री राय ने कहा कि लतिका देवी उम्र करीब 60 वर्ष उसका अंधा बेटा सूरत मोदक की स्थिति को देखते हुए समिति ने उन्हें अपने तरफ से आर्थिक सहयोग करने का बीड़ा उठाया. इस उम्र में अपने अंधे बेटे को लेकर किसी तरह से अपना गुजर बसर कर रहे हैं, यह काफी बड़ी बात है. अगर हम लोगों के बीच के कुछ लोग आगे बढ़कर उनकी मदद करें तो ऐसे लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी. सबसे बड़ी पूजा इन गरीबों को मदद करने से होती है इस अंधे बेटे को लेकर दिनभर घूम-घूम कर किसी तरह से यह दोनों अपना गुजर बसर कर रहे हैं. हमारी समिति हर गरीब को मदद करने के लिए अपने तरफ से तैयार रहते हैं. इस अवसर पर पुष्प लता, पायल कुमारी, भारती कुमारी, अंतरा, आराधना आदि समिति के सदस्य थे.

महुदा में विश्वकर्मा पूजा की धूम

महुदा। भगवान विश्वकर्मा, जिन्हें देव शिल्पी और निर्माण के देवता के रूप में पूजा जाता है, की पूजा बुधवार को महुदा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बने पूजा पंडालों में पूरे विधि-विधान और धूमधाम से की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से तेलमोचो में जिला परिषद सदस्य आशा देवी और ग्रामीण एकता मंच के संयोजक राजू महतो, दामोदरम हॉस्पिटल भुरुंगिया में चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए। विश्वकर्मा पूजा की पूर्व संध्या से ही लोग अपने वाहनों की साफ-सफाई और सजावट में जुटे रहे, जो बुधवार सुबह तक जारी रहा। कई स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल सजाए गए, जहां भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा के लिए प्रसाद, मिठाई, पूजन सामग्री, सजावट का सामान और फूलों की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इसके अलावा, आटा चक्की, कंप्यूटर, मोबाइल, साइकिल, मोटरसाइकिल की दुकानों, मोटर गैरेज, पेट्रोल पंप सहित विभिन्न मशीनरी से जुड़े स्थानों पर भी पूजा का आयोजन किया गया।

अवैध कोयला मुहाने की हुई भराई

मधुबन। खरखरी ओपी अंतर्गत बीसीसीएल ऐरिया 1 पडुवा भिट्ठा काली मंदीर के समीप गुरुवार की सुबह गुप्त सुचना के अधार पर बीसीसीएल और सीआईएसफ की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाई की. अवैध कारोबारियों के द्वारा बन्द पड़े खदान के मुहाने को अवैध रूप से खोलकर बड़े पैमाने पर उत्खनन का कार्य शुरू किया गया है. एएमपी कोलियरी के नोडल ऑफिसर नवल किशोर ने बताया कि वरीय वरीय अधिकारी के निर्देश पर अवैध मुहानों की भराई की गई. क्षेत्र में कहीं भी अवैध माइंस चलने की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से भराई की जाएगी. उक्त स्थल पर प्रबंधक के द्वारा की गई इस कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है. छापेमारी के दौरान बीसीसीएल के नोडल अधिकारी नवल किशोर, खरखरी ओपी पुलिस एव सीआईएसफ की टीम मौजूद थे.

▼ पेज तीन का शेष

चार एमवीआई अधिकारियों के खिलाफ आसनसोल अदालत में....

अधिवक्ता ने एमवीआई अधिकारियों के खिलाफ आरोप लगाया है कि वे 27 जुलाई को सुबह करीबन दस बजे कुलटी थाना अंतर्गत रामपुर स्थित चौरंगी चेकपोस्ट पर एमवीआई अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई आरजे 02जीसी- 6617 संख्या की एक ट्रक की पैरवी करने ट्रक मालिक के बुलावे पर 29 जुलाई 2025 को सुबह करीबन दस बजे गए थे. जहां अधिवक्ता ने एमवीआई अधिकारियों से पिछले तीन दिनों से ट्रक पकड़कर रखने की पहले वजह पूछी. इसके बाद एमवीआई अधिकारियों ने अधिवक्ता से कहा की ट्रक ओवर लोडिंग है, इसलिये उस ट्रक को पकड़ रखा है. जिसका फाईन एमवीआई अधिकारियों ने कुल तीस हजार रुपए बताए, जबकि ट्रक अंडर लोडिंग थी. संबंधति कागजात भी अधिवक्ता को ट्रक मालिक ने उपलब्ध करवा दी थी. जिसके बिना पर अधिवक्ता ने एमवीआई अधिकारियों को कहा कि उनके द्वारा ओवर लोडिंग की लगाई गई फाईन को भरने के लिये तैयार हैं, पर अगर ट्रक अंडर लोडिंग हुई तो क्या वह ट्रक को ओवर लोड कर देंगे, जिसका वह फाईन भर रहे हैं. अधिवक्ता की इस बात पर एमवीआई अधिकारी भड़क गए और अधिवक्ता के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल और धक्का-मुक्की करने लगे. उन्हें दलाल बोलकर यह भी कह डाला की उसके जैसे वकील उन्होंने बहुत देखे हैं, जाओ -जाओ जो करना है कर लो. ऐसा कहकर कार्यालय से धक्के मारकर भगा दिया. इसके बाद अधिवक्ता ने अपने ऊपर हुई घटना की जानकारी अपने अन्य अधिवक्ता साथियों से बताई. तब सभी अधिवक्ताओं ने एमवीआई अधिकारियों द्वारा उनके अपने कार्यालय मे अधिवक्ता के साथ कि गए अभद्र व्यवहार और धक्का-मुक्की सहित दादागिरी करने के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक लिखित शिकायत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, परिवहन मंत्री, पश्चिम बर्धमान जिलाशासक सहित आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर को की. एमवीआई अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब अधिवक्ताओं ने न्याय के लिये आसनसोल अदालत का दरवाजा खटखटाया. अधिवक्ता बीरेंद्र कुमार सिंह और संजय पांडे ने न्यायालय पर भरोसा जताते हुए उचित जांच कर न्याय की मांग की.

बिना वजह बाहरी राज्यों से आने वाली ट्रकों को पकड़कर उनपर गलत तरीके से आरोप लगाकर उनसे फाइन के नाम पर पैसे वसूलना कोई नई बात नहीं है. इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं, जो मामले न्यायालय जाने से पहले ही अंडर टेबल सुलझ या फिर सुलझा लिये जाते हैं, ऐसा इसलिये की कोई भी ट्रक मालिक किसी भी प्रकार की केस-मुकदमे में फंसना नहीं चाहता, क्योंकि उनका ट्रक अक्सर इसी रूट से आना -जाना करता है, वह डरते हैं कि अगर उन्होंने अधिकारीयों के खिलाफ कोई कदम उठाया तो आने वाले समय मे उनके लिये कोई बड़ी मुसीबत ना बन जाए. इसलिये वह जानबुझकर एमवीआई अधिकारियों की दादागिरी सहते हैं और उनके द्वारा गलत तरीके से लगाए गए जबरन फाइन को भर देते हैं. आसनसोल के अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए इस कदम से कई ट्रक मालिक खुश हैं और वह अधिवक्ता को न्यालय द्वारा जल्द से जल्द न्याय मिलने की राह तक रहे हैं

न्यूज अपडेट

शेख हसीना व परिवार के नौ सदस्य चुनाव में नहीं कर पाएंगे मतदान

ढाका (बांग्लादेश) । देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के नौ सदस्य अगले साल फरवरी में होने वाले संसदीय चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे. बांग्लादेश निर्वाचन आयोग ने इन सभी के राष्ट्रीय पहचान पत्रों (एनआईडी) को ब्लॉक कर दिया है. तुर्किये के सार्वजनिक प्रसारक टीआरटी वर्ल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, आयोग के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि फरवरी में होने वाले अगले संसदीय चुनाव में देश के अंदर और बाहर दोनों जगह मतदान होगा. विदेश में रहने वाले लोग पहली बार ऑनलाइन पंजीकरण कराएंगे और डाक सुविधा के जरिए वोट डालेंगे.

चेन्नई में पांच ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी जारी

चेन्नई । प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने गुरुवार को चेन्नई में पांच से ज़्यादा जगहों पर छापेमारी की है. इनमें एक निर्माण कंपनी के मालिक और एक आभूषणों के कारोबारी से जुड़े पांच ठिकानों पर यह कार्रवाई चल रही है. अवैध धन हस्तांतरण के आरोपों को लेकर यह छापेमारी की जा रही है. बताया जा रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी गुरुवार सुबह से चेन्नई के सैदापेट और पुरासैवक्कम समेत पाँच से ज़्यादा जगहों पर छापेमारी कर रहे हैं. चेन्नई के सैदापेट स्थित श्रीनगर कॉलोनी में रहने वाले व्यवसायी रामकृष्णन रेड्डी एक निर्माण कंपनी के मालिक हैं. प्रवर्तन विभाग के अधिकारी सुबह से ही सीआरपीएफ जवानों की सुरक्षा में उनके घर पर छापेमारी कर रहे हैं. इसी तरह, प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी चेन्नई के पुरासैवक्कम इलाके में मोहनलाल खत्री के घर पर भी छापेमारी कर रहे हैं.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मधुभाई कुलकर्णी का निधन

छत्रपति संभाजीनगर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मधुभाई कुलकर्णी का गुरुवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में निधन हो गया. वे 88 वर्ष के थे और उम्रजनित समस्याओं के कारण कुछ समय से अस्पताल में भर्ती थे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजनीति में लाने में कुलकर्णी की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है.संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक कुलकर्णी का जन्म 17 मई 1938 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हुआ था. उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा चिकोडी में हुई. बाल्यकाल से ही उनका संपर्क राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से रहा. वे संघ की शाखाओं में नियमित रूप से भाग लेते थे. उन्होंने 1954 में कोल्हापुर से 10वीं कक्षा पास की और फिर मुंबई में कॉलेज की पढ़ाई के लिए गए.

पश्चिमी नेपाल में 4.6 तीव्रता का भूकंप, नुकसान की सूचना नहीं

काठमांडू। पश्चिमी नेपाल में बुधवार रात 4.6 तीव्रता का भूकंप आया. नेशनल सीस्मोलॉजिकल सेंटर ने बताया कि भूकंप रात 8:26 बजे आया, जिसका केंद्र पूर्वी रुकुम और बागलुंग जिलों की सीमा के पास था. अचानक आए भूकंप ने स्थानीय निवासियों को अपने घरों से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया. आज आए भूकंप का असर लुंबिनी, कर्णाली और गण्डकी प्रांतों के विभिन्न जिलों में व्यापक रूप से महसूस किया गया. अभी तक मानव हताहतों या संपत्ति के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है.

अमेरिका में सैन्य हेलीकॉप्टर लापता हुआ, दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका

वाशिंगटन (अमेरिका) । अमेरिका के वाशिंगटन राज्य के जॉइंट बेस लुईस-मैककॉर्ड के आसपास एक सैन्य हेलीकॉप्टर के लापता होने के बाद दुर्घटना का शिकार होने की आशंका जताई गई है. बुधवार देर रात से सैन्य हेलीकॉप्टर की तलाश शुरू की गई है. सीबीएस न्यूज और एबीसी न्यूज चैनल ने प्रारंभिक खबरों में थर्स्टन काउंटी शेरिफ कार्यालय के हवाले से कहा, समिट लेक क्षेत्र में एक अप्रत्याशित हेलीकॉप्टर दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों को भेजा गया और संभवतः घटनास्थल का पता लगा लिया गया है. कार्यालय ने कहा, हमें सूचित किया गया है कि क्षेत्र में सेना के एक हेलीकॉप्टर से संपर्क टूट गया है और हम सहायता के लिए आवश्यक संसाधनों को तैनात करने के लिए जेबीएलएम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं. इस बारे में कोई जानकारी नहीं है.

महाराष्ट्र के बुलढाणा में ट्रक और कार के बीच टक्कर में 4 की मौत

मुंबई । महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के मलकापुर के पास नेशनल हाइवे पर गुरुवार को तडक़े एक कार और एक ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है. इस घटना की छानबीन मलकापुर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है. इस घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि आज तडक़े भुसावल से मलकापुर की ओर जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर सामने जा रहे ट्रक से टकरा गई. इस घटना में कार चालक साजिद अजीज बागवान और 3 महिलाओं समेत कुल चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. तीनों मृतक महिलाओं की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है.

देहरादून में मृतकों की संख्या हुई 21

चमोली में अतिवृष्टि से बड़ा नुकसान, 10 लोग लापता

एजेंसी । देहरादून

उत्तराखंड में बुधवार रात से लगातार हो रही बारिश कहर बरपा रही है. चमोली जिले के तहसील घाट नंदानगर में अतिवृष्टि से 10 लोगो के लापता होने की सूचना है. बताया जा रहा है कि कुंतरी लगा फाली तोक में 8 और धुरमा में 2 लोग लापता हैं.

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताते हुए राहत एवं बचाव कार्य तेजी करने के निर्देश दिए हैं. इसके अलावा देहरादून, टिहरी में भी नुकसान की सूचना है. सड़क मार्ग जगह-जगह बंद हैं. चमोली जिले के ग्राम कुंतरी लगा फाली तोक में कुंवर सिंह पुत्र बलवंत सिंह (42), कांता देवी पत्नी कुंवर सिंह (38), विकास और विशाल पुत्र कुंवर सिंह (दोनों 10 वर्ष के), नरेन्द्र सिंह पुत्र ताल सिंह (40), जगदम्बा प्रसाद पुत्र ख्याली राम (70), भागा देवी पत्नी जगदम्बा प्रसाद (65) व देवेश्वरी देवी पत्नी दिलबर सिंह (65), तहसील घाट नंदानगर के गांव धुरमा में गुमान सिंह पुत्र चन्द्र सिंह (75) और ममता देवी पत्नी विक्रम सिंह (38) लापता बताए जा रहे हैं. कुंतरी लगा फाली तोकमें छह भवन पूर्ण छतिग्रस्त हुए है. प्रशासन ने सूची जारी करने साथ ही राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को यह जानकारी दी है. एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमें मोटे पर राहत एवं बचाव में जुटे गई हैं.

देहरादून जिले में चार और शव मिले : देहरादून जिले में सोमवार रात से बारिश लगातार जारी है. बुधवार देर रात राज्य आपदा प्राधिकरण ने जानकारी दी कि राहत एवं बचाव टीमों को चार अज्ञात शव बरामद हुए हैं. सौडा में एक, गुलरघाटी में एक, विकासनगर में एक व एक अन्य शव बरामद हुआ है. मृतकों की कुल संख्या 21 हो चुकी है. 17 लोग अभी भी लापता हैं. एनडीआरएफ एसडीआरएफ व जिला प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव लगातार कार्य कर रही हैं.

टिहरी में कई योजनाओं को नुकसान बारिश से टिहरी जिले में जौनपुर, नरेन्द्र नगर विकास खंड में बारिश से बहुत नुकसान हुआ है. बारिश टिहरी जिले को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 34, राज्य मार्ग संपर्क मार्गो को भारी नुकसान हुआ है. जगह पेयजल लाइन, पेयजल पंपिंग योजना और मछली के तालाब भी क्षतिग्रस्त हुए है.

जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं. जिले में ऋषिकेश-चम्बा मोटर मार्ग, यमुनापुल-बड़कोट मोटर मार्ग, नरेंद्रनगर-रानीपोखरी मोटर मार्ग व रायपुर - कुमालड़ा - कददुखाल मोटर मार्ग अवरुद्ध होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. बागेश्वर में वाहन दुर्घटना बताया जा रहा है कि बागेश्वर जिले में एक वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि दो लोग घायल हैं. आज सुबह घटना की सूचना टीम मौके की ओर रवाना हो गई है.

भारत की आर्थिक स्थिति सकारात्मक निवेश में सावधानी बरतें : डॉ. नागेश्वरन

कोलकाता । भारत की व्यापक आर्थिक स्थिति सकारात्मक है, लेकिन सार्वजनिक निवेश में सावधानी बरतनी होगी. क्षमता को ध्यान में रखे बिना अति-निवेश से बचना चाहिए. हालिया प्रत्यक्ष कर राहत और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को दिए जाने वाले ऋण में करीब 18 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है. यह बातें भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंथा नागेश्वरन गुरुवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भारत चेम्बर ऑफ कॉमर्स की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर बोल रहे थे. इस दौरानउन्होंने देश की अर्थव्यवस्था की उपलब्धियों और चुनौतियों पर विस्तृत आकलन प्रस्तुत किया. इस समारोह का विषय 'इंडियाः द मेकिंग ऑफ ए मिरेकल' था. उन्होंने डिजिटल भुगतान प्रणाली, विशेषकर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को आतिथ्य क्षेत्र की तेज वृद्धि में अहम कारक बताया. साथ ही, उन्होंने शहरी उपभोग को कमजोर बताने वाले दावों को "भ्रम" करार दिया और कहा कि यह धारणा चुनिंदा आंकड़ों पर आधारित है.

आधारहीन आरोप लगाना राहुल की आदतः ठाकुर

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तंज कसा है. भाजपा ने कहा कि 'हाइड्रोजन बम' फोड़ने वाले थे, लेकिन सिर्फ फुलझड़ी से ही काम चलाना पड़ा है ओर वो भी फुस्स हो गयी. आधारहीन आरोप लगाना इनकी आदत बन गई है. राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्होंने (राहुल) आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है. उन्होंने कहा कि चुनाव दर चुनाव हार और जनता से नकार दिए जाने वाले एक नेता, जिनके नेतृत्व में करीब 90 चुनाव कांग्रेस हार चुकी है. उनकी हताशा-निराशा लगातार बढ़ती जा रही है और आरोपों की राजनीति को राहुल ने अपना आभूषण बना लिया है. उन्होंने कहा कि जब इनके द्वारा लगाए गए आरोपों को सत्यापित करने के लिए कहा जाता है तो पीठ दिखाकर भाग जाते हैं, शपथ पत्र देने को कहा जाता है तो मुकर जाते हैं. आधारहीन आरोप लगाना इनकी आदत बन गई है.

ठाकुर ने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा है कि ऑनलाइन किसी भी वोट को नहीं काटा जा सकता है और बगैर किसी की बात सुने उसका वोट नहीं काटते, उस पर निर्णय नहीं करते. राहुल का आरोप है कि 2023 में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम काटने के असफल प्रयास किए गए. इस पर चुनाव आयोग ने ही एफ आई आर करने को कहा था. चुनाव आयोग ने मोबाइल नंबर और आईपी एड्रेस पहले ही उपलब्ध करा दिया है. इतना सब करने के बाद कांग्रेस शासित कर्नाटक की सी आई डी ने अब तक क्या किया? रिकॉर्ड के अनुसार, आलंद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार ने ही जीत दर्ज की थी. तो क्या कांग्रेस ने वोट चोरी करके जीता था? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि हम लोकतंत्र बचाने नहीं आए तो क्या लोकतंत्र को बर्बाद करने की तैयारी है? भाजपा नेता ने कहा कि बार-बार संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव आयोग पर गलत व निराधार आरोप लगाना, कभी वीवीपैट पर, कभी ईवीएम पर, तो कभी चुनावी नतीजों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना, कभी टूलकिट के सहारे भारत की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना क्या यह कांग्रेस की आदत बन चुकी है?

भारतीय रेल विशेष अभियान 5.0 के सफल क्रियान्वयन के लिए है तैयार

नई दिल्ली । भारतीय रेल ने स्वच्छता को संस्थागत रूप देने और लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान 5.0 के सफल क्रियान्वयन की पूरी तैयारी कर ली है. यह अभियान 15 सितंबर से प्रारंभ हुआ है, जिसके तहत 2 से 31 अक्टूबर तक लक्ष्यों को पूरा किया जाएगा. रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैयारियों की गहन निगरानी कर रहे हैं. सभी महाप्रबंधकों एवं अन्य इकाइयों के प्रमुखों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं. अभियान की तैयारियों को लेकर 27 अगस्त को रेलवे बोर्ड सचिव की अध्यक्षता में सभी नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई थी. मंत्रालय के अनुसार, विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 17 जोनल रेलवे, 70 मंडल, 10 सार्वजनिक उपक्रम, 9 उत्पादन इकाइयां और 9 केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान सक्रिय भागीदारी करेंगे. इसके लिए 150 से अधिक नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं तथा रियल टाइम संवाद और अपडेट के लिए एक विशेष व्हाट्सएप समूह भी बनाया गया है.

हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को सेबी ने दी क्लीन चिट, केस क्लोज

एजेंसी । नई दिल्ली

हिंडनबर्ग मामले में अडानी समूह और ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को बड़ी राहत मिली है। बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को अडानी समूह और उसके चेयरमैन गौतम अडानी को अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए मामले में क्लीन चिट देते हुए आरोपों से मुक्त कर दिया।

सेबी की जांच में कोई आरोप साबित नहीं हुए

सेबी की जांच में गौतम अडानी और अडानी ग्रुप पर लगे आरोप साबित नहीं हुए। अडानी ग्रुप पर लेनदेन को छिपाने के लिए तीन संस्थाओं के माध्यम से धन भेजने का आरोप लगाया गया था। दो अलग-अलग आदेशों में सेबी ने कोई उल्लंघन नहीं पाया। सेबी ने यह भी कहा कि ऋण ब्याज सहित चुकाए गए थे। कोई धनराशि गबन नहीं की गई थी और इसलिए कोई धोखाधड़ी नहीं हुआ था। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि अडानी पोर्ट्स ने आदिकॉर्प एंटरप्राइजेज को धनराशि हस्तांतरित की थी, जिसने अडानी पावर को ऋण के रूप में धनराशि प्रदान की थी। हालांकि, अडानी पावर ने आदिकॉर्प एंटरप्राइजेज को ऋण चुका दिया था।

पाक-सऊदी अरब के रक्षा समझौते के प्रभावों को परखेगा भारत

नई दिल्ली । भारत सरकार का कहना है कि पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रणनीतिक रक्षा समझौते का राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों और इसके क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले असर का अध्ययन किया जाएगा. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय हितों और सभी क्षेत्रों से जुड़ी व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. प्रवक्ता ने कहा कि हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर संबंधी खबरें देखी हैं. सरकार को इस बात की जानकारी थी.

सेना प्रमुख ने लिकाबाली सैन्य अड्डे का दौरा करके एलएसी पर देखीं युद्ध की तैयारियां

- सामरिक महत्व सैन्य अभियानों के बारे में जनरल द्विवेदी को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई
- चीन के सैनिकों के साथ 2020 में गलवान घाटी हिंसक संघर्ष के बाद से इस क्षेत्र में 60 हजार से अधिक सैनिकों की तैनाती हुई है

एजेंसी । नई दिल्ली

वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच सैन्य संरचना की युद्ध तत्परता का आकलन करने के लिए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के लिकाबाली सैन्य अड्डे का दौरा किया. सैन्य अधिकारियों ने जनरल द्विवेदी को कई महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी, जिनमें परिचालन रणनीतियां, आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही राष्ट्रीय विकास की पहल शामिल हैं. चीन के सैनिकों के साथ 2020 में गलवान घाटी हिंसक संघर्ष के बाद से इस क्षेत्र में 60 हजार से अधिक सैनिकों की तैनाती है. इसके साथ ही विवादित मैकमोहन रेखा के पास स्थित अरुणाचल प्रदेश का सामरिक महत्व सैन्य अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है. भारत के 30वें सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद जनरल द्विवेदी की यह यात्रा भारतीय सेना की पूर्वोत्तर सीमाओं पर उच्च स्तर की तत्परता और परिचालन क्षमता का आकलन करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्तमान भू-राजनीतिक परिवेश में यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है.

लंदन यात्रा : विंडसर में ट्रंप की दूसरी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान 150 अरब पाउंड के निवेश का अनावरण

ट्रंप का विंडसर में स्वागत, पार्लियामेंट स्क्वायर में विरोध-प्रदर्शन

एजेंसी । लंदन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ब्रिटेन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान विंडसर कैसल में आयोजित राजकीय भोज में शाही परिवार के साथ शामिल हुए. उनका विंडसर में जोरदार स्वागत किया गया, जबकि हजारों लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्रा का विरोध किया. रात्रिभोज में राजनेता, गणमान्य व्यक्ति और उच्च-प्रोफाइल तकनीकी उद्यमी भी मौजूद रहे. द गार्डियन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार विंडसर में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक दूसरी राजकीय यात्रा के दौरान 150 अरब पाउंड के अमेरिकी निवेश का अनावरण किया गया है. ब्रिटिश सरकार के अनुसार बड़ी अमेरिकी कंपनियों से आने वाले नकदी प्रवाह के परिणामस्वरूप देश भर में लगभग 7,600 रोजगार के अवसर पैदा होंगे. आज ट्रंप के साथ होने वाली उच्चस्तरीय चर्चा से पहले प्रधानमंत्री ने कीर स्टारमर ने इस घोषणा का स्वागत किया.

विंडसर कैसल में ट्रंप के राजकीय भोज में शामिल होने वालों में एप्पल के टिम कुक और ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन प्रमुख हैं. प्रधानमंत्री स्टारमर ने कहा कि ये निवेश ब्रिटेन की आर्थिक मजबूती का प्रमाण हैं और इस बात का एक स्पष्ट संकेत हैं कि हमारा देश खुला, महत्वाकांक्षी और नेतृत्व के लिए तैयार है. नौकरियां, विकास और अवसर- यही मैंने कामकाजी लोगों के लिए वादा किया था. ट्रंप की राजकीय यात्रा ठीक यही सब प्रदान कर रही है.

पेनसिल्वेनिया में हुई गोलीबारी में तीन पुलिस कर्मियों की मौत

वाशिंगटन । अमेरिका के दक्षिणी पेनसिल्वेनिया में बुधवार को हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना उत्तर कोडोरस टाउनशिप में हार रोड के उस क्षेत्र में हुई जो फिलाडेल्फिया से 100 मील पश्चिम में एक ग्रामीण समुदायिक क्षेत्र है. इस बीच पेनसिल्वेनिया राज्य पुलिस के आयुक्त क्रिस्टोफर पेरिस ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अधिकारी एक घरेलू प्रकरण की जांच के लिए घटनास्थल पर गए थे.

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एंटीफा को आतंकी संगठन घोषित किया

वाशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने देश में सक्रिय आंदोलनकारी समूह 'एंटी-फासिस्ट' (एंटीफा) को प्रमुख आतंकवादी संगठन घोषित किया है. उन्होंने यह घोषणा बुधवार को ट्रुथ सोशल के माध्यम से की. इससे पहले सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने अवैध आव्रजन पर की गई कार्रवाई के विरोध में किए गए एंटीफा के आंदोलन की आलोचना की थी. फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने घोषणा में कहा, एंटीफा भयानक है. यह विरोध प्रदर्शन नहीं हैं.

छत्तीसगढ़ के सुकमा का मामला

पुलिस-नक्सलियों में मुठभेड़ इनामी महिला नक्सली ढेर

एजेंसी । सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को मुठभेड़ में 5 लाख की इनामी महिला नक्सली ढेर कर दिया. सुरक्षाबलों को मुठभेड़ स्थल से 315 बोर की रायफल और भारी मात्रा में विस्फोटक सहित नक्सल सामग्री बरामद हुई है. पुलिस अधीक्षक सुकमा ने इसकी पुष्टि की है. पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले के थाना गादीरास क्षेत्रांतर्गत गुफड़ी एवं पेरमापारा के मध्य पश्चिमी क्षेत्र के जंगल की पहाड़ी में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने आज सुबह से ही सर्च ऑपरेशन शुरू किया था. उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान डीआरजी के जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ स्थल को सर्च करने पर एक महिला नक्सली का शव हथियार सहित बरामद हुआ. इसके अलावा बहुत बड़ी संख्या में विस्फोटक आदि सामग्री भी मिली है. उन्होंने बताया कि मारी गई महिला नक्सली 5 लाख इनामी एसीएम कैडर की कबूस्की नुप्पों (मलांगीर एरिया कमेटी) की सदस्य थी. वह 9 मामलों में वांछित थी. इसमें थाना अरनपुर के 7 मामले, थाना कुंआकोंडा का 01 मामला और थाना गादीरास का एक मामला शामिल है .

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.